आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

इंटरनेशनल फिल्म सिटी में बनने वाले फिल्म इंस्टीट्यूट में यूपी...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 29 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 224

www.janexpresslive.com/epaper



हमें आतंकवाद के खिलाफ अपनी रक्षा... 12

**मोदी सरकार के बड़े फैसले:** धान, कपास समेत 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया, ब्याज सहायता योजना जारी रखने का एलान

# किसानों को मिलेगी अब फसलों की अधिक कीमत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए, एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।



### फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी

सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड के लिए की गई है, इसके बाद रागी, कपास और तिल का स्थान आता है।

| फसल | एमएसपी 2024-25 (रू/क्विंटल) | एमएसपी 2025-26 (रू/क्विंटल) | एमएसपी वृद्धि (रू) |
|---|---|---|---|
| धान (सामान्य) | 2,300 | 2,369 | 69 |
| धान (एग्रेड) | 2,320 | 2,389 | 69 |
| ज्वार (हाईब्रिड) | 3,371 | 3,699 | 328 |
| ज्वार (मालदांडी) | 3,421 | 3,749 | 328 |
| बाजरा | 2,625 | 2,775 | 150 |
| रागी | 4,290 | 4,886 | 596 |
| मक्का | 2,225 | 2,400 | 175 |
| तुअर/अरहर | 7,550 | 8,000 | 450 |
| मूंग | 8,682 | 8,768 | 86 |
| उड़द | 7,400 | 7,800 | 400 |
| मूंगफली | 6,783 | 7,263 | 480 |
| सूरजमुखी | 7,280 | 7,721 | 441 |
| सोयाबीन | 4,892 | 5,328 | 436 |
| तिल | 9,267 | 9,846 | 579 |
| रामतिल | 8,717 | 9,537 | 820 |
| कपास (मिडिल स्टेपल) | 7,121 | 7,710 | 589 |
| कपास (लॉन्ग) | 7,521 | 8,110 | 589 |

**क्या है एमएसपी या मिनिमम सपोर्ट प्राइस**

मिनिमम सर्पोट प्राइस यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य वो गारंटीड मूल्य है जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हो। इसके पीछे तर्क यह है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़े। उन्हें न्यूनतम कीमत मिलती रहे। सरकार हर फसल सीजन से पहले सीएसीपी यानी कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेज की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। यदि किसी फसल की बम्पर पैदावार हुई है तो उसकी बाजार में कीमतें कम होती हैं, तब एमएसपी उनके लिए फिक्स एश्योर्ड प्राइस का काम करती है। यह एक तरह से कीमतें गिरने पर किसानों को बचाने वाली बीमा पॉलिसी की तरह काम करती है।

### किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को आगे बढ़ाया

केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को जारी रखने का फैसला किया। ब्याज सब्सिडी योजना को अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इसके लिए जरूरी फंड भी तय कर लिया गया है। ये योजना किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए किसानों को कम ब्याज पर लोन देने के लिए है।

- किसान केसीसी से 3 लाख रुपए तक का लोन 7 प्रतिशत ब्याज पर ले सकते हैं, जिसमें बैंकों को 1.5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलती है।
- जो किसान समय पर लोन चुका देते हैं, उन्हें 3 प्रतिशत तक का प्रोत्साहन मिलता है, यानी उनका ब्याज सिर्फ 4 प्रतिशत रह जाता है।
- पशुपालन या मछली पालन के लिए लोन पर 2 लाख रुपए तक की सीमा पर ये लाभ मिलता है।

### दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी

कैबिनेट ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इसके तहत रतलाम-नागदा के बीच तीसरी और चौथी लाइन डाली जाएगी। वहीं वर्धा- बल्हारशाह चौथी लाइन टाली जाएगी। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपए है और इन्हें 2029-30 तक पूरा किया जाएगा।

### बडवेल-नेल्लोर के बीच फोर-लेन हाईवे को मंजूरी

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में बडवेल-नेल्लोर के बीच 108 किलोमीटर लंबे फोर-लेन हाईवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की लागत 3,653 करोड़ रुपए है। यह हाईवे आंध्र प्रदेश के कृष्णापटनम पोर्ट और नेशनल हाईवे-67 के एक हिस्से को जोड़ने का काम करेगा, जिससे पोर्ट कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यह सड़क तीन प्रमुख इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के नोड्स को भी जोड़ती है- वीसीआईसी (कोप्पर्थी), एचबीआईसी (ओरवाकल) और सीबीआईसी (कृष्णपटनम)।

## जन एक्सप्रेस की धमाकेदार पड़ताल

### भ्रूण हत्या के मामले में अफसरशाही का घिनौना चेहरा बेनकाब

# पीसीपीएनडीटी कानून की कब्र खोद रहा प्रशासन!

- जांच के नाम पर मूकदर्शक बने अधिकारी, निस्तारित बताकर सच्चाई को दफनाने की शर्मनाक साजिश
- प्रशासन के माथे पर शर्म का तमाचा, भ्रूण हत्या में सरकारी मौन, कानूनी तमाशा

**जन एक्सप्रेस। विशेष संवाददाता**

भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय और जघन्य हरकत के मामले में प्रदेश की स्वास्थ्य महकमे की चुप्पी और कायरता अब सहन नहीं की जा सकती। जन एक्सप्रेस की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि एक महिला की कोख में पल रहे जीवन की निर्दय हत्या के बाद भी सरकार और विभाग मौन हैं और पीड़ित को इंसाफ़ देने के बजाय उसे फाइलों की भूलभुलैया में घुमा दिया गया।



**जनता का गुस्सा सरकार जबाव दे!**

लोगों का आक्रोश अब फूट पड़ा है। सोशल मीडिया से लेकर गांव-कस्बों तक ये चर्चा है कि अगर लड़की की कोख में हत्या पर भी सरकार मौन रहेगी, तो फिर इंसाफ़ मिलेगा किसे?

**'पूर्व निस्तारित' की चाल ये जांच है या अपराधियों को बचाने की योजना?**

सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि इतने गंभीर अपराध को स्वास्थ्य विभाग ने पूर्व निस्तारित घोषित कर दिया! मतलब जांच पूरी नहीं, आरोपी न पकड़े गए, पीड़ित को न्याय नहीं मिला लेकिन सरकार को लग रहा है, मामला खत्म हो गया! क्या अब कानून सिर्फ वीआईपी और दलालों के लिए है? आम जनता की कोख को लात मारी जा सकती है?

**22 मई को आया आदेश कार्रवाई का नामोनिशान नहीं!**

ऑनलाइन माध्यम से प्रभारी चिकित्साधिकारी और अधीक्षक को आदेशित किया गया कि मामला गर्भपात से जुड़ा है, अतः जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा की जाए। लेकिन 24 घंटे नहीं, पूरा हफ्ता बीत गया, और एक पत्ता तक नहीं हिला! ना कोई पूछताछ, ना कोई दस्तावेजी कार्रवाई, ना कोई गिरफ्तारी। क्या यह विभाग मौत का सौदा कर रहा है?

**28 मई को शिकायतकर्ता ने उठाई फिर आवाज, दोबारा भेजा गया संदर्भ**

जब पीड़ित ने व्यवस्था के इस गंदे खेल से तंग आकर दोबारा शिकायत दर्ज कराई, तो मामले को फिर से सीएमओ के पास भेजा गया। पर हद तो तब हो गई जब अब तक कोई अनमार्क फाइल भी आगे नहीं बढ़ी यानी सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति, इंसाफ़ से कोई लेना-देना नहीं।

**जन एक्सप्रेस का सवाल**

भ्रूण हत्या पर खामोशी क्यों?

| प्रश्न | उत्तरदायी कौन? |
|---|---|
| जांच में देरी और निष्क्रियता का दोषी कौन? | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? | अधीक्षक और प्रभारी अधिकारी |
| भ्रूण हत्या को निस्तारित घोषित करने का आधार क्या? | पूरी तरह संदिग्ध और शर्मनाक |

**जन एक्सप्रेस की चेतावनी**

**अब बहुत हुआ!**

- हम साफ शब्दों में कहते हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल निलंबित किया जाए।
- पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हो और जांच उच्च न्यायिक समिति को सौंपी जाए।
- 'निस्तारित' कहने वालों के खिलाफ विभागीय मुकदमा चलाया जाए।
- अगर अब भी सरकार चुप रही, तो जन एक्सप्रेस इस मामले को प्रदेशव्यापी अभियान बनाएगा।

**समापन नहीं, संघर्ष की शुरुआत**

ये सिर्फ एक रिपोर्ट नहीं — ये उस मरी हुई बच्ची की चीख है, जो कभी जन्म नहीं ले सकी। ये उस मां की पुकार है, जिसकी कोख से बेटी को जबरन छीना गया। और ये उस सरकार के लिए सवाल है क्या तुम सच में जाग रहे हो या कुर्सी पर बैठे-बैठे जमीर भी मर चुका है?

**पीड़िता की चीख**

**अगर न्याय नहीं मिला, तो आत्मदाह करूंगी!**



इस पूरे मामले में पीड़िता प्रीती ने जन एक्सप्रेस को बताया धीरे-धीरे तीन महीने बीत चुके हैं लेकिन अभी तक मुझे न्याय नहीं मिला। मैंने हर दरवाज़े पर दस्तक दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर हमें न्याय नहीं मिला, तो मैं अपने बच्चों और पति के साथ आत्मदाह करूंगी।

*प्रीती की इस चेतावनी ने पूरे प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है।*

## ऐशबाग ईदगाह में मरकजी चांद कमेटी की ओर से देखा गया चांद, सात जून को बकरीद मनाए जाने का एलान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ सहित पूरे भारत में बकरीद सात जून को मनाई जाएगी। बुधवार को लखनऊ के ऐशबाग स्थिति ईदगाह में मरकजी चांद कमेटी की ओर से चांद देखने के बाद इसकी घोषणा की गई। मौलाना खालिद रशीद ने बताया कि सात जून को बकरीद मनाई जाएगी। ईद उल-अजहा, जिसे आम बोलचाल में बकरीद कहा जाता है, इस्लाम धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो हर साल ईद-उल-फितर के बाद मनाया जाता है।

## आज से खुलेंगे प्रदेश के जू और लायन सफारी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**





लगभग दो सप्ताह के बाद प्रदेश के जू और लायन सफारी बृहस्पतिवार से खुल जाएंगे। प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमुरी ने बताया कि लखनऊ का चिड़ियाघर और इटावा का लायन सफारी बृहस्पतिवार से आम जनता के लिए खोल दिए जाएंगे। ये बर्ड फ्लू के मद्देनजर दो सप्ताह से बंद चल रहे थे। हालांकि, गोरखपुर और कानपुर के चिड़ियाघर अग्रिम आदेशों तक बंद रहेंगे। राजधानी स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान बृहस्पतिवार से दर्शकों व पर्यटकों के लिए खुल रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक-वन्य जीव के आदेश पर यह निर्णय लिया गया है। गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान और कानपुर प्राणि उद्यान में एवियन इंफ्लूएंजा- बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद एहतियात के तौर पर लखनऊ चिड़ियाघर को 27 मई तक के लिए बंद कर दिया गया था। निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह की बंदी के दौरान सभी वन्य जीवों की सघन मॉनीटरिंग की गई। लखनऊ चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू का कोई केस नहीं पाया गया।

## यूपी: जारी हुई प्राइमरी स्कूलों के शिक्षकों की तबादला सूची

### 7374 शिक्षकों का स्थानांतरण, पांच जून तक तैनाती

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तैनात 7374 शिक्षकों को परस्पर तबादले का तोहफा मिला है। बेसिक शिक्षा परिषद ने एक से दूसरे जिले के लिए परस्पर तबादले के लिए योग्य पाए गए शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। साथ ही 29 मई से पांच जून तक इन शिक्षकों को तबादला पाए स्थानों पर कार्यभार ग्रहण कराने व कार्यमुक्त करने का भी निर्देश जारी कर दिया है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले की प्रक्रिया जनवरी से शुरू हुई थी। 19 से 26 मई तक इसके लिए शिक्षकों से ओटीपी शेयर कर जोड़ा बनाने की कवायद पूरी की गई है। इसी क्रम में बुधवार को बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से तबादला पाने वाले 3687 जोड़े यानी 7374 शिक्षकों के परस्पर तबादले का आदेश जारी कर दिया गया। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी की ओर से एक अन्य आदेश जारी कर सभी बीएसए को निर्देश दिया गया है कि नियमानुसार तबादला पाने वाले शिक्षकों को कार्यमुक्त करने व कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही 29 मई से पांच जून के बीच पूरी की जाए। उन्होंने कहा है कि शिक्षकों को उनके परस्पर तबादले के तहत स्कूल से स्कूल में कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। बीएसए इसके पूर्व शिक्षकों के अभिलेखों का भलीभांति परीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा है कि नियमित रूप से कार्यरत शिक्षकों को ही कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाए। जिन शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही चल रही हो, उनको कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण न कराया जाएगा। तबादला प्रक्रिया मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ जिले के अंदर परस्पर तबादले के लिए 29 मई से जोड़ा (पेयर) बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। बेसिक शिक्षा परिषद इसकी प्रक्रिया भी गर्मी की छुट्टी में पूरी की जाएगी।




**परस्पर तबादले के नाम पर ठगी-पैसा लेने का आरोप**

बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से बुधवार को परस्पर तबादले का आदेश जारी कर दिया गया, किंतु शिक्षकों की ओर से इसमें आपस में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। सहारनपुर में एक शिक्षक ने एक अन्य शिक्षक से परस्पर तबादले के लिए 12.20 लाख रुपये लेने और ओटीपी शेयर न करने का आरोप लगाया है। बीएसए सहारनपुर ने इस पर जांच कमेटी बना दी है। वहीं मुजफ्फरनगर में भी शिक्षक के साथ परस्पर तबादले के लिए जोड़ा बनाने में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है।

# धामी कैबिनेट की सराहनीय पहल, देश की पहली 'योग नीति-2025' को दी गई हरी झंडी

- पांच स्थानों पर विकसित होंगे अंतरराष्ट्रीय योग हब ,जागेश्वर, मुक्तेश्वर, व्यास घाटी, टिहरी झील और कोलीढेक झील चयनित
- औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मेगा पॉलिसी-2025 समेत 11 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव डालने वाले निर्णय लिए गए। सबसे उल्लेखनीय फैसला ÷उत्तराखंड योग नीति-2025÷ को मंजूरी देने का रहा, जो देश की पहली आधिकारिक योग नीति है। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश को वैश्विक योग एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।



### योग नीति 2025 के अंतर्गत स्थापित होंगे अंतरराष्ट्रीय योग हब

राज्य सरकार द्वारा चुने गए पांच स्थलों जागेश्वर, मुक्तेश्वर, व्यास घाटी, टिहरी झील और कोलीढेक झील को आधुनिक सुविधाओं से युक्त योग हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इन केंद्रों पर देश-विदेश से आने वाले योग साधकों को आदर्श वातावरण प्रदान करने के लिए अधोसंरचना पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों में प्रस्तावित योग केंद्रों को 50 प्रतिशत तक या अधिकतम 20 लाख की एवं मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम दस लाख की अनुदान सहायता दी जाएगी।

### मेगा पॉलिसी-2025 से उद्योगों को मिलेगा प्रोत्साहन

नई औद्योगिक नीति मेगा पॉलिसी 2025 को मंत्रिमंडल की मंजूरी दी गई है। नीति के अंतर्गत राज्य में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से उद्योगों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है...

- **लार्ज उद्योग:** 50-200 करोड़ निवेश (न्यूनतम 50 रोजगार)
- **अल्ट्रा लार्ज:** 200-500 करोड़ निवेश (न्यूनतम 150 रोजगार)
- **मेगा उद्योग:** 500-1000 करोड़ निवेश (न्यूनतम 300 रोजगार)
- **अल्ट्रा मेगा:** 1000 करोड़ से अधिक निवेश (न्यूनतम 500 रोजगार)



### प्रोक्योरमेंट नीति में संशोधन, स्थानीय ठेकेदारों को मिलेगा अवसर

राज्य सरकार ने प्रोक्योरमेंट नियमावली में संशोधन करते हुए अब 10 करोड़ तक के कार्यों के लिए स्थानीय निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय लिया है (पहले यह सीमा 5 करोड़ थी)। इसके साथ ही पूरी टेंडर प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाएगा ताकि पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिल सके।

### महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक अवसर

सरकार ने निर्णय लिया है कि महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक के कार्य सौंपे जाएंगे। यह कदम स्थानीय उत्पादन व सेवाओं को बढ़ावा देने और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया है।

### कैबिनेट द्वारा लिए गए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

- मिथाइल अल्कोहल को विष घोषित किया गया; विष एवं कब्जा नियमावली में संशोधन।
- लेखाकार एवं लिपिक पदों की नियमावली में संशोधन को मंजूरी।
- चाय विकास विभाग में 11 नए पदों के सृजन को स्वीकृति।

### बड़े मेडिकल कालेजों में तीमारदारों को मिलेगा ठहरने और भोजन का प्रावधान

देहरादून और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेजों में इलाज कराने आए मरीजों के परिजनों के लिए डॉर्मिट्री और सस्ती दरों पर भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस परियोजना के लिए सरकार जमीन उपलब्ध कराएगी और सीएसआर फंड के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जाएगा।

### यूपी: सचिवालय के अनुभाग अधिकारी की 48 साल की उम्र में हार्ट अटैक से मृत्यु

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** सचिवालय में संस्थागत वित्त अनुभाग में अनुभाग अधिकारी पद पर कार्यरत 2013 बैच के पंकज कुमार (48 साल) का बुधवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। शासकीय कार्य के दौरान बुधवार को अचानक उनकी तबीयत खराब हुई, जहां से उन्हें हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सचिवालय कर्मियों ने बताया कि पंकज कुमार कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में चल रही बैठक में शामिल होने गए थे। जहां अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। सचिवालय संघ के अध्यक्ष अर्जुन देव भारती ने बताया कि बैठक में शामिल होने के समय पंकज कुमार को हार्ट अटैक पड़ा था। वह अपने परिवार में पत्नी व दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उनके निधन से पूरे सचिवालय परिवार में शोक की लहर है। वहीं इस घटना के बाद सचिवालय कर्मियों ने बापू भवन स्थित डिस्पेंसरी में ऐसी विपरीत परिस्थितियों में इलाज के लिए बेहतर दवाएं व अन्य व्यवस्था करने की मांग उठाई। इसके लिए उन्होंने सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव अमित घोष से मुलाकात भी की। अर्जुन देव भारती ने कहा कि बृहस्पतिवार को इसके लिए बैठक कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की जाएगी।

# चित्रकूट में ARTO की 'राजधानी एक्सप्रेस' पर ब्रेक कब लगाएंगे योगी? रामराज्य में लूट की पराकाष्ठा!

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

'रामराज्य' की कल्पना को ज़मीन पर उतारने का दावा करने वाली योगी सरकार के लिए चित्रकूट की सड़कों से उठ रही सच्चाई एक करारा तमाचा साबित हो रही है। यहाँ परिवहन विभाग खासकर- ARTO कार्यालय, भ्रष्टाचार का ऐसा गढ़ बन गया है, जहाँ न नियम की कीमत है, न जान की। कानून की चादर ओढ़कर धड़ल्ले 2से लूट का तंत्र चलाया जा रहा है, और जनता पूछ रही है- आख़िर कब गिरेगा योगी जी का बुलडोज़र इस गोरखधंधे पर?









### ARTO की ऑडियो पॉलिटिक्स-सच्चाई की झलक या ब्लैकमेलिंग की नई स्क्रिप्ट?

जैसे ही मीडिया ने सवाल उठाए, ARTO साहब की जेब से एक ऑडियो क्लिप सामने आ गई। लेकिन सवाल ये है- अगर ये क्लिप पहले से थी, तो अब क्यों जारी की गई? क्या ये असली सच्चाई है या एक बचाव की रणनीति?

### बिना नंबर प्लेट के ओवरलोड ट्रक-सड़कों पर मौत की रफ्तार

चित्रकूट में धड़ल्ले से दौड़ रहे बिना नंबर के ओवरलोड डंपर खुलेआम कानून को चुनौती दे रहे हैं। हाल ही में राजापुर में एक दंपति की जान इसी लापरवाही की भेंट चढ़ गई, लेकिन आज भी वही ट्रक, वही रफ्तार, और वही प्रशासनिक खामोशी बनी हुई है।

### बिना परमिट दौड़तीं डग्गामार बसें: किसकी छतरी के नीचे फल-फूल रही मनमानी?

डभौरा से मानिकपुर तक दौड़ रहीं मध्यप्रदेश नंबर की कई बसें वर्षों से बिना किसी वैध परमिट के यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रही हैं। आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन ऋक्षह और प्रशासन की नींद अब तक नहीं टूटी। क्या ये सब ऊपरी संरक्षण के बिना संभव है?

### ARTO ऑफिस या दलाली का अड्डा?

ऋक्षह कार्यालय के बाहर दलालों की भीड़ अब कोई नई बात नहीं। पहचान के बावजूद कार्रवाई ना होना इस बात का इशारा है कि खेल कहीं बहुत ऊपर तक जुड़ा हुआ है। क्या दलालों की जड़ें सीधे ऋक्षह विवेक शुक्ला के दफ्तर के भीतर तक हैं?

### कानून से ऊपर ARTO विवेक शुक्ला?

जिस बेहयाई से ट्रैफिक नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, वह सिर्फ लापरवाही नहीं—बल्कि गहरी मिलीभगत की बू देती है। वर्षों से ऋक्षह प्रशासनिक पद खाली है, और इसी खाली कुर्सी का फायदा उठाकर विवेक शुक्ला ने कार्यालय को %कमाई का हब% बना डाला है।

### पूर्व सांसद भी चिंतित - बोले, 'गति पर लगाम ज़रूरी'

पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र ने कहा कि उन्होंने कई बार बिना नंबर प्लेट की तेज रफ्तार गाड़ियों को लेकर प्रशासन को चेताया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सड़कों पर कैमरे लगाने और स्पीड मॉनिटरिंग पर बल देने की मांग की।

### जनता का सीधा सवाल - 'योगी जी, अब तो कुछ करिए!'

रामराज्य की नींव अगर ऐसी बेलगाम लूट और भ्रष्टाचार पर रखी जा रही है, तो बदलाव की उम्मीद कहाँ से करें? चित्रकूट की जनता अब सीधा सवाल कर रही है — योगी सरकार इस भ्रष्ट व्यवस्था पर आखिर कब कार्रवाई करेगी?

### 'मंथली' का खेल-हर गैरकानूनी गाड़ी के पीछे है एक रेट!

सूत्रों की मानें तो बिना परमिट बसें और बिना नंबर प्लेट वाले ट्रक एक निर्धारित फ्रमंथलीफ्र के दम पर आराम से दौड़ते हैं। ये पैसा कहाँ जा रहा है? कौन है इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड? जवाब देना होगा।

## हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों का गोलमाल

# कदौरा ब्लॉक की 71 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में पारदर्शिता के नाम पर दिखावा

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कदौरा ब्लॉक की 71 ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा हैं। मनरेगा और ग्राम विकास निधि से होने वाले कार्यों के लिए भले तीन कोटेशन लेकर खानापूर्ति की जाती हैं, लेकिन काम सिर्फ चुनिंदा फर्मों को ही मिल रहा हैं। विभागीय वेबसाइट से लेकर पंचायतों के रिकॉर्ड से स्पष्ट हैं कि अधिकतर काम एक ही फर्म या समूह की फर्मों को दिए गए हैं। इसमें ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक व ग्राम विकास अधिकारियों की भूमिका खास है। जानकारों का कहना है कि यह फर्म पहले से ही पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों से मिली होती हैं।

हर कार्य की लागत और हिस्सेदारी पहले से तय होती है और कोटेशन की प्रक्रिया सिर्फ दिखावे के लिए अपनाई जाती है। ग्राम प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों पर उच्च अधिकारियों की मोहर के बाद कार्यदायी संस्था का चयन होता है, ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर निविदा जारी की जाती है, जो कागजों में सिमट कर रह जाती है। अन्य लोगों को विकास कार्यों की भनक तक नहीं लग पाती। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फर्म चयन की प्रक्रिया में पूरी तरह से मनमानी हो रही है। साल 2024.25 में हुए सैकड़ों कार्यों में निर्माण सामग्री की आपूर्ति और उपकरणों की खरीद-फरोख्त में एक ही जैसे नाम बार-बार सामने आ रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि काम बंटवारे में पारदर्शिता की जगह मिलीभगत ने ले ली है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्पष्ट अनियमितताओं के बावजूद ब्लॉक में तैनात बीडीओ अपने फुल कमीशन के चलते चुप्पी साधे बैठा हैं। लोगों का कहना है कि बीडीओ की तानाशाही के चलते ब्लॉक कार्यालय का माहौल बिगड़ गया है। शासन द्वारा संचालित योजनाओं में बीडीओ अपात्रों को लाभ दे रहा है। अपने चहेते लोगों की फर्मों से मैटेरियल सहित अन्य सामग्री लेने के लिए प्रधानों को धमकी देता है।

### कदौरा ब्लॉक में हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों का गोलमाल

उरई। सरकारी योजनाओं के तहत गांव-गांव में हैंडपंप लगाए जाते हैं, लेकिन अब इन हैंडपंपों की मरम्मत और रिबोर में गड़बड़ियों के मामले सामने आ रहे है। कई ग्राम पंचायतों में रिबोर के नाम पर 80 हजार से एक लाख रूपये का खर्च दिखाया जा रहा हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा हैं। जबकि मरम्मत में 2500 सौ से तीन हजार और रिबोर में 40 हजार से कम खर्च आता हैं।

### अफसरों पर सवाल

उरई। ग्रामवासियों का आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारी इस अनियमितता में शामिल हैं। बिना जांच-पड़ताल के फर्जी खर्च के बिलों को मंजूरी दी जा रही हैं। कई मामलों में ऐसे हैंडपंपों का भी रिबोर दिखाया गया है जो ठीक से काम कर रहे थें।

### निजी हैंडपंपों का रिबोर दिखा कर भुगतान कराने की फिराक में रहते है प्रधान

उरई। ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के प्रधान ग्रामीणों के निजी हैंडपंपों में हो रहे काम की चोरी से फोटो खींच कर उनको भुगतान और एमबी के लिए संबंधित सचिव और जेई को भेज कर कहते है कि पानी की किल्लत है और वह रिबोर करा रहे है,ग्रामीणों ने बताया कि कार्य हम लोग स्वयं से कराते है,लेकिन उनके नाम से फर्जी भुगतान कर लिया जाता है। एमबी बनने और भुगतान से पूर्व जिम्मेदारों को स्थलीय जांच करनी चाहिए।

### एक हैंडपंप की मरम्मत में हजारों की चपत

उरई। आमतौर पर एक हैंडपंप की मरम्मत का खर्च दो से ढाई हजार रूपये ही होता है,लेकिन भ्रष्टाचार के कारण यह लागत कई गुना अधिक हो रही हैं। राज्य वित्त से कदौरा ब्लॉक की अधिकतम ग्राम पंचायतों में केवल एक हैंडपंप के रिबोर का खर्च एक लाख रूपये तक बताया गया है। जिसका भुगतान भी किया जा जाता हैं।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव, खंदक में मिली बाइक

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में उरई रोड़ पर ग्राम मनोहरी के समीप सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव और खंदक में बाइक मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंढर थाना क्षेत्र के ग्राम महतवानी निवासी रामभरत जाटव 40 वर्ष पुत्र स्व. ब्रह्मादीन के भतीजे की बारात मंगलवार की रात दिरावटी गई हुई थी। बारात में शामिल होने के लिए रामभरत अकेले ही बाइक से गया हुआ था। बुधवार की सुबह दिरावटी गांव से करीब दो किमी दूरी पर कोंच-उरई रोड स्थित ग्राम मनोहरी पर सड़क किनारे रामभरत मृत अवस्था में पड़ा मिला। जबकि उसकी बाइक पास में ही खंदक में पड़ी थी। सूचना पर पहुंचे सागर चौकी इंचार्ज राजकुमार ने जरूरी जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया और मामले की खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया और वह मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री है और उसके नाम करीब एक एकड़ कृषि भूमि है। साथ ही वह मजदूरी भी करता था। मामले में पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

### संदिग्ध हालत में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के इकलासपुरा के समीप अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा उसकी हत्याकर शव फैंके जाने की आशंका जताई जा रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के इकलासपुरा के पास मंगलवार की सुबह सड़क किनारे 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया था, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। शाम को मोहल्ला श्याम नगर बजरिया निवासी रफीक ने मृतक की पहचान अपने भाई मोहम्मद शफीक उर्फ छिंगे के रूप में की है। बताया कि उसका भाई सुरमा बेचने का काम करता था। वह सोमवार की शाम घर से सुरमा बेचने के लिए निकल गया था। इसके बाद वह शाम को जब घर नहीं पहुंचा, तो उसकी पत्नी खुशबू ने उसका फोन लगाया, तो किसी और ने फोन उठाया और बताया कि कुछ देर में बात करा देंगे, लेकिन सुबह उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। बताया कि मृतक के शरीर में चोंटो के निशान भी हैं। शरीर पर गम्भीर चोटों के निशान होने के कारण परिजनों द्वारा उसकी हत्या कर शव को फंके जाने की आशंका जताई जा रही है।

# सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी ने लिया जगद्गुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय सेना के सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी अपनी धर्मपत्नी के साथ बुधवार को धर्मनगरी स्थित तुलसीपीठ आए। यहां उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही श्री राघव जू सरकार के भी दर्शन किए।



भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी अपनी धर्मपत्नी के साथ धर्मनगरी आकर तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज से मुलाकत कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख को गदा के साथ विजय का आशीर्वाद प्रदान किया। सेना प्रमुख ने तुलसीपीठ स्थित श्री राघव जू सरकार के दर्शन भी किए। सेना प्रमुख के धर्मनगरी आने पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों ने उनके सम्मान में योग प्रदर्शन एवं संगीत की प्रस्तुति दी। जिसे देखकर सेना प्रमुख ने दिव्यांग विद्यार्थियों की सराहना की। इस दौरान सेना प्रमुख ने दिव्यांग विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को किट का भी वितरण किया। साथ ही तुलसी प्रज्ञा चक्षु उच्च माध्यमिक दिव्यांग विद्यालय के विद्यार्थियों को भी उपहार प्रदान किए। जिसे पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखी। इस मौके पर जगद्गुरु के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास समेत तुलसीपीठ आने वाले तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भाकियू ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में किसान समस्याओं को लेकर उपनिबंधक सहकारी समिति कॉपरेटिव कार्यालय पहुंच कर एआर कॉपरेटिव आरके शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलामंत्री अरूण कुमार पाण्डेय ने कहा कि खरीफ की फसलों के बुवाई का समय आ गया है। किसान धान बोने की तैयारी कर रहा है, लेकिन जिले की सभी सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता न होने पर बुवाई में देरी हो रही है। किसानों ने एआर कॉपरेटिव को ज्ञापन देते हुए कहा कि पांच जून तक जिले के सभी समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही वितरण की प्रक्रिया को भी सुचारू कराते हुए किसानों समय रहते खाद उपलब्ध कराई जाए। इस पर एआर कॉपरेटिव ने किसानों को खाद की उपलब्धता के लिए आश्वस्त किया।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर प्रेरणा का जीवंत उदाहरण: जितेन्द्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने जिला पंचायत सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें लोकमाता के द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यों के बारे में चर्चा की गई।

संगोष्ठी में विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर सिंह ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रेरणा का जीवंत उदाहरण है। धर्म और कर्म के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय है। उन्होंने मुगलों की अराजकता के कलंक के टीकों को पोछने और मंदिरों के जीर्णोद्धार करने का अद्वितीय कार्य किया। लोकमाता ने खण्ड-खण्ड में बंटे भारत को अखण्ड करने के लिए भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण किया। राज्य का नेतृत्व, आर्थिक विकास, सांस्कृतिक पुनरूत्थान के अद्वितीय कार्य ही अहिल्याबाई होल्कर को लोकमाता बनाते हैं। उनके चिंतन व कार्य से प्रेरित होकर भाजपा सरकारें कार्य कर रही है। वर्तमान भारत का आर्थिक विकास, सांस्कृतिक गौरव का पुनर्जागरण, सशक्त आत्मनिर्भर राज्य व्यवस्था का निर्धारण लोकमाता के प्रेरणास्पद विचार पर ही आधारित है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत बड़ा है। उनके द्वारा किए गए कार्य के आधार पर ही आज उन्हें पूजा जाता है। लोकमाता अहिल्याबाई एक धर्म परायण महिला थी और नीति व नियमन में राज्य प्रथम के भाव से काम करती थी। जिलापंचायत सदस्य शिवशंकर सिंह ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का पथ धर्म का पथ था। सभी को मिलकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन को जन-जन तक संचारित व प्रसारित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने किया।

## माहवारी स्वच्छता दिवस के तहत किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राजकीय इण्टर कॉलिज बरगढ़ और कल्याण केन्द्र मानिकपुर में बुधवार को विज्ञान फाउंडेशन द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें भाग लेने वाली 340 किशोरियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने किशोरियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक किया।

कहा कि जानकारी के अभाव में महिलाएं माहवारी के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पातीं, जिससे इन्फेक्शन और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बताया कि हर साल 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करना है। परियोजना प्रबंधक आशीष कुमार ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप स्वास्थ्य विभाग और समेकित बाल विकास विभाग की योजनाओं को समुदाय के लोगों तक पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रय का आयोजन किया गया है। खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश ने कहा कि सभी किशोरियों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है, स्वच्छता से ही स्वास्थ्य ठीक रहता हैं। सभी माहवारी आने के पूर्व माहवारी को लेकर प्रबंध जरूर करिए और माहवारी के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट का भी सुरक्षित निपटान करिए ताकि वातावरण साफ सुथरा रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ शेखर वैश्य, डॉ पवन सिंह, डॉ श्रद्धांजलि यादव, अमर कुमार, हारून, रेनू पांडेय आदि ने किशोरियों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर विज्ञान फाउंडेशन के गौरीशंकर, रीना सिंह, रोहिणी, अखिलेश, अशोक, मनीष, प्रदीप, छेदीलाल, राजधर, जयगोपाल, दीपचंद्र, विजेंद्र कुमार सहित आरोहणम यूथ फेडरेशन बरगढ़ और सशक्त यूथ फेडरेशन मानिकपुर के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# जिला कारागार का निरीक्षण कर प्राधिकरण सचिव ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिला कारागार में सचिव ने महिला बैरक का निरीक्षण किया, जहां शौचालय में गन्दगी पायी गयी तथा गीजर से पानी टपकता हुआ पाया गया। जिस पर सचिव ने जेल अधीक्षक को साफ-सफाई, महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों के खान-पान व कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्देशित किया। इसके बाद सचिव ने कारागार में संचालित चिकित्सालय का निरीक्षण किया, जहां 12 बन्दी भर्ती पाए गए। जिसमें तीन टीबी, एक कुष्ठ रोग, छह मानसिक रोग व अन्य दो बन्दी अन्य रोग से ग्रसित पाए गए। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि यदि मानसिक रोगी बंदियों का कोई अधिवक्ता न हो, तो जेल में स्थित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित कराए। सचिव ने चिकित्सालय में मौजूद स्टाक रजिस्टर व वितरण रजिस्टर का भी मिलान किया। जिसमें दवाओं की मात्रा में भिन्नता पायी गयी। इस सम्बन्ध में जेल चिकित्सक को निर्देशित किया कि दवाओं से सम्बन्धित पंजिकाओं में सही से प्रविष्टि करें। इसके बाद जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जेल में निरूद्ध बन्दियों को विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। इस दौरान सचिव ने अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं अधिकार प्राप्त समिति को जिलाकारागार में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानतें हो गयी हैं, लेकिन जमानत नहीं दाखिल कर पा रहे हैं तथा ऐसे बन्दी जिनको न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है, लेकिन अर्थदण्ड जमा करा पाने में अक्षम हैं, को चिन्हित करते हुये उनकी रिहाई के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। सचिव ने जिलाकारागार में स्थित विधिक सहायता केन्द्र का भी निरीक्षण कर अनुरक्षित रजिस्टरों में आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जेल अधीक्षक से कहा कि वह सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आख्या प्रेषित करें। साथ ही विधिक सहायता के लिए चिन्हित बन्दियों के प्रार्थना-पत्र भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर सन्तोष कुमार वर्मा, उपकारापाल रजनीश सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## ग्रीष्मकालीन शिविर के जरिए योगासन और चित्रकला का अभ्यास करें विद्यार्थी: संतोष



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष मिश्रा ने राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी में चल रहे समर कैंप का निरीक्षण किया। समर कैंप के आठवें दिन बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष मिश्रा ने राजकीय हाई स्कूल सेमरिया चरणदासी में समर कैंप के तहत विद्यार्थियों को कराई जा रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को दिए जा रहे योगासन, व्यायाम, चित्रकला आदि के प्रशिक्षण का अवलोकन कर समर कैंप के आयोजन का उद्देश्य व इसके लाभ के बारे में विद्यार्थियों को बताया। साथ ही वर्तमान की चुनौतियों एवं भविष्य के अवसरों पर करियर के प्रति जागरूक रहने के लिए सुझाव दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सनत कुमार द्विवेदी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को समर कैंप की तिथिवार गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर समर कैंप के नोडल शिक्षक अजय कुमार त्रिपाठी, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## ग्रा.प.ए. संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल को किया गया याद

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 38वीं पुण्यतिथि तहसील कार्यालय में मनाई गई।

चित्रकूट धाम मण्डल के उपाध्यक्ष मधुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता करना एक बहुत कठिन कार्य था, ग्राम विकास की समस्याओं को देखते हुए बाबू बालेश्वर लाल ने आठ अगस्त 1982 में पत्रकारिता की कठिन डगर को झेलते हुए उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की स्थापना कर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना का आधार रखा था। उन्होंने जनपद बलिया के गड़वार कस्बे से मुहिम छेड़कर ग्रामों के विकास में एवं ग्रामों में हो रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए गाँव-गाँव में पत्रकारिता का जाल फैलाया था। जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गोस्वामी ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता की डगर अत्यंत कठिन है। कहा कि पत्रकारिता करना दो धारी तलवार के ऊपर चलने जैसा काम है। बाबू बालेश्वर लाल ने पत्रकारिता में उच्च मापदंडों को स्थापित करते हुए कभी भी अपने सिद्धांतों पर समझौता नहीं किया और पत्रकारिता में क्रांति का रंग भर दिया था।

तहसील अध्यक्ष कमलेश कुमार पांडेय ने बाबू बालेश्वर लाल के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पत्रकारों को उनके पद चिन्हों पर चलकर निष्पक्ष व निर्भीकता के साथ समाज के प्रहरी के रूप में पत्रकारिता करनी चाहिए।

इस मौक पर राजकुमार उपाध्याय, बालकृष्ण शर्मा, कमलेश सोनी, शिवपूजन गुप्ता, अनिल सिंह, अभिषेक पांडेय, रामबाबू बाजपेई, महेश पांडेय, दीपक यज्ञिक, सुशील द्विवेदी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### एसपी ने सुनी पुलिस पेंशनर्स की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस कर्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस पेंशनर्स की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कानूनी सहायता व शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी भी दी। एसपी ने बैठक के माध्यम से पुलिस पेंशनर्स के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अजेय कुमार शर्मा, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, एसआई एम केशव शुक्ला सहित पुलिस पेशनर्स आदि मौजूद रहे।

# आपके नाना के सदके में पाया दाना पानी, गौस पिया जिलानी...

- दो रोजा उर्स शुरु, बंदगी के जज्बे से लबरेज रही शायरी

**जन एक्सप्रेस । उरई**



सैयद पदमशाह बाबा के 45 वें उर्स समारोह में मंगलवार की रात हिंदुस्तान के जाने माने शायरों ने बंदगी के जज्बे से लवरेज कलाम सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को इबादत के रंग से सराबोर कर दिया। भोर होने-तक शायरी का सिलसिला चलता रहा और भीड़ है कि आखिरी तक मौके से नहीं टली।

बता दे कि अंबेडकर चौराहा पर स्थित सैयद पदम शाह बाबा दरगाह में दो रोजा उर्स की शुरूआत कल से हुयी। पहले दिन बाहर से आये नामीगिरामी शायरों ने खुदा और रसूल को नजर अपने कलाम से श्रोताओं को रूहानियत के पाक ख्यालों में खो जाने के जज्बे को उभारा। सदारत समाजसेवी असलम कादरी ने की जबकि पीर मुस्ताक अहमद मुशाहिदी मेहमाने खुसूसी रहे। निजामत की जिम्मेदारी सुब्हान उल्लाह कानपुर ने बखूबी निभाई। सबसे पहले बहराइच से आए शायर जिया यजदानी ने इन पंक्तियों में ऊपर वाले के लिये अपने समर्पण का इजहार करते हुये पढ़ा, गौस पिया जिलानी, गौस पिया जिलानी, आपके नाना जान के सदके, पाया दाना पानी।अकील सिद्दीकी मुरादाबादी ने पढ़ा, हर एक दिल का ये नारा है, मदीना कितना प्यारा है। मुस्तफा मुर्तजा अजहरी बरेली ने पढ़ा, नजर को बक्श दो ऐसा असर गरीब नवाज, नजर उठाऊ तो आओ नजर गरीब नवाज। इसके बाद नूर अली नूर कानपुरी ने पढ़ा, मेरा दिल जिगर जिस पर कुर्बान है, मेरी मां मेरी जान है। इसके पहले अमन रजा उरई ने पढ़ा, चाहने वालों का ईमान बने बैठे हैं, यानि इंसान की पहचान बने बैठे हैं, हिन्द वालों मेरे ख्वाजा की करामत देखो, आठ सौ साल से सुल्तान बने बैठे हैं। अरशद रजा वारसी एरच, हाफिज नवाजिस सिकंदरा, वसीम उन्नाव, शबीउद्दीन व दिलशाद रजा उरई ने नात पाक पढ़कर वाहवाही लूटी। संचालन कर रहे कारी सुब्हान उल्लाह कानपुर ने अपने इल्मों हुनर से सारी रात मजमे को नबी की हदीसों के हवाले से बांधे रखा। इस मौके पर अध्यक्ष आरिफ कादरी, मुमताज रहमानी, जमाल छोटे, कृपाशंकर द्विवेदी बच्चू महाराज, इबादत अली, संजू दुबे, रिजवान मास्टर, जुबैर आलम, भूरे शाह, चुन्नू इंडिका, मुन्ना अंसारी, मुन्ना कैसेट, शहादत अली, अरशद कादरी आदि मौजूद रहे।




### पाकिस्तान से सटे राज्यों में आज मॉक ड्रिल...

पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के... पढ़ें पेज 12 पर...

## इंटरनेशनल फिल्म सिटी में बनने वाले फिल्म इंस्टीट्यूट में


# यूपी के युवाओं को मिलेगी वरीयता

### यमुना एक्सप्रेसवे के करीब रहने वाले युवाओं को होगा लाभ, यूपी के अन्य हिस्सों के युवा भी होंगे लाभान्वित

- इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स समेत कई विषयों में मिलेगा प्रशिक्षण
- प्रशिक्षण के बाद इंटरनेशनल फिल्म सिटी में ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने का रास्ता होगा साफ
- पहले चरण में फिल्म सिटी में 3 लाख स्कायर फीट में होगा फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण
- आधुनिक तकनीकों से लैस होगा इंस्टीट्यूट, फिल्मों के प्रीमियर की भी होगी व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में एक अत्याधुनिक फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जो राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इस इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को फिल्म सिटी में ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी 230 एकड़ में पहले चरण के तहत विकसित की जा रही है, जिसमें 1,510 करोड़ रुपये की लागत आएगी।



### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा फिल्म इंस्टीट्यूट

बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। निर्माण के पहले चरण में आगामी तीन साल के अंदर विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण संपन्न होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म इंस्टीट्यूट अपनी तरह का अनोखा होगा। पहले चरण में 3 लाख स्कायर फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स और वीआर लैब होंगे। छात्रों को वास्तविक फिल्म परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान किया जाएगा, साथ ही नवीनतम फिल्म तकनीकों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

### स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता, मिलेंगे रोजगार के अवसर

राजीव अरोड़ा ने कहा कि इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण और रोजगार दोनों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। खास तौर पर यमुना एक्सप्रेसवे और इसके आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को पहली वरीयता मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों के युवा भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि मुंबई से स्टाफ लाने की तुलना में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार देना अधिक किफायती होगा, जिससे फिल्म सिटी में ही स्टूडियो, प्रोडक्शन और अन्य क्षेत्रों में नौकरियां सृजित होंगी।

### व्यापक पाठ्यक्रम और प्रोडक्शन हाउस से साझेदारी

इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्टोरी राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, कैमरा ऑपरेशन, लाइटमैन, स्पॉट ब्वॉय, वीएफएक्स, फैशन और मास कम्युनिकेशन जैसे कोर्सेज उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, फिल्म म्यूजिक से संबंधित प्रशिक्षण और सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। प्रोडक्शन हाउस के साथ साझेदारी के माध्यम से कार्यशालाएं, इंटर्नशिप और गेस्ट लेक्चर्स का आयोजन होगा, जिससे छात्रों को इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीखने का मौका मिलेगा। फिल्म सिटी में फिल्मों के प्रीमियर आयोजित करने की व्यवस्था होगी, ताकि प्रोडक्शन हाउस को अपनी फिल्में लॉन्च करने के लिए अन्य शहरों में भटकना न पड़े। इसके साथ ही, फिल्मों, स्क्रिप्ट्स और अकादमिक सामग्री से युक्त एक समग्र संसाधन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र छात्रों और फिल्म निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा।

### फिल्म महोत्सव और छात्र सहभागिता

इंस्टीट्यूट में फिल्म महोत्सवों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ये आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देंगे, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री में नेटवर्किंग और एक्सपोजर भी प्रदान करेंगे। फिल्म इंस्टीट्यूट के कैंपस में छात्रों के लिए छात्रावास, कैफेटेरिया, स्वास्थ्य केंद्र और मनोरंजन क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ये सुविधाएं छात्रों को एक आरामदायक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेंगी, जहां वे अपनी पढ़ाई और रचनात्मकता पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह फिल्म इंस्टीट्यूट न केवल युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को फिल्म निर्माण और मनोरंजन उद्योग का एक प्रमुख हब भी बनाएगा।



# भंडारे में हज़ारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

- पांडेय ग्रुप ऑफ कम्पनीज ने आयोजित किया विशाल भंडारा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पांडेय ग्रुप ऑफ कम्पनीज के सौजन्य से परिवर्तन चौक पर भव्य भंडारे का आयोजन किया। भंडारे का शुभारंभ आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र %दयालु% ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया, साथ ही उन्होंने प्रसाद भी वितरित किया। इस मौके पर श्री दयालु ने कहा कि भंडारे का आयोजन अत्यंत पुण्य कार्य है और ऐसे आयोजन सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। इस लखन जी की नगरी में ऐसे आयोजन की महत्ता और बढ़ जाती है जहां गंगा जमुनी तहजीब का जीवंत उदाहरण देखने को मिलता है, यहां के वासी निर्विकार भाव से प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने सभी के लिए मंगल की कामना भी की।

वहीं पांडेय ग्रुप ऑफ कंपनी के डायरेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि वर्षो से जेष्ठ में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में हज़ारों लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस आयोजन से आत्मसंतुष्टि मिलती है। हमारा सौभाग्य है कि आज के इस भंडारे का शुभारंभ मा. आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु जी ने किया। उन्होंने ने भंडारे में उपस्थित सभी गणमान्यों का अभिवादन करते हुए सभी के मंगल की कामना की। भंडारा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

# ससुराल छोड़ने के बहाने युवक को बुलाकर जानलेवा हमला पीड़िता बोली, दबंगों से जान का खतरा, न्याय दिलाए शासन




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

माल थाना क्षेत्र के टिकरी कलां गांव में एक युवक के साथ साजिशन मारपीट कर जान से मारने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता धन्नो पत्नी नीरज कहार ने आरोपियों की दबंगई और पुलिस की निष्क्रियता को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

### नदी घाट पर पहले से घात लगाए बैठे थे हमलावर

जमखोनवा पहुंचते ही जैसे ही नीरज घाट के पास पहुंचा, वहां पहले से ही संजय पुत्र छोटन्न समेत तीन अज्ञात हमलावर घात लगाए बैठे थे। नीरज को देखते ही आरोपियों ने उसे घेर लिया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने लात-घूंसों और डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया। हमले में नीरज के सिर, आंख और छाती में गंभीर चोटें आईं। हमला इतना भीषण था कि नीरज मौके पर ही अचेत हो गया।

### जन एक्सप्रेस की अपील

यदि पीड़ित परिवार के आरोप सत्य हैं, तो यह मामला न सिर्फ कानून व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि गांव-देहात में दबंगई और राजनीतिक संरक्षण के चलते आम नागरिक कितना असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रशासन को त्वरित और सख्त कदम उठाते हुए पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय दिलाना चाहिए।

### घटना की शुरुआत, ससुराल छोड़ने के बहाने जाल में फंसाया

पीड़िता के अनुसार, दिनांक 24 मई की शाम लगभग 6:15 बजे गांव बर्दैयां निवासी मनोज पुत्र मनीराम उनके पति नीरज से मिलने आया। उसने कहा कि उसे अपने ससुराल जमखोनवा जाना है और रास्ते में कोई साधन न मिलने की बात कहकर नीरज से उसे छोड़ने की विनती की। नीरज, जो कि मनोज को पहले से जानता था, विश्वास में आ गया और उसे लेकर जमखोनवा की ओर चल पड़ा। लेकिन यह आम यात्रा नहीं थी – यह एक सुनियोजित जाल था।

### पुलिस ने दर्ज की हल्की धाराओं में एफआईआर

धन्नो का आरोप है कि उन्होंने माल थाना पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी, लेकिन पुलिस ने मामले की गंभीरता को दरकिनार करते हुए सामान्य मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। न तो घटनास्थल का उचित निरीक्षण हुआ, न ही अन्य हमलावरों की पहचान के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया।

### मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हो कड़ी कार्रवाई

धन्नो ने उत्तर प्रदेश सरकार, पुलिस महानिदेशक और लखनऊ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सुसंगत धाराओं (जैसे कि हत्या के प्रयास, षड्यंत्र, धमकी आदि) में मामला दर्ज किया जाए और आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

### स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती, हालत नाजुक

परिजनों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर नीरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि सिर में गहरी चोट होने के कारण खतरा टला नहीं है। सीने और आंखों पर भी गंभीर चोटें आई हैं।

### दबंग आरोपी दे रहे धमकियां, परिवार सहमा

पीड़िता ने बताया कि हमलावर दबंग किस्म के लोग हैं और अब लगातार उन्हें धमकियां दी जा रही हैं कि यदि उन्होंने पुलिस या कोर्ट का सहारा लिया, तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। परिवार इस समय दहशत में जी रहा है और बाहर निकलने से भी डर रहा है।

### अचेत हालत में छोड़कर भागे हमलावर

जब हमलावरों को लगा कि नीरज मर चुका है, तो वे मौके से फरार हो गए। कुछ समय बाद नीरज को होश आया और वह किसी तरह से खुद को घसीटते हुए सड़क तक लाया, जहां कुछ राहगीरों की मदद से उसे घर पहुंचाया गया।

# वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के खिलाफ याचिका पर सुनवाई में हंगामा, याचिकाकर्ता और अधिवक्ता पर हमला, कोर्ट में अफरातफरी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ/वृंदावन**

वृंदावन के एक प्रतिष्ठित आश्रम पर कथित अवैध कब्जे और उसमें शामिल भ्रष्ट अधिकारियों व भूमाफियाओं को संरक्षण देने के आरोप में दाखिल याचिका की सुनवाई के दौरान बुधवार को एमपी-एमएलए विशेष अदालत में भारी हंगामा हो गया। इस याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ता कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता रीना सिंह विशेष रूप से दिल्ली से लखनऊ की अदालत में पेश हुईं थीं। सुनवाई के दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब याचिकाकर्ता पक्ष ने आरोप लगाया कि मंत्री खन्ना के समर्थन में उपस्थित सरकारी अधिवक्ता (एपीओ) ने न केवल बहस के दौरान दवाब बनाने की कोशिश की, बल्कि कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए गुंडों के माध्यम से हमला भी करवाया।



### प्रशासन और सुरक्षा पर उठे सवाल

इस हमले ने न्यायपालिका की सुरक्षा और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस विशेष अदालत को विधायकों और सांसदों के मामलों की सुनवाई के लिए स्थापित किया गया था, वहां यदि इस प्रकार की घटनाएं होती हैं, तो यह आम नागरिकों की न्यायपालिका पर आस्था को गहरा आघात पहुँचा सकती हैं।

### याचिकाकर्ता के आरोप: कोर्ट में जानलेवा हमला

कौशल किशोर ठाकुर ने बताया कि जैसे ही उनके अधिवक्ता ने भ्रष्टाचार और मंत्रिपरस्त अधिकारियों के खिलाफ दलीलें रखनी शुरू कीं, तभी सरकारी पक्ष के अधिवक्ता ने न सिर्फ अपशब्द कहे, बल्कि अपने साथ लाए दर्जनों संदिग्ध युवकों को हिंसा के लिए उकसाया। याचिकाकर्ता और उनकी टीम को कोर्ट परिसर से बाहर खदेड़ते हुए हमला किया गया। इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत थाना सदर पुलिस को लिखित रूप में दी गई है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्हें पहले भी मंत्री के कथित गुर्गों द्वारा जान से मारने की धमकियाँ मिल चुकी हैं। यदि न्यायालय परिसर में ही याचिकाकर्ता और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकती, तो आम जनता को न्याय की उम्मीद कैसे होगी? उन्होंने यह सवाल भी उठाया।

### विपक्ष ने भी उठाए सवाल

वहीं राजनीतिक गलियारों में इस घटना की गूंज सुनाई देने लगी है। विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने और विरोधियों को डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। यह घटना न केवल एक व्यक्तिगत हमले की कहानी है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था, प्रशासनिक तटस्थता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहराते संकट की तस्वीर भी पेश करती है। अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तो आने वाले समय में न्यायालय परिसर भी राजनीतिक दबाव और हिंसा से सुरक्षित नहीं रह पाएगा।

### क्या कहती है पुलिस?

इस मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी तक सामने नहीं आई है। न ही यह स्पष्ट है कि मंत्री खन्ना के पक्ष से आए अधिवक्ता और कथित हमलावरों के विरुद्ध कोई प्राथमिकी दर्ज हुई है या नहीं।

## प्रेरणा कैन्टीन के जरिये लखपति बनेगी समूहों की दीदियां: केशव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लखपति दीदी के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में समूहों की दीदियो को नयी- नयी गतिविधियों से जोडने के निर्देश दिये गये हैं। प्रेरणा कैन्टीन महिला स्वावलम्बन व सशक्तिकरण के सरकारी प्रयासों मे यह एक महत्वपूर्ण कडी जुडी हुयी है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित प्रेरणा कैन्टीनो के जरिए समूहों की दीदियों की आमदनी बढ़ाने के प्रयासो को और अधिक धार देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।प्रदेश में प्रेरणा कैंटीन के द्वारा समूह के सदस्यों को आर्थिक आय का एक प्रबल आधार मिल रहा है। समूह की सदस्य रुचि से यह उद्यम कर रही है। समूह की महिलाओ द्वारा प्रदेश मे 1876 से अधिक प्रेरणा कैन्टीन का संचालन किया जा रहा है, जिसमे 832 प्रेरणा कैन्टीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हैं।

# गांव के मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी बीमारी बढ़ने की आशंका




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मलिहाबाद लखनऊ जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है ऐसे में ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है अर्से से गंदा पानी भारत होने से सड़क पर गड्ढे हो गए हैं आए दिन लोग गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बताते चलें कि मलिहाबाद विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जिंदौर में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण दो फुट गहरा गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है सड़क पर जलभराव रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों की माने तो काफी समय से भरे गंदे पानी के कारण अंदर सड़क टूट चुकी है जिससे मोटरसाइकिल और साइकिल चालक आए दिन गंदे पानी में गिरते रहते हैं और लोगों को बाजार तथा नमाजियों को भी निकलने में काफी दिक्कतें हो रही हैं वही काफी दिनों से भरे गंदे पानी के कारण मच्छरों की बाढ़ आ गई जिससे आसपास मच्छर जनित रोग बढ़ गया है ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी आए दिन इसी रास्ते से गुजर रहे हैं पर जल निकासी की व्यवस्था करने के लिए कोई भी प्रयास नहीं कर रहा है ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की परंतु उनकी सुनी नहीं जा रही है जिसके चलते ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों से पुनः मांग की है कि जल निकासी की व्यवस्था की जाए जिससे मुख्य रास्ते पर गन्दगी युक्त जल भराव से ग्रामीणों को मुक्ति मिल सके।

# रुक्मणि देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज का भव्य उद्घाटन सम्पन्न

- बेटियों के भविष्य की नींव रखने वाला ऐतिहासिक क्षण, शिक्षा के नए युग का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध रुक्मणि देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज का उद्घाटन समारोह बुधवार को पूरे क्षेत्र में उत्साह और गौरव का विषय बन गया। बालिकाओं को उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करने वाली इस पहल ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच विशेष उत्साह उत्पन्न किया।

### भव्य समारोह में जुटे विशिष्टजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह पधारे। उन्होंने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा यह महाविद्यालय हमारे समाज के लिए एक गौरवशाली उपलब्धि है। आज हमारी बेटियाँ केवल घर की जिम्मेदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शिक्षा और नेतृत्व की ओर अग्रसर हो रही हैं। यह संस्थान उनके सपनों को दिशा देगा।



### विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

समारोह में विधायक, बक्शी का तालाब योगेश शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामेन्द्र सिंह ने भी शिरकत की। उन्होंने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कॉलेज क्षेत्र के सामाजिक एवं शैक्षिक विकास का आधार बनेगा।

### संस्थान की नींव और उद्देश्य, चेयरमैन ने साझा किया दृष्टिकोण

कॉलेज के चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल ने स्वागत भाषण में कहा इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य बेटियों को न केवल शिक्षा देना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनाना भी है। हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों को भी बढ़ावा देना है। उन्होंने संस्थान की आगामी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जिनमें तकनीकी शिक्षा, रोजगारपरक कोर्स और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम शामिल हैं।

### प्रबंधन की सहभागिता

कॉलेज प्रबंधन के ईश्वर चंद्र अग्रवाल एवं अंशुल अग्रवाल ने संस्थान की स्थापना यात्रा, चुनौतियों और भावी योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज न केवल एक इमारत है, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है।

### समारोह की विशेषताएं

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, संगीत और प्रेरणादायक भाषण शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि छात्राओं की प्रतिभा और आत्मविश्वास को भी दर्शाया।

### कार्यक्रम का संचालन और समापन

कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने अत्यंत संयम और कुशलता से किया। समापन अवसर पर कॉलेज के सचिव चित्रांशु अग्रवाल ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा। हम सब मिलकर इस संस्थान को क्षेत्र का आदर्श महिला महाविद्यालय बनाएंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें शामिल हैं गोमती सिंह, रमेश कुमार अग्रवाल, डॉ. एन.के. सिंह, प्रो. सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, अजय कुमार गर्ग,केशव राम अग्रवाल, विनोद खेतान,सरदार स्वर्ण सिंह, ओम प्रकाश यादव, प्रशांत गर्ग, हर्षित गर्ग, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल एवं अनेक गांवों के ग्राम प्रधान।

### कॉलेज की प्रमुख विशेषताएं

- नवीन भवन एवं अधोसंरचना
- स्मार्ट कक्षाएं
- डिजिटल पुस्तकालय
- विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं
- हरियाली युक्त परिसर और रूफटॉप गार्डन
- विशाल खेल मैदान
- उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा
- लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्धता
- अनुभवी शिक्षकों की टीम
- आधुनिक शिक्षण तकनीक और पाठ्यक्रम
- सुरक्षित, प्रेरक एवं सहयोगात्मक वातावरण
- छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष व्यवस्थाएं
- कैरियर गाइडेंस, मेंटरिंग और मानसिक स्वास्थ्य सहायता
- सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व
- महिला सशक्तिकरण अभियान
- स्वास्थ्य शिविर

### बालिकाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण

यह उद्घाटन समारोह न केवल एक कॉलेज की शुरुआत थी, बल्कि एक सपने को साकार करने का प्रतीक भी रहा। रुक्मणि देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज आने वाले वर्षों में क्षेत्र की बेटियों को शिक्षित, सशक्त और सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

अधूरी भराई बनी संकट...

# चौबीस करोड़ की लागत से बनी सड़क बरसात से पहले ही धंसने लगी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के अंतर्गत सिंहपुर विकास खंड क्षेत्र में हाल ही में 24 करोड़ की लागत से बनी इन्हौना-महाराजगंज मुख्य सड़क अब गड्ढों और धंसी परतों की चपेट में आने लगी है। मार्ग का निर्माण कार्य पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुआ, कि गुणवत्ता पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।स्थानीय लोगों की मानें तो सड़क के किनारों पर मिट्टी की भराई अब तक नहीं की गई है।बरसात के पहले यह कार्य नहीं हुआ तो सड़क का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। कई स्थानों पर अभी से सड़क किनारे कटाव शुरू हो गया है।लोग आशंका जता रहे हैं, कि



यदि समय रहते मरम्मत और भराई नहीं हुई, तो करोड़ों रुपये का नुकसान तय है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान भी गुणवत्ता को लेकर आपत्तियां जताई गई थीं। लेकिन निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग ने अनसुना कर दिया।

अब नतीजा यह है कि नई सड़क की परतें जगह-जगह से बैठने लगी हैं।और हादसों का खतरा मंडरा रहा है। इतनी बड़ी लागत से बनी सड़क अगर पहली बरसात में ही बह जाए तो यह आम जनता की गाढ़ी कमाई का अपब्यय ही तो है। एक स्थानीय निवासियों ने बताया कि जनता ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि तुरंत एक जांच टीम गठित कर गुणवत्ता की जांच की जाए। सड़क के किनारों की भराई का कार्य तत्काल पूरा कराया जाए। और दोषी निर्माण एजेंसी पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# तीन साल से लटक रहा बिजली का खंभा, खतरे के साये में जी रहे हैं ग्रामीण

## ग्राम पंचायत कुटमारा के पूरे पंडित गांव की बड़ी समस्या, बिजली विभाग मौन

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

तिलोई विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटमारा के मजरा पूरे पंडित में पिछले तीन वर्षों से एक क्षतिग्रस्त बिजली का खंभा ग्रामीणों के लिए मुसीबत और भय का कारण बना हुआ है। खंभा बुरी तरह से झुक चुका है। और किसी भी समय गिरने का खतरा बना हुआ है। लेकिन बिजली विभाग की अनदेखी अब तक जारी है। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायतें दीं,लेकिन हर बार कोरे आश्वासन ही मिले।न तो कोई लाइनमैन मौके पर आया,न ही खंभा बदलने या मरम्मत की कोई कार्रवाई हुई। बरसात से पहले डर और गहरा गया। अब जबमानसून नजदीक है, तो स्थिति और भी



चिंताजनक हो गई है। झुका हुआ खंभा तेज हवा या बारिश में कभी भी गिर सकता है। जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। इस खंभे के नीचे से ग्रामीणों, बच्चों और पशुओं का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामवासी रामलखन, राजेंद्र, गीता देवी और अनीता देवी बताती हैं कि हम तीन साल से अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं,लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही। अगर खंभा गिरा और कोई बड़ा हादसा हुआ तो जिम्मेदारी किसकी होगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के कर्मचारी केवल फॉर्मेलिटी निभाते हैं,न कोई स्थायी समाधान मिलता है,और न ही गांवों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाता है। क्या किसी की मौत के बाद ही कार्रवाई होगी ?यह सवाल अब गांववालों के मन में घर कर चुका है। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही खंभे की मरम्मत या परिवर्तन नहीं किया गया, तो वे प्रशासनिक कार्यालयों के सामने प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।साथ ही इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई जाएगी।

# महिला हितों को लेकर सीएमओ और महिला थाना प्रभारी गौरीगंज से समाजसेविका ने की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

समाजसेविका व जिला अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अमेठी कंचन गुप्ता ने बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह और गौरीगंज महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह से मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने महिलाओं से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह और महिला थाना प्रभारी गौरीगंज कंचन सिंह के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की।



उन्होंने महिलाओं के कल्याण के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष के रूप में कंचन गुप्ता ने महिलाओं के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए काम करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज में उचित सम्मान और समर्थन मिलना चाहिए। सीएमओ और महिला थाना प्रभारी ने समाजसेविका को आश्वस्त किया कि महिलाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।इस दिशा में जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे।

कंचन गुप्ता की इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे महिलाओं को अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## रायबरेली में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** रायबरेली के बाबा नगर में ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगल को बाबा श्री शिवाय संकटमोचन धाम में एक महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवनिर्मित मंदिर में दक्षिणमुखी हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

कार्यक्रम में भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन रहा। गोंडा से पधारीं दीपिका मिश्रा और अयोध्या से आए श्रवण सुल्तानपुरी ने भजनों से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने छोला-चावल और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।

राही ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर भी भंडारे का आयोजन हुआ। कई स्थानों पर उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भंडारे का उद्घाटन किया। सदर विधायक अदिति सिंह ने भी कुछ स्थानों पर भंडारे का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊंचाहार विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय थे।

# बीडीओ कार्यालय के भीतर हंगामा, प्रधान प्रतिनिधि ने ठेकेदार को पीटा

## गोशाला और शौचालय निर्माण भुगतान को लेकर विवाद, पुलिस ने दोनों पक्षों को लिया हिरासत में

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के जामों विकास खंड कार्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बरेहटी ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि वकील पांडेय और उनके भाई राहुल पांडेय ने एक ठेकेदार हनुमान मिश्रा और उनके सहयोगी विवेक मिश्रा पर हमला कर दिया।यह घटना खंड विकास अधिकारी विजयंत कुमार की मौजूदगी में हुई। जिससे कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। घटना की शुरुआत गोशाला और शौचालय निर्माण के भुगतान को लेकर हुई बहस से हुई। सप्लायर पक्ष का कहना था कि कार्य का अधिकांश हिस्सा पूरा हो चुका है। ऐसे में आंशिक भुगतान किया जाए। वहीं प्रधान प्रतिनिधि का कहना था कि पूरा कार्य पूरा होने के बाद ही भुगतान



संभव है।बहस बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद कर रहे दोनों पक्ष हाथापाई करते हुए खंड विकास अधिकारी कार्यालय के भीतर पहुंच गए।जिससे प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई।

खंड विकास अधिकारी विजयंत कुमार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे।और दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने ले गए।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है।दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी विजयंत कुमार ने कहा कि दोनों पक्ष कार्यालय परिसर में झगड़ते हुए पहुंचे थे।एक पक्ष ने अपने को प्रधान प्रतिनिधि और दूसरा पक्ष सप्लायर बताया।यह विवाद शौचालय निर्माण के भुगतान को लेकर था।मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस को बुलाया गया।पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया है।

## रायबरेली में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने किया जेल दौरा: किचन और कैदियों के सुधार कार्यों का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला जेल का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिला जज श्री अनुपम शौर्य और जेल अधीक्षक श्री प्रभात सिंह से मुलाकात की। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जेल की रसोई का निरीक्षण किया। साथ ही कैदियों द्वारा बनाए गए मिट्टी के सामानों को भी देखा। अधिकारियों के साथ कैदियों और जेल में आने वाले आगंतुकों से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने कैदियों के सुधार कार्यों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अपर जिला जज अनुपम शौर्य, जेल अधीक्षक प्रभात सिंह और जेलर हिमांशु रौतेला को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सहायता राशि अब 1 लाख: सृष्टि अवस्थी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सृष्टि अवस्थी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शासनादेश में अवक्रमित करते हुए सामूहिक विवाह योजना का क्रियान्वयन किये जाने हेतु शासनादेश द्वारा निर्गत किया गया है। जिसमें धनराशि रू0 51 हजार से बढ़ाकर धनराशि रु0 1 लाख (कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी स्थापना हेतु सहायता राशि रु0 60 हजार वैवाहिक उपहार सामग्री हेतु धनराशि रू0 25 हजार एवं कार्यक्रम आयोजन हेतु रु0 15 हजार) प्रति जोड़ा व्यय किये जाने का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाइन पोर्टल संचालित है। कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों।, कन्या, कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हो।

आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम रू0 3.00 लाख तक होगी। सामूहिक विवाह योजना के पोर्टल पर किये गये आवेदन में विवाह की तिथि को कन्या की आयु 18 या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर की आयु विवाह की तिथि को 21 वर्ष पूर्ण हो गयी हो। कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, परित्यक्ता/तलाकशुदा हो. जिसका कानूनी रूप से विवाह विच्छेद /तलाक हो गया हो एवं का पुनर्विवाह किया जाना हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ आवेदिका, जिसकी शादी की तिथि निर्धारित हो चुकी है। तथा उसके माता पिता/अभिभावक का नाम, पिता/अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की दशा में) व आधार से संबंधित विवरण ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करना होगा। आवेदन विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन किया जाना अनिवार्य होगा।

## बकायेदारों की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 02 को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार मो0 अहमद कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी उतरपारा (बेलाभेला), जगरूप पुत्र रामऔतार निवासी चन्दईरघुनाथपुर, नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रासेहता एवं श्री छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी अनंत मजरे मरदानपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 02 जून 2025 समय प्रातः 10रू00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्तें संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# गरजा बाबा का बुलडोजर, होलिका दहन की जमीन और नाले को कराया गया कब्जा मुक्त

## खसरा संख्या 1950 की भूमि पर वर्षों से था अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

ग्राम पंचायत विराज में लंबे समय से विवादों में रही होलिका दहन की पंजीकृत जमीन को बुधवार को प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई के माध्यम से अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया।यह भूमि खाता संख्या 1950 में पांच विश्वा के होलिका दहन के लिए दर्ज है,जिस पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया गया था।

कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने पास से गुजरने वाले नाले को भी मिट्टी डालकर पाट दिया था। और उसे अपने उपयोग के लिए कब्जे में ले लिया था।नाले का अस्तित्व समाप्त हो जाने से गांव में जल निकासी की भी समस्या उत्पन्न



हो गई थी। एसडीएम तिलोई अमित कुमार सिंह के आदेश पर अतिक्रमण को बुलडोजर के माध्यम से हटवाया गया।ग्राम प्रधान केशव पांडे,हल्का लेखपाल,और अन्य कर्मियों की मौजूदगी में बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जा हटवाया गया। कब्जा हटाने की कार्रवाई गांव के दबंग पप्पू, चांद और बबलू के खिलाफ की गई,जिन्होंने न सिर्फ होलिका दहन स्थल बल्कि पास के नाले पर भी कब्जा जमा रखा था। गांव के निवासी गुलाब सोनी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे और कार्रवाई का समर्थन किया। ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों से होलिका दहन की जमीन पर कब्जा होने से परंपरा बाधित हो रही थी।साथ ही नाले के बंद होने से जलभराव की समस्या गंभीर हो गई थी।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की सार्वजनिक जमीनों की सीमांकन करके नियमित निगरानी की जाए, ताकि दोबारा कोई कब्जा न कर सके।

# ग्रामीण पत्रकारों के रहनुमा थे बाबू बालेश्वर लाल: जिला अध्यक्ष चंद्रेश त्रिवेदी

**जन एक्सप्रेस । लालगंज/रायबरेली**

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 38वीं पुण्यतिथि मंगलवार को जिला कार्यालय लालगंज के डिवाइन लाइट इंग्लिश स्कूल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जहां उपस्थति पत्रकार बंधुओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये संस्थापक के प्रति स्वरांजलि दी।

इस मौके पर उपस्थित कलमकारों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रेश त्रिवेदी ने कहा कि बाबू जी अपने निश्चय के धनी व्यक्ति थे। यदि किसी बात का विरोध कर लेते तो चाहे कुछ भी हो जाय, उससे हारने का नाम नहीं लेते थे और अनीति और अन्याय तो उन्हें किसी भी दशा में पसंद नहीं था। वह अपनी लेखनी के बल पर हमेशा अन्याय, अत्याचार और शोषण की नीति का विरोध करते रहे। ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के गांव जाकर उन्हें संगठन से जुड़ने का आह्वान किया करते थे। वह बहुत भावुक और उदार प्रकृति के व्यक्ति थे। उनकी बातों का असर पत्रकारों पर तुरंत पड़ता था।

इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के समाचार को प्रकाशित करने का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के जिम्मे रहता है।

प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में संवेदनशीलता रहती है। मानव मन में बसी इस संवेदना को स्वाभाविक रूप से उदिप्त करने से सेवा की मानसिकता का निर्माण होता है। वहीं पर्यावरण विद व सेवानिवृत्ति महाविद्यालय भूगोल विभाग के प्रोफेसर महादेव सिंह ने कहा कि बालेश्वर जी कहा करते थे कि उसका व्यवहार ही बड़े महत्व का है। अपने व्यवहार द्वारा असाध्य को साध्य किया जा सकता है। वह तो कार्य में प्राण फूंकने की संजीवनी है। यह हमारे दया भाव से नहीं, कर्तव्य भाव से हो, यही जीवन की दिशा है। युवा पत्रकारों के जिला समिति नेतृत्वकर्ता

अजय सिंह व जीतेन्द्र सविता ने कहा कि बाबू जी एक जुझारू व्यक्तित्व के साथ कर्मठ पत्रकार भी थे। पत्रकारिता क्षेत्र के प्रगति पर गर्व करते हुए उन्होंने पत्रकार की महत्वाकांक्षा का परिणाम बताया है। साथ ही आशा भी व्यक्त किया कि यदि उसकी यही प्रगति निर्बाध गति से जारी रही तो एक न एक दिन ग्रापए भारतवर्ष का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन हो जाएगा। जिला उपाध्यक्ष सचिन तिवारी ने कहा कि व्यक्ति के पास यदि पुरुषार्थ विवेकशीलता, एकाग्रता है तो वह निश्चित ही पत्रकारिता के बगिया को सजाने एवं संवारने में समर्थ हो सकता है। उन्होंने पत्रकारों में राष्ट्र प्रेम भावात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता लोक कल्याण की भावना मानव मूल्यों की स्थापना लेखनी की सत्यता प्रेम की भावना आदि का संदेश दिया है। पत्रकार संगठन की पहली बैठक 8 अगस्त 1982 को उनके आवास गड़वार में उनके आवास पर मात्र 7 पत्रकारों की मौजूदगी में हुई थी।

कार्यक्रम का संचालन संगठन महा मंत्री विवेक तिवारी ने किया। इस अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओ को बाबू बालेश्वर लाल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

## 200 से अधिक ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की की जा रही स्थापना

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि जनपद रायबरेली की 200 से अधिक ग्राम पंचायतों में 4.00 लाख रू0 की लागत से पंचायती राज विभाग द्वारा डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना की जा रही है। इसमें वह ग्राम पंचायतें जिनके पंचायत भवनों में न्यूनतम 02 कमरे एवं 01 हॉल हो उनका चयन किया गया है। लाइब्रेरी का संचालन पंचायत भवन से ही होगा। 17 मार्च, 2025 को निर्गत शासनादेश के अनुसार भारत सरकार वित्त मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा स्कीम ऑफ स्पेशल असिस्टेंट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2023-24 के दिशा निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल एवं किशोर पुस्तकालय (डिजिटल लाइब्रेरी) का सृजन कराया जायेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि राज्य स्तर पर निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना में प्रयुक्त सामग्रियों का विशिष्टीकरण निर्धारित किया जायेगा।

## दस वर्षों से झेल रहे हैं गंदगी और बीमारियों का खतरा

# सरकारी नाली बनी ग्रामीणों के लिए आफत

**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**

तिलोई विकास खंड के वार्ड संख्या दो में हाल ही में बनी सरकारी नाली स्थानीय लोगों के लिए वरदान बनने के बजाय अभिशाप बन गई है। लाखों रुपये की लागत से बनाई गई यह नाली जल निकासी में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। जिससे गंदा पानी गलियों और घरों में फैल रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते 10 सालों में कभी भी किसी सफाईकर्मी ने यहां आकर नालियों की सफाई नहीं की।नालियों में वर्षों का कूड़ा-कचरा भरा पड़ा है।जिससे बारिश के समय पानी का बहाव अवरुद्ध हो जाता है।और सड़कों से लेकर घरों तक जलभराव हो जाता है। यह स्थिति ना केवल असुविधाजनक है बल्कि गंभीर बीमारियों को भी न्योता दे रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नालियों में पानी रुक जाता है,और यह गंदगी से पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। इससे दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा



है।जिससे डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों का खतरा मंडरा रहा है।गांव के नागरिकों ने ग्राम प्रधान को लिखित ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नाली की सफाई और ठोस जल निकासी व्यवस्था की मांग की है।ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।ग्रामीणों ने कहा है कि नालियों की त्वरित और नियमित रूप से सफाई हो,स्थाई जल निकासी व्यवस्था हो।

मानसून से पहले विशेष अभियान चलाया जाए।संक्रमण और मच्छरों से सुरक्षा के उपाय किए जाए।इस संबंध में विकासखंड अधिकारी राजकुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एडीओ पंचायत से टीम गठित करके सफाई करवाने के लिए कहा गया है। और खंड विकास अधिकारी ने कहा है कि मैने स्वयं भी निरीक्षण किया है,मौके का जल्द ही नालियों की सफाई करवा दी जाएगी द्यग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए,ताकि उन्हें बरसात के मौसम में राहत मिल सके और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से बचाव हो सके।



**अंतरराष्ट्रीय माहवारी दिवस पर जन विकास.....**

मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के कुंभ में अंतरराष्ट्रीय माहवारी दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार 11.00 बजे मड़ियाहूं क्षेत्र के कुंभ ग्राम में जन विकास संस्थान एवं स्वास्थ्य विभाग....

▸ खबर पेज 10 पर...

# लोडर की टक्कर से भाई–बहन की मौत

## बहन को देना था नर्सिंग का पेपर, कल्याणपुर स्टेशन छोड़ने निकला था भाई





### ब्रेकर ना होने के कारण अक्सर होते हैं एक्सीडेंट

पिता के मुताबिक मंगलवार की रात को ही बेटी राजस्थान के फतेहपुर में नर्सिंग का पेपर देकर लौटी थी और बुधवार सुबह उसका रोल में पेपर था।

### घटना के बाद 20 मिनट तक पड़े रहे दोनों के शव

पिता के मुताबिक सुबह 5:30 बजे बेटी कल्याणपुर जाने के लिए निकली थी और स्कूटी वही चल रही थी घटना के बाद 20 मिनट तक दोनों के शव मौके पर पड़े रहे उसके बाद पहुंची पुलिस और तब एंबुलेंस बुलाकर क्षेत्र के लोगों की मदद से उसमें रखवाया गया पिता के मुताबिक उन्हें 7:30 बजे घटना की जानकारी मिली पिता के मुताबिक घटना को अंजाम देने वाला लोडर सवाल मौके से भाग निकला है कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडे ने बताया कि परिवार तहरीर देगा तो उसके आधार पर एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के सड़क हादसे में नर्सिंग एग्जाम देने जा रही छात्रा व उसके भाई की दर्दनाक मौत हो गई छात्रा बुधवार को नर्सिंग का एग्जाम देने के लिए राहुल जाने के लिए निकली थी कल्याणपुर के आवास विकास पुराना कैसा के पास एक लीडर ने दोनों को टक्कर मार दी पुलिस ने दोनों को कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा मगर डॉक्टर ने दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया।

रावतपुर के मस्वानपुर में रहने वाले साइकिल कारोबारी मोहम्मद शकील की ईट के पास साइकिल की दुकान है परिवार में पत्नी खुशनुमाबानो के अलावा बड़ी बेटी अलशिफा 19 वर्ष कशिश एलिस तोहिद 15 और मतशा है। मोहम्मद शकील के मुताबिक अल शिफा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है वह और जो के एक प्राइवेट कॉलेज से तैयारी कर रही थी इसके अलावा वह बीएससी नर्सिंग की भी तैयारी कर रही थी।

पिता ने बताया कि बुधवार को बेटी का एरोल में पेपर था जिसके लिए वह सुबह 5:00 बजे स्कूटी से भाई तौफीक के साथ निकली थी तौफीक को उसे कल्याणपुर स्टेशन छोड़ना था और वापस आना था।

कैसा चौराहे के पास उल्टी दिशा से आ रहे लीडर ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिसमें दोनों सड़क पर गिर पड़े दोनों के सिर पर गंभीर चोट आ गई। इलाकाई लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों को कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया।

## सर्पदंश से मासूम की मौत, घर में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



परियर। सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र के ग्राम परियर में निवास करने वाले प्रेम शंकर उर्फ सनेही जो की एक टैंपो चालक है। के 8 वर्षीय बेटे उमेश की सर्पदंश से दर्दनाक मौत हो गई। उमेश को दोपहर के वक्त घर में जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजनों को जब घटना की जानकारी हई तो परिजन उसे इलाज के लिए सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर जैसे ही मां को हुई घर में कोहराम मच गया। उसके बाद पारिवारिक जनों ने झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे। बाद में बिना पोस्टमार्टम के शव को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बिठूर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की फाइनलिस्ट टीम को ध्रुव नगर वार्ड के पार्षद ने किया सम्मानित





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर। बीपीएल (बिठूर) प्रीमियर लीग में बुधवार को बिठूर ए टीम और पैगूपुर टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच में बिठूर ए टीम ने अपने निर्धारित 12 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन ही बना सकी। जिसका पीछा करने उतरी पैगूपुर टीम अपने निर्धारित 12 ओवर में मात्र 97 रन ही बना सकी। बिठूर ए टीम ने 14 रनों से फाइनल मैच जीत लिया।

फाइनल मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद फाइनल मैच के मुख्य अतिथि ध्रुव नगर वार्ड के जनप्रिय पार्षद आदर्श द्विवेदी उर्फ विभू रहे। राष्ट्रगान के तुरंत बाद आयोजक मंडल मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत के उपरांत मुख्य अतिथि ने फीटा काटकर फाइनल मैच की शुरुआत की। सभी 22 फ्लेयरों ने मुख्य अतिथि तालिया से स्वागत किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिठूर ए टीम ने अपने निर्धारित 12 ओवर में 111 रन बनाए। बिठूर ए टीए की ओर से पंकज ने 21 रनों का योगदान दिया वहीं नंदू व अनुराग ने 20-20 रन बनाए। पैगूपुर टीम की ओर से बोलिंग करते हुए रीतिक ने चार विकेट झटके वही संदीप ने भी चार बल्लेबाजों को आउट किया। स्कोर का पीछा करने उतरी पैगूपुर की टीम अपने निर्धारित ओवर में सारे विकेट खोकर मात्र 97 रन ही बना सकी। पैगूपुर की ओर से आशु सर्वाधिक 21 रन बनाए। बिठूर ए टीम की ओर से पंकज अंशु में दो-दो विकेट झटकें वही बिठूर ए टीम के कप्तान फुरकान अली ने भी एक विकेट अपने नाम किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श द्विवेदी उर्फ विभु ने कहा कि यह बिठूर प्रीमियर लीग का पहला आयोजन था आयोजकों ने काफी कड़ी मशक्कत के बाद इस टूर्नामेंट को सफलता पूर्वक संपन्न कराया।

आयोजक मंडल के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

आयोजक मंडल में प्रमुख रूप से संजू गौड़, गौरी गौड़, नितिन गौड़, बृजेश गौड़, मानू निषाद, लालू कश्यप, मौजूद रहे।

# कानपुर पहुंचे सीएम योगी ने पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

- गर्मी से बचाव को लेकर हर ब्लॉक में पानी और कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 मई को कानपुर में कार्यक्रम प्रस्तावित है। वह यहां पावर प्लांट और मेट्रो के विस्तार का इनॉगरेशन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को जायजा लेने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर 12:30 बजे सीएसए परिसर पर उतरा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। इससे पहले सीएम ने पीएम के जनसभा स्थल का निरिक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री का जो भी कार्यक्रम शेड्यूल्ड है। समयबद्ध तरीके से सभी कार्यक्रम पूरे होने चाहिए। जनसभा स्थल पर आने वाले लोगों को किसी भी तरीके की कोई समस्या ना हो। ट्रैफिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर भी पुलिस कमिश्नर, डीएम और मंडलायुक्त से जानकारी ली। उन्होंने कहा- ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाए।

जनसभा के दौरान शहर में जाम न लगे। लोगों को जनसभा स्थल तक पहुंचने के लिए सबसे नजदीक पार्किंग की व्यवस्था की जाए। गर्मी से बचाव को लेकर हर ब्लॉक में पानी और कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पीएम मोदी की 30 मई को प्रस्तावित जनसभा को लेकर सीएसए मैदान में पंडाल लगभग तैयार हो गया है। इसके साथ ही यहां पर पुलिस व प्रशासन की टीमें मुस्तैद कर दी गई हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व डीजीपी प्रशांत कुमार तैयारी परख चुके हैं। पीएम मोदी की जनसभा में 50 हजार लोगों को आना है।

इसमें 27 हजार सरकारी योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं।

# गंगा बैराज पुल पर एक बार फिर से देखने को मिला खतरनाक स्टंट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



दो पहियों पर दौड़ी ऑटो

शहर की गंगा बैराज में एक बार फिर से फिल्मी अंदाज में खतरनाक स्टंट करते हुए ऑटो का वीडियो सामने आया है। शहर के गंगा बैराज पुल का वीडियो बताया जा रहा है। रात के अंधेरे में ऑटो ड्राइवर तीन पहिए वाले ऑटो को दो पहियों पर तेजी से दौड़ते हुए स्टंट करते हुए नजर आ रहा है। स्टंट करते हुए वीडियो को उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर ही अपलोड किया गया। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान लिया है।

स्टंट करने वालों का अड्डा बन चुका गंगा बैराज का पुल एक बार फिर स्टंट को लेकर चर्चाओं में आ गया है। कई बार इसी पुल पर कविता एक स्वर स्टंट बाद तो कभी कर चलने वाले स्टंट करते हुए नजर आए हैं। जिसके वीडियो वायरल हुए हैं। स्टंट करने वालों पर कई बार कार्रवाई भी हुई है। उनकी पहचान कर जुर्माना भी किया गया। लेकिन यह स्टंट बाद सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं। बाइक और कर के बाद अब ऑटो ड्राइवर के द्वारा ऑटो से स्टंट करने का वीडियो सामने आया है। हालांकि जिस समय ऑटो चालक का स्टंट करने का वीडियो सामने आया है उसे समय ऑटो में वह अकेला है। उसे समय पुल पर कोई वहां भी नजर नहीं आ रहा है। इससे लगता है कि यह देर रात का वीडियो है। पुलिस ने वीडियो को संज्ञा में लिया है। इसके बाद पुलिस स्टंट करने वाले ऑटो चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है की स्टंट करने वाले ऑटो चालक के मिलने के बाद उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में दबिश के दौरान शहीद हुए सिपाही सौरभ सिंह को एक उम्मीद एनजीओ ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बीते उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के मसूरी थाना के नाहल गांव में वांछित हिस्ट्रीशीटर अपराधी कादिर को पकड़ने गई थी नोएडा और मसूरी पुलिस की टीम पर बदमाशों ने पथराव और फायरिंग कर दी। गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-3 में तैनात सिपाही सौरभ सिंह देशवाल को गोली लग गई, पुलिस टीम उन्हें निकट के यशोदा अस्पताल लेकर पहुंची, यहां सिपाही को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया इस घटनाक्रम में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए सिपाही सौरभ सिंह को कानपुर नगर के बिठूर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सचेंडी चकरपुर मंडी में एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति एनजीओ के पदाधिकारियो ने कैंडल मार्च निकालकर शहीद पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि अर्पित की कैंडल मार्च का नेतृत्व पुलकित मिश्रा बिठूर वि0स0 अध्यक्ष एक उम्मीद ने किया कैंडल मार्च शहीद सौरभ सिंह अमर रहे के नारे के साथ निकलना गया सभी पदाधिकारियो ने 2 मिनट का मौन धारण कर शहीद पुलिसकर्मी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी किया जिसमें मुख्य तौर से पवन चौहान (जिलाध्यक्ष) का0 ग्रा0 अमितेश शुक्ला (जिला महासचिव) का0ग्रा0 दिग्विजय सिंह (जिला सचिव) का0 ग्रा0 विवेक पांडे (जिला सचिव)का0 ग्रा0 मुनेश्वर कुमार (जिला सचिव)का0 ग्रा0 अंकित गुप्ता (महामंत्री) बिठूर वि0स0 संजीव शुक्ला (वरि0 उपाध्यक्ष) कल्याणपुर वि0स0 तुषार दीक्षित (वरि0 उपाध्यक्ष) वार्ड पनकी युवा साथी अतुल दुबे युवा साथी यश सिंह, अनिकेत सिंह, सतीश सिंह, आयुष सिंह, दीपेंद्र परिहार, उज्जल सिंह, भास्कर गौतम, शशि प्रताप सिंह, हिमांशु सिंह, दलवीर सिंह, आदि लोग शामिल रहे। पुलिस प्रशासन सचेंदी थाना क्षेत्र के चकरपुर मंडी चौकी प्रभारी बृजेश सिंह एवं उप निरीक्षक राजदीप तिवारी ने भी कैंडल मार्च निकल रहे एक उम्मीद के कार्यकर्ताओं का साथ देते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू रखा और अपने साथी शहीद पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि दी।

# 10.27 करोड़ का लिया गया फर्जी ITC जमा करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



### सुपाड़ी गोदामों की भी की गई जांच

सुपाड़ी के अवैध गोदाम की सूचना पर विभाग के अफसरों ने गिरधर लॉजिस्टिक के ट्रांसपोर्टनगर स्थित गोदाम की जांच की। इस दौरान गोदाम में कुल 29 नग माल मिला। इस संबंध में ट्रांसपोर्टर की ओर से बिल्टियां और बिल दिखाए गए। जांच के दौरान सुपाड़ी या सुपाड़ी से संबंधित कोई माल नहीं पाया गया। इसी प्रकार सर्वश्री बालाजी कार्गो मूवर्स की जांच शिकायत के आधार पर की गई। जांच के दौरान गोदाम में कुल 55 नग माल मिला। ट्रांसपोर्टर ने बिल्टियां और बिल दिखाए। इनके मिलान पर चार प्रकार के माल का सत्यापन नहीं हुआ। इस पर करदेयता के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है। अपर आयुक्त ग्रेड एक आरएस विद्यार्थी और अपर आयुक्त ग्रेड दो (एसआईबी) कुमार आनंद ने बताया कि कर चोरी रोकने के लिए ट्रांसपोर्टरों की जांच लगातार जारी रहेगी।

देश की दिग्गज इस्पात और स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी के यहां एसजीएसटी के छापे में बड़े पैमाने पर कर चोरी मिली है। 10.27 करोड़ का फर्जी (बोगस) इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लिया गया, जिसे विभाग ने वापस जमा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कैंटीन संचालन में गड़बड़ी मिली है। स्टॉक में भारी अंतर पाया गया।

एसजीएसटी विभाग के 30 अधिकारियों की टीम ने कंपनी के चार व्यापार स्थलों पर छापा मारा था। जांच में 6 करोड़ 6 लाख कीमत का 50.86 टन माल लेखा बहियों से अधिक पाया गया। चार करोड़ 12 लाख से अधिक मूल्य का 300.844 टन माल स्टॉक विवरण से कम पाया गया। इस पर लगभग 8 करोड़ 6 लाख से ज्यादा की कर चोरी की गई। कंपनी ने 10.27 करोड़ के बोगस आईटीसी का लाभ लिया। इसे जमा करने के निर्देश कारोबारी को दिए गए हैं। संयुक्त आयुक्त (एसआईबी) रणकेंद्र ने बताया कि कंपनी परिसर में एक कैंटीन संचालित की जाती है। इसके अंतर्गत बिक्री किए जा रहे ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर से होने वाली आय पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। कंपनी की ओर से जॉब वर्क के लिए चालान के माध्यम से आउटवर्ड सप्लाई की जाती है। जॉब वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) में आईटीसी व्यापार संबंधी खरीद के दौरान चुकाए गए जीएसटी कर से मिले क्रेडिट से कर देयता को कम करने की सुविधा देता है। उदाहरण के लिए किसी व्यापारी ने माल खरीदने पर 15000 रुपये का जीएसटी कर दिया है। इस माल की बिक्री से उसे 20 हजार रुपये का जीएसटी कर मिला। व्यापारी आईटीसी के रूप में 15000 रुपये छूट का दावा पेश कर सरकार को सिर्फ 5000 रुपये का भुगतान करेगा।

अपर आयुक्त ग्रेड दो (एसआईबी) कुमार आनंद ने बताया कि सर्वश्री नेमानी स्टील्स सप्लायर्स की जांच एसआईबी की टीम की ओर से की गई। इसमें जांच के दौरान 14 करोड़ 79 लाख का माल लेखा बहियों से सत्यापित नहीं मिला। इसके अतिरिक्त कारोबारी ने 3.95 करोड़ की बोगस आईटीसी हड़प लिया। हालांकि अब कारोबारी इसे लौटाने को तैयार है।

## पैसा डबल करने का झांसा देकर 63 लाख हड़पने वाला साला गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पैसा डबल करने का झांसा देकर 63 लाख हड़पने वाले दो शातिरों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में मध्य प्रदेश के थाना चुरहट निवासी पीड़ित के चचेरे साले व मुख्य आरोपी विवेक सिंह उर्फ अंकू सिंह और सीधी जिला के चरहई निवासी आयुष मिश्रा शामिल हैं।

सचेंडी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें, सचेंडी थानाक्षेत्र के पकरी गांव निवासी महेंद्र सिंह चंदेल से मध्य प्रदेश निवासी उनके चचेरे साले विवेक सिंह ने शेयर ट्रेडिंग और कमोडिटी में पैसा लगवाकर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर कई बार में 63 लाख रुपये ठग लिए थे। पैसा वापस मांगने पर अभद्रता करने पर 21 मार्च को महेंद्र ने साले समेत चौदह लोगों के खिलाफ सचेंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## विधायक के नंदोई के घर से 90 लाख की चोरी के चार आरोपी औरैया से गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

विधायक नसीम सोलंकी के नंदोई के घर हुई 90 लाख की चोरी का माल खरीदने वाले दो सुनार समेत चार आरोपियों को जाजमऊ पुलिस ने औरैया से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो लाख रुपये भी बरामद हुए हैं। इससे पहले पुलिस तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। डिफेंस कॉलोनी निवासी जावेद आलम विधायक नसीम सोलंकी के नंदोई हैं। इसी साल आठ फरवरी को जावेद आलम के घर से ढाई लाख रुपये नकद और 82 लाख रुपये की ज्वैलरी चोरी हो गई थी। मामले में पुलिस ने पहले गुजैनी पतरसा निवासी आरोपी सागर सिंह उर्फ गुज्जर, दबौली निवासी विक्रम उर्फ विक्की और दबौली गांव निवासी सूरज वर्मा उर्फ काली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ में आरोपियों ने औरैया के सराफा कारोबारी हर्षित सोनी को सोना बेचने की बात कबूली थी।

तब से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मंगलवार को सूचना के आधार पर पर पुलिस ने अकील कंपाउंड के पास से चार लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान औरैया की पर्थु गली निवासी हर्षित सोनी, आवास विकास निवासी वीरेश कुमार, तिलकनगर निवासी बुधराम और होमगंज सराफा बाजार निवासी प्रवीन जाधव के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गाड़ी मालिक नीरज चौहान उर्फ छोटू गैंग का सरगना है। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग चोरी का सोना खरीदने के बाद उसे गला देते थे।

# चिड़ियाघर के कई वन्यजीवों, झील, तालाब में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चिड़ियाघर के कई वन्यजीवों, झील, तालाब में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ओर से आईवीआरआर बरेली भेजे गए 11 सैंपल की रिपोर्ट बुधवार को निगेटिव आई है। अब भोपाल के राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान की रिपोर्ट का इंतजार है। गोरखपुर से इलाज के लिए चिड़ियाघर लाए गए शेर पटौदी और मोर की बर्ड फ्लू से मौत हो गई थी। एक बतख ने भी दम तोड़ दिया था। 21 मई को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की पांच सदस्यीय टीम जांच के लिए चिड़ियाघर आई थी। इसमें डिपार्टमेंट ऑफ एनिमल हसबेंडरी दिल्ली के ज्वाइंट डॉयरेक्टर डॉ. विजय कुमार तेवतिया, राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार, आईवीआरआई बरेली के वाइल्ड लाइफ प्रमुख डॉ. एम पावड़े और वैज्ञानिक डॉ. एम करिकलन, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.करण जैन शामिल थे। टीम ने वन्यजीवों साथ ही झील, तालाब, वन्यवीजों के पानी पीने के लिए बनाए गए हौज व पानी के एकत्र होने के अन्य स्थानों से नमूने लिए थे। इन्हें जांच के लिए बरेली और भोपाल लैब भेजा था। बरेली से 11 सैंपलों की रिपोर्ट निगेटिव आयी है, इसमें पानी और वन्यजीवों के सैंपल थे। रिपोर्ट से काफी राहत मिली है। हालांकि फाइनल रिपोर्ट भोपाल लैब से आनी है। उसके आते ही खतरा कम माना जा सकता है।

# कार से आए टप्पेबाज बातों में उलझाकर ले गए तीन लाख की ज्वैलरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां में कार से आए टप्पेबाज सराफा व्यापारी के पिता को बातों में उलझाकर दुकान से तीन लाख के जेवर लेकर भाग निकले। कारोबारी जब दुकान लौटे और स्टॉक का मिलान किया, तब घटना की जानकारी हुई। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। अहिरवां के प्रज्ञा विहार मवइया मोड़ निवासी विकास दुबे की सीतारामनगर में पूर्वी कृष्णा ज्वैलर्स नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि 21 मई को वह रिश्तेदारी में गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हमीरपुर के मौदहा गए थे। इस दौरान दुकान पर उनके पिता अनिल दुबे बैठे थे। बताया कि सुबह 10:10 बजे दुकान में दो महिलाएं और एक युवक कार से आए। उन्होंने जेवर देखने और साथ ही वजन कराने की बात कही। इस दौरान टप्पेबाजों ने पिता अनिल का ध्यान भटका दिया और सोने-चांदी के कुल तीन लाख रुपये के जेवर पार कर दिए।

विकास जब 25 मई को दुकान लौटे तो उन्होंने स्टॉक का मिलान किया। जेवर कम मिलने पर सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो पूरी घटना कैद पकड़ में आ गई। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पिंटू सेंगर हत्याकांड में आरोपी दीनू उपाध्याय की जमानत अर्जी खारिज


**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्याकांड में जेल भेजे गए आरोपी अधिवक्ता धीरज उपाध्याय उर्फ दीनू की जमानत अर्जी फास्ट ट्रैक कोर्ट 52 के न्यायाधीश राहुल सिंह ने खारिज कर दी है। मंगलवार को बचाव पक्ष अपनी बहस कर चुका था। बुधवार को अभियोजन ने लगभग ढाई घंटे बहस की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। डीजीसी दिलीप अवस्थी व एडीजीसी जितेंद्र कुमार पांडे ने बचाव पक्ष की दलीलों को खारिज करते हुए कोर्ट में तर्क रखा कि दीनू के खिलाफ ठोस साक्ष्य हैं जो घटना के समय घटनास्थल पर दीनू की मौजूदगी साबित करते हैं। एक गवाह ने दीनू को षड्यंत्र रचते सुना है। एक गवाह ने घटनास्थल से कुछ दूर दीनू द्वारा समय पूछने की बात कही गई है जिससे साफ होता है कि दीनू अपना मोबाइल साथ नहीं लिए थे।

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 29 मई, 2025



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ‘हॉर्ट लैम्प’ आप भी लिखिए, भले छोटा लिखिए

**मुश्ताक की कहानियों का अनुवाद साल 2022 में पहली बार दीपा भस्थी ने अंग्रेजी में किया। इसमें उन्होंने हॉर्ट लैंप नाम से कन्नड़ से कुछ चुनी हुई कहानियों का अंग्रेजी में अनुवाद किया, जिन्हें बुकर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार में 50 हजार पाउंड की राशि लेखक को मिलती है। इसमें आधी राशि अंग्रेजी अनुवादक के हिस्से में जाती है। खास यह है कि बुकर पुरस्कार सिर्फ अंग्रेजी कृति या उस भाषा में अनूदित संग्रह को ही मिलता है। इसका मकसद साफ है कि अच्छा साहित्य सभी तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि कि साहित्य की कोई सीमा नहीं होती है।**

*साहित्य सिर्फ कोरी कल्पना या फंतासी नहीं। साहित्य जीवन का यथार्थ है और हर स्वांस में रचा बसा है। कन्नड़ लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता बानू मुश्ताक की अंग्रेजी में अनूदित कृति हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह भारतीय भाषायी साहित्य के लिए बेहद गर्व और गौरव का विषय है। इससे यह साबित होता है कि लेखन किसी धर्म, भाषा, जाति और सीमा में बंधा नहीं है। आम तौर पर सर्वहारा वर्ग की पीड़ा एक जैसी होती हैं, उनकी जाति या धर्म कुछ भी हो। यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं के लिए एक संजीवनी है। बुकर पुरस्कार भाषा के नाम पर लड़ने वाले एक सभ्य समाज के लिए साफ संदेश है। अगर भाषा का विभेद होता तो दीपा भस्थी की तरफ से कन्नड़ से अनूदित बानू मुश्ताक की सिर्फ 12 लघुकथाओं के संकलन हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया जाता। भाषा और साहित्य सीमा से बहुत दूर है। अब तक यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार छह भारतीय लेखकों को मिल चुका है। इसके लिए बानू मुश्ताक के साथ दीपा भी बधाई की पात्र हैं, क्योंकि यह उनकी पहली अनूदित कृति है जिसे यह सम्मान मिला है। बानू मुश्ताक दक्षिण भारतीय लेखिका हैं। बानू मूलरूप से कन्नड़ में अपना लेखन करती हैं। बानू को जो बुकर पुरस्कार मिला है वह कन्नड़ में लिखी उनकी लघुकथा संग्रह से चुनी कुछ लघुकथाओं के अंग्रेजी अनुवाद पर दिया गया है। उन्होंने कुल छह लघुकथा संग्रह, एक उपन्यास, एक निबंध और एक कविता संग्रह लिखा है। उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी, तमिल, मलयालम और उर्दू में किया गया है। उन्हें इसके अलावा और भी पुरस्कार मिले हैं। साहित्य में सबसे अहम सवाल है कि आप कितना लिख रहे हैं यह मायने नहीं रखता है। वजूद इस बात का है कि आप क्या लिख रहे हैं। लिखा तो बहुत कुछ जा रहा है या बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन सबको बुकर नहीं मिला। बुकर को ध्यान में रखकर लिखना भी संभव नहीं है, क्योंकि साहित्य कोई तकनीक नहीं एक जीवंत कला है जो बगैर जीवन के जीवंत नहीं होती। बानू लंकेश पत्रिका से भी जुड़ी थीं और उन्होंने बेंगलुरु में ऑल इंडिया रेडियो में भी काम किया। बानू मुश्ताक (77) की स्कूली शिक्षा की शुरुआत भी कठिन चुनौतियों से हुई यही उनके लेखकीय जीवन की चुनौती बनी। उनका जन्म 1948 में कर्नाटक के मुस्लिम परिवार में हुआ था। शिवमोगा के कन्नड़ मिशनरी स्कूल में पिता के काफी प्रयास के बाद उनका दाखिला भी आठ साल की उम्र में इस शर्त पर हुआ था कि उन्हें छह माह में कन्नड़ को लिखना-पढ़ना आना चाहिए, नहीं तो स्कूल छोड़ना पड़ेगा। बानू एक मुस्लिम परिवार से रहीं जहां स्कूल की शर्त उनके लिए एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने कर दिखाया। मुश्ताक ने 1980 में मुस्लिम समाज में कट्टरता को कम करने के लिए काम किया। उन्होंने मस्जिदों में भी मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश की वकालत किया जिसकी वजह से उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी हुआ। उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। हालांकि उन्होंने स्कूलों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का समर्थन किया था, जिसका विवाद कर्नाटक के शिक्षा संस्थानों में आज भी मुद्दा है। बानू मुश्ताक ने मुस्लिम समाज में औरतों और दूसरी समस्याओं को बड़ी गहराई से परखा। ऐसी समस्याओं ने उन्हें प्रभावित किया जिसे उन्होंने कहानी या लघुकथा का आधार बनाया।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यह हमें यह सोचने का मौका देता है कि सौंदर्य प्रतियोगिताएं आधुनिक युग में कैसे प्रासंगिक रह सकती हैं। यह आयोजन केवल चमक-दमक का मंच नहीं, बल्कि उन महिलाओं की आवाज है, जो अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और सामाजिक योगदान से दुनिया को बदलना चाहती हैं। मैगी का साहसिक कदम, भले ही विवादास्पद हो, ने एक ऐसी बहस को जन्म दिया है, जो सौंदर्य प्रतियोगिताओं को और अधिक उद्देश्यपूर्ण और समावेशी बनाने की दिशा में ले जा सकती है। जैसे-जैसे हैदराबाद की रातें मिस वर्ल्ड 2025 के फिनाले की ओर बढ़ रही हैं, यह मंच एक नई कहानी लिखने को तैयार है। यह कहानी न केवल सौंदर्य की, बल्कि साहस, सत्य और सशक्तिकरण की है।**

# मिस वर्ल्ड 2025 : एक विवाद, जो सौंदर्य को नए अर्थ देता है



प्रो. आरके जैन

**मिला मैगी की आवाज ने हमें याद दिलाया कि सच्ची सुंदरता चेहरों में नहीं, बल्कि विचारों, कार्यों और बदलाव की हिम्मत में निहित होती है। यह आयोजन अब केवल एक ताज का उत्सव नहीं, बल्कि एक ऐसी दुनिया का सपना है, जहां हर महिला अपनी आवाज को बिना डर के बुलंद कर सके। मिस वर्ल्ड 2025 का मंच इस सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक कदम और बढ़ा सकता है।**

हैदराबाद की चमकती रातें, जहां सितारों की तरह जगमगाती प्रतिभाएं मिस वर्ल्ड 2025 के मंच पर अपनी छटा बिखेर रही हैं, इस साल एक अनोखे तूफान का गवाह बन रही हैं। यह आयोजन, जो सौंदर्य, बुद्धिमत्ता और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है, केवल ताज और ग्लैमर का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके सपनों को पंख देने का मंच है। लेकिन इस बार, एक साहसिक आवाज ने इस चमक को चुनौती दी है। मिस इंग्लैंड 2024 की विजेता मिला मैगी के गंभीर आरोपों ने न केवल आयोजन की पारदर्शिता पर सवाल उठाए, बल्कि यह सोचने पर मजबूर किया कि क्या सौंदर्य प्रतियोगिताएं आधुनिक युग में अपनी प्रासंगिकता और उद्देश्य को बरकरार रख पा रही हैं। फिर भी, इस विवाद ने एक नई रोशनी दिखाई है–पारदर्शिता, जवाबदेही और सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद। 7 मई 2025 को हैदराबाद पहुंचीं मिला मैगी ने मिस वर्ल्ड के मंच पर न केवल अपने देश, बल्कि सामाजिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा था। लेकिन 16 मई को, मात्र नौ दिन बाद, उन्होंने प्रतियोगिता छोड़ दी। ब्रिटिश टैबलॉयड ‘द सन’ को दिए सनसनीखेज इंटरव्यू में मैगी ने आयोजकों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, ÷मैं बदलाव की मिसाल बनने गई थी, लेकिन मुझे ऐसा महसूस कराया गया जैसे मैं एक वेश्या हूं। हमें अमीर स्पॉन्सर्स के सामने प्रदर्शन के लिए रखा गया। हर टेबल पर हमें मेहमानों का मनोरंजन करने को कहा गया।÷ मैगी ने आयोजन को ÷पुराने जमाने की सोच÷ में फंसा हुआ बताया और कहा कि यह उनकी नैतिकता के खिलाफ था। उन्होंने खुलासा किया कि वह सामाजिक मुद्दों पर अपनी आवाज उठाना चाहती थीं, लेकिन वहां मौजूद मेहमानों की असंबंधित बातों ने उन्हें असहज कर दिया। अपनी मां से फोन पर अपनी तकलीफ साझा करने के बाद, उन्होंने प्रतियोगिता छोड़ने का साहसिक फैसला लिया। मैगी के इन बयानों ने आयोजन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए और एक वैश्विक बहस को जन्म दिया। क्या सौंदर्य प्रतियोगिताएं वाकई महिलाओं को सशक्त बनाने का मंच हैं, या ये केवल सतही चमक-दमक तक सीमित हैं? मैगी का मानना है कि ÷मिस वर्ल्ड जैसी प्रतियोगिताओं का दौर खत्म हो चुका है। ताज और सैश से पहले अपनी आवाज उठाना जरूरी है।÷ उनके इस कदम ने न केवल आयोजकों को जवाबदेही के लिए मजबूर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि साहसिक आवाजें पुरानी परंपराओं को चुनौती दे सकती हैं। विवाद के बाद तेलंगाना सरकार ने त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की। एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की गई, जो आयोजन में किसी भी अनुचित व्यवहार या असुविधा की सत्यता की पड़ताल कर रही है। अन्य प्रतिभागियों से पूछताछ और तथ्यों की गहन जांच के जरिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सच्चाई सामने आए। यह



**आयोजकों ने जोर देकर कहा कि मिस वर्ल्ड ‘ब्यूटी विद ए पर्पज़’ जैसे मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है, जो न केवल सौंदर्य, बल्कि सामाजिक बदलाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। ‘ब्यूटी विद ए पर्पज़’ मिस वर्ल्ड का मूल दर्शन है, जो प्रतिभागियों को सामाजिक मुद्दों पर काम करने और दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है।**

कदम न केवल आयोजन की पारदर्शिता को मजबूत करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि महिलाओं की गरिमा और सम्मान के प्रति कोई समझौता नहीं होगा। मिस वर्ल्ड आयोजकों ने मैगी के आरोपों का खंडन करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने दावा किया कि मैगी ने निजी कारणों से, विशेष रूप से अपनी मां की खराब तबीयत के चलते, प्रतियोगिता छोड़ने का अनुरोध किया था, जिसे तुरंत स्वीकार कर उनकी वापसी की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें मैगी यह कहती नजर आ रही हैं कि ÷यहां सब कुछ ठीक है÷ और उन्होंने आयोजकों का आभार जताया। उनके मुताबिक, मैगी केवल एक सरकारी डिनर में शामिल हुई थीं, जो हैदराबाद के चौमहल्ला पैलेस में आयोजित हुआ था। इस वीडियो में मैगी जिस टेबल पर बैठी थीं, वहां ज्यादातर महिलाएं थीं और केवल एक पुरुष दिखाई दे रहा था। आयोजकों ने जोर देकर कहा कि मिस वर्ल्ड ‘ब्यूटी विद ए पर्पज़’ जैसे मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है, जो न केवल सौंदर्य, बल्कि सामाजिक बदलाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। ‘ब्यूटी विद ए पर्पज़’ मिस वर्ल्ड का मूल दर्शन है, जो प्रतिभागियों को सामाजिक मुद्दों पर काम करने और दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है। अतीत में इस मंच ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने वाली कई महिलाओं को सामने लाया है। उदाहरण के लिए, पूर्व मिस वर्ल्ड विजेताओं ने बाल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मैगी के आरोपों ने इस दर्शन पर सवाल उठाए, लेकिन आयोजकों की प्रतिक्रिया और सरकार की जांच इस मंच को और अधिक विश्वसनीय और समावेशी बनाने की दिशा में एक कदम हो सकती है। प्रारंभिक जांच में मैगी के आरोपों के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, लेकिन जांच अभी जारी है। यह प्रक्रिया न केवल सच्चाई को उजागर करेगी, बल्कि भविष्य में ऐसे आयोजनों को और अधिक पारदर्शी और सम्मानजनक बनाने के लिए दिशानिर्देश भी स्थापित कर सकती है। मैगी के स्थान पर मिस इंग्लैंड की रनर-अप अब प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं, और 31 मई को होने वाला फिनाले न केवल एक नई मिस वर्ल्ड का ताज पहनाएगा, बल्कि यह भी साबित करेगा कि यह मंच विवादों के साये से उबरकर अपनी साख को बरकरार रख सकता है। यह विवाद केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह हमें यह सोचने का मौका देता है कि सौंदर्य प्रतियोगिताएं आधुनिक युग में कैसे प्रासंगिक रह सकती हैं। यह आयोजन केवल चमक-दमक का मंच नहीं, बल्कि उन महिलाओं की आवाज है, जो अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और सामाजिक योगदान से दुनिया को बदलना चाहती हैं। मैगी का साहसिक कदम, भले ही विवादास्पद हो, ने एक ऐसी बहस को जन्म दिया है, जो सौंदर्य प्रतियोगिताओं को और अधिक उद्देश्यपूर्ण और समावेशी बनाने की दिशा में ले जा सकती है। जैसे-जैसे हैदराबाद की रातें मिस वर्ल्ड 2025 के फिनाले की ओर बढ़ रही हैं, यह मंच एक नई कहानी लिखने को तैयार है। यह कहानी न केवल सौंदर्य की, बल्कि साहस, सत्य और सशक्तिकरण की है। मिला मैगी की आवाज ने हमें याद दिलाया कि सच्ची सुंदरता चेहरों में नहीं, बल्कि विचारों, कार्यों और बदलाव की हिम्मत में निहित होती है। यह आयोजन अब केवल एक ताज का उत्सव नहीं, बल्कि एक ऐसी दुनिया का सपना है, जहां हर महिला अपनी आवाज को बिना डर के बुलंद कर सके। मिस वर्ल्ड 2025 का मंच इस सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक कदम और बढ़ा सकता है–एक ऐसी दुनिया की ओर, जहां सौंदर्य और उद्देश्य एक साथ चमकते हैं।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 23:18 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 22:38 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शूल, 15:46 |
| सूर्योदयः | 05:26 |
| सूर्यास्तः | 19:11 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 14:01-15:45 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### खूब हो रही बैठक !

*चिंतन मंथन चल रहा ।*
*हो कैसे सुधार ?*
*रूठ गई है जनता ।*
*ना करती उपकार ।।*
*कायाकल्प हो पुनः ।*
*है ऐसा प्रयास ।।*
*जनता को नहीं आया पर ।*
*कार्यशैली रास ।।*
*खूब हो रही बैठक ।*
*नहीं निकलता हल ।।*
*ले रहे संकल्प ।*
*उत्तम करना कल ।।*
*कहां हो रही गलती ।*
*नहीं समझ ये आया ।।*
*है लेकिन ये सत्य ।*
*हो रहा सफाया ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या हार्ट के लिए फायदेमंद है जामुन के बीज का पाउडर?

**अनहेल्दी** लाइफस्टाइल के कारण कई लोग हाई ब्लड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। इनका स्तर बढ़ने के कारण हार्ट पर प्रेशर पड़ता है, जिसके कारण हार्ट के स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है, जिसके कारण लोगों को हार्ट से जुड़ी गंभीर समस्याओं के होने की समस्या हो सकती है। इसके कारण कई बार लोगों को सीने में दर्द होने, बेचैनी होने, सांस लेने में परेशानी होने, दिल की धड़कन तेज होने और थकान होने जैसी कई समस्याएं होती हैं। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए अक्सर लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने और पोषक तत्वों से युक्त फलों और सब्जियों डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। इन्हीं हेल्दी फलों में से एक है जामुन। जामुन के साथ-साथ इसके बीज में भी बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं। जामुन के बीज के पाउडर में बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं, लेकिन क्या इसे हार्ट की समस्या में खाया जा सकता है?



**क्या जामुन के बीज का पाउडर हार्ट के लिए फायदेमंद है?:** डॉ. किरण के अनुसार, जामुन के बीज के पाउडर में पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे हार्ट को हेल्दी रखने और इससे जुड़ी समस्याओं से बचाव करने में भी मदद मिल सकती है। जामुन के बीज का पाउडर हार्ट के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। जामुन के बीज में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, फाइबर, पोटैशियम और विटामिन्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं, जो हार्ट के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इससे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है, जो हार्ट के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, साथ ही, इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स से लड़ने के साथ-साथ इनके कारण सेल्स को होने वाले नुकसान से बचाव करने में मदद मिलती है।

**हार्ट की सूजन को कम करने में सहायकः** जामुन के बीज के पाउडर में बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें भरपूर मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते है। इसका सेवन करने से हार्ट की सूजन को कम करने और शरीर में ब्लड फ्लो को बेहतर करने में भी मदद मिलती है, साथ ही, इससे शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिल सकती है। यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

**हार्ट के लिए कैसे करें जामुन के बीज के पाउडर का सेवन?:** हेल्दी हार्ट के लिए जामुन के बीज के पाउडर को दूध या पानी के साथ सुबह खाली पेट खाना फायदेमंद है। इसके अलावा, इसको खाना खाने के बाद भी खाया जा सकता है। इससे हार्ट को हेल्दी रखने और स्वास्थ्य की अन्य समस्याओं से भी बचाव करने में मदद मिल सकती है।

**निष्कर्षः** जामुन के बीज के पाउडर में बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से हार्ट को हेल्दी रखने, सूजन को कम करने, हार्ट से जुड़ी समस्याओं से बचाव करने और स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं में फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं। ध्यान रहे, हार्ट से जुड़ी कोई भी समस्या महसूस होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें और हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# तेज प्रताप यादव ने बिहार की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया



संतोष कुमार पाठक

**जीतन राम मांझी की यह पोस्ट साफ-साफ बता रही है कि लालू यादव द्वारा अपने बेटे को बाहर निकालने के बावजूद यह विवाद अभी थमने वाला नहीं है। क्योंकि बिहार और केंद्र, दोनों जगहों पर सरकार चला रहे एनडीए गठबंधन के नेताओं के पास कुछ और भी नाम हैं।**

**बिहार** के दो पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के बेटे तेज प्रताप यादव ने राज्य की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। कागजों में लालू यादव के छोटे और हकीकत में बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपनी माता राबड़ी देवी के लाडले बेटे माने जाते हैं। बिहार की राजनीति को और खासकर लालू यादव के परिवार को करीब से देखने वाले जानकारों की माने तो, वर्ष 2015 में जब नीतीश कुमार की सरकार में तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था,तभी से रिश्तों में यह खटास शुरू हो गई थी। तेज प्रताप यादव, बड़े बेटे होने के नाते अपने आपको लालू यादव का उत्तराधिकारी मान कर चल रहे थे लेकिन लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। कई जानकर लोग तो यहां तक कहते हैं कि राबड़ी देवी ने अड़ कर तेज प्रताप यादव को जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार में मंत्री बनवाया था। ऐसे में अपने ही बेटे के खिलाफ लालू यादव द्वारा लिए गए एक्शन को काफी आश्चर्य से देखा जा रहा है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव के दबाव में यह फैसला किया है ? एक तरफ जहां इस फैसले के लिए यादव परिवार के एकजुट होने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ किसी को भी इसका भरोसा नहीं

**जीतन राम मांझी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दरोग़ा बाबू की पोती ऐश्वर्या के साथ जो लालू परिवार ने किया है उसका बदला आने वाले चुनाव में बिहार की हर महिला लेकर रहेगी। तेज प्रताप जब किसी के साथ रिलेशनशिप में थें तो फिर किसी लड़की की ज़िंन्दगी बर्बाद करने का अधिकार लालू परिवार को किसने दिया? कहीं ऐसा तो नहीं है कि किसी सिन्हा के चक्कर में अनुष्का की जिंदगी भी बर्बाद करवा दे?**

हो पा रहा है कि राबड़ी देवी अपने बड़े बेटे को पार्टी और परिवार से निकालने पर तैयार हो गई होंगी ? तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट से लालू यादव इतना बड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर हो सकते हैं,यह कोई सोच भी नहीं सकता था। तेज प्रताप यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर ऐलान कर दिया था कि वो एक लड़की के साथ 12 साल से रिलेशन में हैं और वो दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हालांकि इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट कर यह दावा किया कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया था और उन्हें बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उसके बाद तेज प्रताप यादव के उस लड़की के साथ कई तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे,जिसने यादव परिवार को असहज कर दिया। बिहार में तय समय के अनुसार, अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। एक दौर में बिहार की राजनीति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले लालू यादव तुरंत समझ गए कि बड़े बेटे की हरकतों का खामियाजा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। पोस्ट और वायरल होते फोटो एवं वीडियो ने तेजस्वी यादव को भी इस बात का अहसास करा दिया कि अगर अब बड़े भाई पर कोई एक्शन नहीं लिया गया तो बिहार में एक बार फिर से उन्हें जनता विपक्ष में बैठने का ही जनादेश देगी। लालू यादव भी बेटे तेजस्वी यादव के तर्कों से सहमत हो गए और आखिरकार उन्होंने परिवार और पार्टी के मुखिया होने के नाते यह बड़ा फैसला कर लिया। लालू यादव के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए पोस्ट और उसके बाद तेजस्वी यादव के आए बयान से आप समझ सकते हैं कि इस समय दोनों नेताओं के मन में बिहार का आगामी विधानसभा चुनाव ही चल रहा है। क्योंकि दोनों ही नेता बिहार में एक और चुनावी हार को झेलने की स्थिति में नहीं है। लालू यादव ने तेज प्रताप यादव को निकालने की घोषणा करते हुए लिखा, ÷निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमज़ोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूँ। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है। अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूँ। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।÷ इसके बाद तेजस्वी यादव ने भी मीडिया के सामने आकर बयान दिया, ÷हमें यह सब चीज ना तो अच्छी लगती है और ना ही हम इसको बर्दाशत करते हैं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है, वह एडल्ट हैं उनको अधिकार है वह क्या निर्णय लेते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष (लालू यादव) ने उनके बारे में क्या कहा है, वह सार्वजानिक कर दिया गया है। वह अपने निजी जीवन में क्या कर रहे हैं वह किसी से पूछ कर नहीं करते हैं। लालू यादव और तेजस्वी यादव भले ही तेज प्रताप यादव की प्रेम कहानी से पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन यह विवाद अभी थमने वाला नहीं है। कई नाम हवा में तैर रहे हैं।

# श्री परम अक्रियधाम पहुंचे बाबा मोहन सिंह, आध्यात्मिक संवाद का बना केंद्र

- संतों ने की सामाजिक समरसता व युवा पीढ़ी को अध्यात्म से जोड़ने पर चर्चा
- महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

नगर में बुधवार को आध्यात्मिकता की दिव्यता उस समय और अधिक बढ़ गई, जब नानकसर बडेपुरा हजूर साहिब से पधारे पूज्य बाबा मोहन सिंह का आगमन खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम में हुआ।

इस विशेष अवसर पर बरखेड़ा विधायक व महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने आत्मीय स्वागत करते हुए बाबा मोहन सिंह को अंगवस्त्र (पटका) पहनाकर सम्मानित किया।

इस गरिमामयी भेंट में दोनों संतों ने धार्मिक, सामाजिक व अध्यात्मिक विषयों पर गहन संवाद किया।

चर्चा का केंद्र बिंदु क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव, सेवा कार्यों का विस्तार और युवाओं को आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित करने जैसे महत्वपूर्ण पहलू रहे।

दोनों संतों ने आपसी सहयोग और समरसता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

भेंट के दौरान भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतनाम सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी श्री छब्बा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने बाबा मोहन सिंह से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए वर्तमान सामाजिक परिस्थियों और अल्पसंख्यक समाज की भूमिका पर चर्चा की।

साथ ही सेवा कार्यों की गति को और तेज करने के संकल्प पर विचार हुआ।





### श्रद्धा और समरसता का अद्भुत संगम

इस अवसर पर संतों की उपस्थिति ने जहां भक्तों के मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, वहीं क्षेत्र में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को लेकर नगर में विशेष उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने इसे एक दुर्लभ और सौभाग्यशाली क्षण के रूप में अनुभव किया।

### भक्तिमय हुआ श्री परम अक्रियधाम परिसर

बाबा मोहन सिंह के आगमन से श्री परम अक्रियधाम परिसर आध्यात्मिक संगम का केंद्र बन गया। धर्म, संस्कृति और सामाजिक सौहार्द पर केंद्रित इस मिलन में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, संतजन और समाजसेवी उपस्थित रहे। बाबा मोहन सिंह के दर्शन व आशीर्वाद के लिए स्थानीय जनमानस में गहरी श्रद्धा व उत्साह देखने को मिला। अक्रियधाम प्रबंधन समिति द्वारा बाबा जी के स्वागत हेतु विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे परिसर को भक्ति रस से सराबोर कर दिया गया था। यह आयोजन न केवल धार्मिक रूप से महत्व रखता है, बल्कि आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में भी एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# तेज़ रफ़्तार पर कसा शिकंजा, 61 वाहन ओवरस्पीडिंग में पकड़े गए

- एआरटीओ ने शुरू किया सघन चेकिंग अभियान, सभी प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बुधवार को जनपद के प्रमुख मार्गों पर ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 61 वाहनों को निर्धारित गति सीमा से अधिक गति पर चलते हुए पकड़ा गया। इन सभी वाहनों के खिलाफ मौके पर चालान की कार्रवाई की गई।

एआरटीओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विभागीय इंटरसेप्टर वाहन की सहायता से यह जांच अभियान चलाया गया। बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर 31 वाहन ओवरस्पीड करते हुए मिले, वहीं पीलीभीत-बरेली मार्ग पर 18 वाहन तेज गति से दौड़ते हुए पकड़े गए। इनमें कई ईको वाहन भी शामिल थे। इसके अलावा पीलीभीत-सितारगंज मार्ग एवं पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर 12 वाहन निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते पाए गए।

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि निजी चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 80 किमी प्रति घंटा एवं व्यावसायिक वाहनों के लिए 60 किमी प्रति घंटा निर्धारित है। उन्होंने बताया कि जिले के प्रमुख मार्गों पर हाल के वर्षों में सड़क चौड़ीकरण और सुधार कार्यों के चलते वाहन चालक अधिक गति में वाहन चलाने लगे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जान-माल की हानि का सबसे बड़ा कारण ओवरस्पीडिंग है। सभी वाहन चालकों को चाहिए कि वे नियमों का पालन करते हुए नियंत्रित गति से ही वाहन चलाएं, ताकि स्वयं के साथ-साथ दूसरों की भी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस विशेष अभियान से साफ संकेत है कि अब ओवरस्पीडिंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# बहू को बचाने पहुंचे ससुर की हत्या, घटना के बाद आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

## कलयुगी बेटे ने पिता के सिर पर रॉड से किया हमला, मौके पर ही मौत

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरैनिया रामगुलाम में मंगलवार की शाम पारिवारिक कलह के बीच एक बेटे ने रिश्तों को तार-तार कर दिया। घरेलू विवाद में बहू की पिटाई कर रहे बेटे को जब पिता ने रोका, तो उसने अपने ही पिता की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। गंभीर चोट लगने के कारण बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिशें दे रही है।

गांव निवासी भूपराम ने बताया कि उनका भतीजा विशाल उम्र लगभग 30 वर्ष आए दिन अपनी गर्भवती पत्नी सविता से झगड़ा करता था। मंगलवार शाम भी वह पत्नी को पीट रहा था। सविता की पुकार सुनकर घर के बाहर बैठे ससुर हरीश कुमार 55 बीच-बचाव को आए और बेटे को ऐसा न करने की समझाइश दी। इससे नाराज होकर विशाल ने पास में रखी लोहे की रॉड से अपने पिता के सिर पर कई बार वार कर दिए।

हमले के बाद विशाल मौके से फरार हो गया। परिजन आनन-फानन में घायल हरीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाल शुक्ला ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस की टीमें आरोपी विशाल की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है और ग्रामीण इस हृदयविदारक घटना से स्तब्ध हैं। मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। ग्रामीणों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# जून महीने की मेहनत गन्ने की फसल में दिखाएगी रंग: खुशीराम भार्गव



- डीसीओ ने टीम के साथ किया कई गांवों का भ्रमण बोले गन्ने को नाइट्रोजन की दूसरी खुराक देना उपयुक्त होता है

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

जिला गन्ना अधिकारी ने टीम के साथ गन्ने की फसल का निरीक्षण किया। किसानों से जून महीने में की जाने वाली देखरेख को लेकर चर्चा की। गन्ने की फसल में लगने वाले कीट और खरपतवारों की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के तरीके बताए।

बुधवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने गढ़वा खेड़ा, सिंहपुर और दुर्जनपुर कलां का दौरा किया। इस दौरान किसान मनप्रीत सिंह, गुरिंदर सिंह, कमल मिश्रा, आशीष, व संदीप के गन्ना खेत का भ्रमण उन्होंने किया। डीसीओ खुशीराम भार्गव ने कहा कि गन्ना फसल की बढ़वार और पैदावार को बढ़ाने के जून माह में कुछ आवश्यक हैं जिनसे फसल को कीटों, बीमारियों तथा पोषक तत्वों की कमी से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा गन्ने के खेतों में तेजी से उगने वाले खरपतवारों को समय रहते हटा दें। जरूरत के अनुसार सिंचाई करें।

पौधों की जड़ों को मजबूती देने एवं गिरने से बचाने के लिए गन्ने के पास मिट्टी चढ़ाएं। एक बार हल्की गुड़ाई करने से मिट्टी भुरभुरी होगी और जड़ों को हवा मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि जून माह में गन्ने को नाइट्रोजन की दूसरी खुराक देना उपयुक्त होता है। यूरिया का प्रयोग कृषि वैज्ञानिकों की सलाह अनुसार करें। इसके अलावा टॉप बोरर, अर्ली शूट बोरर जैसे कीटों की निगरानी करें। कीट नियंत्रण के लिए क्लोरेपायरीफॉस जैसे कीटनाशकों का छिड़काव करें। फसल में रेड रॉट जैसी बीमारियों के लक्षण दिखें तो प्रभावित पौधों को नष्ट करें। गन्ने के साथ कोई दलहनी फसलें जून माह में खेत से हटा देना चाहिए जिससे गन्ने को भरपूर पोषण मिल सके। इस अवसर पर एससीडी आई संजय श्रीवास्तव, गन्ना विकास निरीक्षक भारत प्रसाद, एल एच चीनी मिल के उप गन्ना प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह, शौलेन्द्र पटेल, धर्मेंद्र शाहू आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता अभियान शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

चंदरानी हॉस्पिटल सलेमपुर कौन लखीमपुर के द्वारा महेवागंज स्थित 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। जिसमें शहर के चंदरानी हॉस्पिटल के सम्मानित डॉक्टर धीरेन्द्र वर्मा डॉक्टर नेहा वर्मा महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विमल वर्मा नवजात शिशु एवम् बाल रोग विशेषज्ञ प्रबंधन सदस्य मयंक त्रिवेदी आदि व साथ ही सशस्त्र सीमा बल के डॉ0 दिनेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी और अन्य बलकर्मी उपस्थित रहकर कार्यक्रम का संचालन किया जिसमें शिविर में आए बलकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों की जानकारियां देते हुए व उनसे बचाव एवं उपचार के बारे में बताकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

# उद्योग व्यापार मंडल में बड़ा फेरबदल

- अंसार अहमद बने न्यूरिया के नगर अध्यक्ष, शैलेश अग्रवाल को महामंत्री की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला कार्यकारिणी में मंगलवार को अहम फेरबदल किया गया। नगर अध्यक्ष तनवीर अहमद को पदोन्नत करते हुए जिला कार्यकारिणी में कनिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर तेजतर्रार व्यापारी अंसार अहमद को न्यूरिया का नया नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि महामंत्री पद की कमान नगर के प्रसिद्ध सर्राफा व्यापारी शैलेश अग्रवाल को सौंपी गई है।

इस नई घोषणा की जानकारी जिला अध्यक्ष एम.ए. जिलानी ने दी। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे और संगठन को नई दिशा देंगे।

जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन में अनुशासन व नियमों के पालन के साथ व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने की अपेक्षा जताई। वहीं, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू ने निर्देश दिया कि एक माह के भीतर न्यूरिया नगर की पूरी कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाए।

पदाधिकारियों के मनोनयन पर प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव, वरिष्ठ पदाधिकारी प्रकाशवीर, विक्रम सिंह, विक्रांत शर्मा, सुधीर पाल सिंह, शेर सिंह, राजीव अग्रवाल, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, राशिद अंसारी, गौतम गोहा, ममनून, मुस्तकीम मलिक, युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, आशीष लोधी, महिला अध्यक्ष कंचन सक्सेना और शोभनीय सिंह समेत अनेक व्यापारियों ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। न्यूरिया नगर में व्यापारी समुदाय में इस निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन की ओर नई उम्मीदें जताई जा रही हैं।

# जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने किया जलालपुर डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



जलालपुर क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ 139 विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में कुकुहा और नीमगांव की टीमों के बीच भिड़ंत हुई। टॉस जीतकर कुकुहा की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाए, जिससे नीमगांव को 57 रनों का लक्ष्य मिला।लक्ष्य का पीछा करते हुए नीमगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित खुर्शीद खान (जिला अध्यक्ष, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड) एवं रज़ी खान (जिला उपाध्यक्ष) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके अतिरिक्त टूर्नामेंट के अध्यक्ष महताब आलम, मंत्री महफूज़ अंसारी, कोषाध्यक्ष वकीलुल्ला खान, उपमंत्री मुजीब खान, और सक्रिय सदस्य आसिफ अली अंसारी, महताब आलम उस्मानी सहित अनेक गणमान्य लोग व खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।खेल भावना को बढ़ावा देने वाले ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में युवाओं को प्रेरणा मिलती है और सामाजिक समरसता को बल मिलता है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बकरीद त्यौहार के द्रष्टिगत चौकी इंचार्ज कुकरा ने कस्बे मे की पैदल गस्त

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** आगामी बकरीद के त्यौहार के द्रष्टिगत थानाध्यक्ष मैलानी निराला तिवारी का दिशानिर्देश मे चौकी इंचार्ज कुकरा अवलीश पवार मे मय हम राहियो के साथ कस्बे मे पैदल गस्त की है। इस दौरान चौकी इंचार्ज अवलीश पवार ने सभी मुस्लिम समुदाय के लोगो से बताया कि वह सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये जाने की अपील की।

### 2 बजे रात ढाबे पर खाना मांगा मना करने पर कर्मचारी को लाठी-डंडों से पीटा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली इलाके में एक जनता ढाबे पर दबंगों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की। यह घटना एलआरपी रोड पर स्थित ढाबे पर हुई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित जगदीश कटियार ने बताया कि रात करीब 2 बजे कुछ लोग गाड़ी से आए। उन्होंने खाना मांगा। कर्मचारियों ने बताया कि देर हो चुकी है और खाना खत्म हो गया है। इस पर वे लोग बहस करने लगे।जब कर्मचारियों ने कहा कि खाना नहीं है, तो आरोपियों ने ढाबा खुला रखने पर सवाल उठाया। इसके बाद वे गाली-गलौज करने लगे। कर्मचारियों के विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी।पीड़ित जगदीश मारपीट के दौरान बेहोश हो गया। होश आने पर उसे उसका मालिक कोतवाली ले गया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है।सदर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

### दिव्यांग महिला की मौतःपरिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष पर मारपीट और हत्या का आरोप लगाया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गिन्नौहना गांव में मंगलवार की रात एक दिव्यांग महिला शाहजहां बानो की मौत हो गई।महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई फैयाज ने बताया कि उनकी बहन और बहनोई दोनों दिव्यांग थे। दोनों की शादी को 11 साल हो चुके थे। फैयाज के अनुसार, घरेलू कलह के कारण अक्सर विवाद होता था। बहनोई अक्सर उनकी बहन को मारते-पीटते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि 27 मई को बहनोई और उनके परिजनों ने मिलकर शाहजहां बानो की हत्या कर दी।खीरी थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। विवेक उपाध्याय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ चुकी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मृत्यु का कारण इंफेक्शन बताया गया है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने बाले अपराधी को गोला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकरनाथ खीरी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी में अपराध के रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के मद्देनज़र अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल दिशा-निर्देशन में थाने में मुकदमा संख्या-290/25 धारा 69/115(2)/352/351(3) बीएनएस का आरोपी अभियुक्त अमित कुमार पुत्र मनोहरलाल निवासी ग्राम सहाबुद्दीनपुर थाना गोला जिला खीरी उम्र 28 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर नानक तिराहा से थाना गोला पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। मालूम हो कि लगभग ऐक माह पूर्व मे पंजीकृत मुकदमे की तफ्तीश गोला क्राइम इंस्पेक्टर रविन्द्र पाण्डेय को मिलने के बाद तेजी दिखाता हुये मात्र 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है। वही अभियुक्त को गिरफ्तार करने बाली टीम मे मुख्य रूप से सामिल रहे गोला क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पाण्डेय, विजयपाल वर्मा,शिव कुमार थाना गोला सामिल रहे।

## बाघ पकड़े जाने के बाद पटरी पर लौटी जिंदगी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**लहरपुर।** बाघ के पकड़े जाने के बाद प्रभावित गांवों में जनजीवन सामान्य होने लगा है। किसानों ने खेतों की ओर रुख करते हुए फसलों की देखरेख शुरू कर दी है। पशुओं को चरने के लिए खेतों की ओर लेकर निकले। गौरतलब है कि जगमालपुर, निबौरी, रावल अदेसर व मुस्काबाद आदि गांवों में बाघ के आतंक के चलते ग्रामीण अपने पशुओं को चरने के लिए नहीं निकल रहे थे। बाघ के पकड़े जाने के बाद प्रभावित गांवों के लोगों की जिंदगी पटरी पर लौटने लगी है। मंगलवार को क्षेत्र के निबौरी गांव की महिलाएं अपनी बकरियों को चराने के लिए जाती हुई दिखीं। रावल के प्रधान नरेंद्र त्रिवेदी, निबोरी के प्रधान तीर्थ राम वर्मा व जगमालपुर के प्रधान इंद्रबली ने बताया कि सोमवार को वन विभाग की टीम ने बाघ पकड़ लिया था, अब राहत है। गांवों में जनजीवन आम दिनों की तरह सामान्य हो गया है। किसान खेती-बाड़ी के लिए अपने खेतों पर जा रहे हैं। निर्भीक होकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं।

जानवरों को फिर से चराने के लिए भी जा रहे हैं। क्षेत्रीय वनाधिकारी अभिषेक सिंह ने दुधवा टाइगर रिजर्व के वन्य जीव चिकित्सक डॉ. दयाशंकर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत कम समय में ही बाघ के आतंक से क्षेत्र को छुटकारा दिला दिया। पकड़े गए बाघ को सोमवार देर रात वन विभाग की टीम ने कड़ी निगरानी में बहराइच के चकिया जंगल में उसके सुरक्षित वास में छोड़ दिया है।

# राजा राज राजेश्वर सिंह के प्रयास से युद्ध स्तर पर शुरू हुआ बांध निर्माण कार्य



- मौके पर कार्य की प्रगति देखकर राजा साहब ने खण्ड विकास अधिकारी मानसून से पूर्व कार्य कराने को कहा

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

वर्षों से बाढ़ की विभीषिका झेल रहे क्षेत्रीय किसानों को अब राहत मिलने की पूरी उम्मीद नजर आने लगी है। दरअसल झंडी स्टेट के राजा व वरिष्ठ भाजपा नेता राज राजेश्वर सिंह के विशेष प्रयासों से बाढ़ का पर्याय बना तमोलिनपुरवा बांध निर्माण कार्य तेज़ी से शुरू हो गया है। यह बांध निघासन ब्लॉक के दर्जनों गांवों को बाढ़ से स्थायी सुरक्षा प्रदान करेगा।राजा राज राजेश्वर सिंह ने हाल ही में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर क्षेत्र की बाढ़ संबंधित समस्याओं को सामने रखा और बांध की अनिवार्यता को विस्तार से समझाया। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर विकास विभाग ने तुरंत एक्शन लेते हुए ग्राम निधि और मनरेगा दोनों के संयुक्त सहयोग से काम शुरू करवा दिया। राजा साहब ने मौके पर कार्य को स्वयं देखा व बीडीओ जयेश कुमार से आदमी बढ़ाने व आवश्यकता पड़ने पर उत्तर व दखिन दोनो तरफ से टीम बनाकर कार्य करवाने का आग्रह किया जिससे बरसात से पूर्व कार्य पूरा हो सके। खण्ड विकास अधिकारी ने राजा साहब को बताया कि कार्य तेजी से प्रगति पर है व प्रशासन का लक्ष्य है कि मानसून से पहले यह बांध पूरी तरह बनकर तैयार हो जाए।

# सहायक महाप्रबन्धक गन्ना जितेन्द्र सिंह राणा ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी

**जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी**



मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम के तहत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया के युनिट हेड ओ पी चौहान व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किसानों को चीनी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमण हेतु रवाना किया।भ्रमण के दौरान चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम गदनिया, विक्रमवन, में एक्सपोज़र भ्रमण के तहत एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में प्रगतिशील 62 किसानों ने भ्रमण किया। इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक महाप्रबन्धक गन्ना जितेन्द्र सिंह राणा ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी।

पलिया मिल क्षेत्र के किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान तेजवीर सिंह एवं के प्लॉट गन्ना प्रजाति को118, 14201, 15023 की ट्रेंच विधि से बुआई का अवलोकन किया गया। मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने की सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यवहारिक जानकारी दी। किसानों ने यह कहा कि हमने यहां जो देखा वह अत्यन्त प्रेरणादायक है खेतों में गन्ने की स्थिति बेहद संतोषजनक है, पौधे स्वस्थ हैं, पत्तियां हरी भरी और खेतों की देखभाल अत्यंत वैज्ञानिक तरीके से की गई है।

### जिला अस्पताल में सस्ती और मुफ्त दवाई के दावे हवा-हवाई

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिला अस्पताल में सस्ती दवाओं की बात छोड़िए, फ्री की सरकारी दवाओं की भी कमी है। प्राइवेट मेडिकल स्टोर संचालकों से सांठ-गांठ के चलते भी डॉक्टर बाहर की दवा लिख रहे हैं। इससे मरीज और तीमारदारों को मजबूरन बाहर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। डॉक्टर मरीजों के पर्चे के पीछे या अलग से छोटी पर्ची पर दवाएं लिख रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल में कई मरीजों के पर्चों पर जो दवाएं लिखी गई थीं, उनमें से कई दवाएं जिला अस्पताल के दवा काउंटर और जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध ही नहीं थीं। इसके चलते बहुत से मरीज परेशान नजर आए। दवा काउंटर के पास कई अनपढ़ लोग पर्चा लेकर दूसरों से पूछते नजर आए कि भैया पर्चा पर कौन सी दवा बाहर की लिखी हैं, जरा बता दीजिए। महिला काउंटर पर भी दो महिलाएं अपने बच्चों के चेहरे व शरीर पर दाने निकलने की दवाएं लेने आई थीं। उन्हें दवाएं नहीं मिलीं तो बाहर के मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड़ी। इसी बीच कई मरीजों व तीमारदारों की दवा वितरण काउंटर पर बैठे कर्मियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। मरीजों का आरोप था कि दवाएं हैं लेकिन दी नहीं जा रही हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब ढाई हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। आधे से अधिक मरीजों को सिर्फ पैरासिटामॉल, ओआरएस घोल और गैस की दवा लेकर ही घर लौटना पड़ता है। मंगलवार को भी दवा वितरण काउंटर से कई मरीजों को पैरासिटामॉल और ओआरएस घोल दिया गया। इनमें से कुछ मरीज ऐसे भी रहे जिन्हें इसकी आवश्यकता भी नहीं थी। जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। प्रयास रहता है कि सभी को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। जो दवाएं खत्म हो गई हैं, उन्हें मंगवाया जाएगा। सभी मरीजों को सरकारी काउंटर से आवश्यकतानुसार दवाएं मिलें, यही प्रयास है। जिला अस्पताल में आंख का इलाज कराने पहुंचे ऐलिया निवासी निसार अहमद ने बताया कि डॉक्टर को दिखाने के बाद दवा लेने में करीब डेढ़ घंटे लग गए। पर्चे में चार दवाएं लिखी थीं जिनमें से मात्र दो दवाएं हीं प्राप्त हुई हैं।

# 16 कोच वाली वंदेभारत को 15 जून से प्रयागराज तक चलाने की तैयारी-सीटें होंगी दोगुनी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर-प्रयागराज वंदेभारत पहले लखनऊ तक चलती थी, लेकिन मार्च 2024 में इस ट्रेन का विस्तार प्रयागराज जंक्शन तक कर दिया गया। वर्तमान में इसमें आठ कोच ही लगते हैं। इसमें सात एसी चेयर कार और दो एग्जीक्यूटिव चेयर कार कोच होते हैं।

गोरखपुर से प्रयागराज जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को 15 जून से आठ की जगह 16 कोच लगाकर चलाने की तैयारी है। नई रेक संरचना में कुल 1264 सीटें हो जाएंगी। इसमें एग्जीक्यूटिव श्रेणी के और 14 कोच चेयर कार श्रेणी के रहेंगे। कोच के अनुरक्षण का कार्य अंतिम चरण में है। 10 जून तक ट्रायल करके हरी झंडी मिलने की संभावना है।

गोरखपुर-प्रयागराज वंदेभारत पहले लखनऊ तक चलती थी, लेकिन मार्च 2024 में इस ट्रेन का विस्तार प्रयागराज जंक्शन तक कर दिया गया। वर्तमान में इसमें आठ कोच ही लगते हैं। इसमें सात एसी चेयर कार और दो एग्जीक्यूटिव चेयर कार कोच होते हैं।

ट्रेन में कुल 632 सीटें हैं। अब रेलवे बोर्ड ने ट्रेन में 16 कोच लगाने का निर्णय लिया है। आठ कोच और लगने के बाद 14 एसी चेयरकार और दो एग्जीक्यूटिव चेयर कार कोच हो जाएंगे। इस हिसाब से कुल सीटें 1264 हो जाएंगी।

पिछले दिनों रेलवे बोर्ड के निर्देश पर वंदेभारत की 16 कोच वाली एक रेक गोरखपुर जंक्शन पर लाई गई। रेल प्रशासन की तैयारी है कि 16 कोच को प्रयागराज वाली ट्रेन में लगाया जाएगा और गोरखपुर से प्रयागराज तक चल रही आठ कोच वाली ट्रेन को पटना तक चलाया जाए। लेकिन, अंतिम निर्णय रेलवे बोर्ड से होना है।

## गैंगस्टर मामले का वांछित गिरफ्तार

**कुशीनगर।** गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को पटहेरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गोरखपुर जनपद का निवासी है। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की सुबह गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे आरोपी रमेश गोंड उर्फ रमेश चंद गोंड निवासी नगवा थाना गीडा, गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी गिरोह बंद अधिनियम के मामले में वांछित था। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज दिया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की ठोकर से विद्युत पोल टूटा, 18 घंटे बिजली गुल

**कुशीनगर।** ट्रैक्टर-ट्रॉली के ठोकर से विद्युत पोल टूटने के कारण सिसवा गोपाल गांव में 18 घंटे तक गांव की बिजली सप्लाई ठप रही। इससे लोगों को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खड्डा क्षेत्र के ग्राम सिसवा गोपाल में सोमवार की देर शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की ठोकर से विद्युत पोल टूट गया। लोगों की सूचना पर सप्लाई बंद की गई। विद्युत विभाग मंगलवार दोपहर बाद नया पोल लगाया गया। तब जाकर गांव की सप्लाई बहाल हुई और लोगों ने राहत की सांस ली।

# सरकारी जमीन पर बना था मदरसा, ग्रामीणों संग कमेटी ने खुद से कराया ध्वस्त



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

नेपाल-भारत जुड़े सीमाओं पर अवैध बने मदरसों की चिन्हांकन किया जा रहा है। अवैध मदसरों के संबंध में नोटिस देकर स्पष्टीकरण भी तलब किया जा रहा है। इसी बीच बुधवार को महराजगंज में सरकारी जमीन पर बने मदरसे को कमेटी और गांव वालों ने खुद तोड़ दिया। भारत नेपाल सीमा वर्ती क्षेत्रों में सरकारी जमीनों पर बने अवैध मदरसा व ईदगाह को हटाने की नोटिस के बाद ग्रामीण खुद जागरूक दिखे। जहां नोटिस मिलते ही मदरसा को ग्रामीणों ने खुद हटा लिया। फरेंदा तहसील क्षेत्र के मैनहवां ग्राम सभा में मुस्लिम समुदाय ने सरकारी जमीन बनी अवैध मदरसा को नोटिस मिलने के बाद कमेटी के सदस्यों ने निर्णय लेने के बाद खुद हटा दिया। लोगों ने बताया कि मदरसा काफी दिनों से संचालित रही। सरकार के जारी फरमान के बाद गांव के लोगों ने मदरसा को हटाया है। इसके पहले भी कई गांवों में सरकारी जमीन पर बने मदरसे व ईदगाह को हटाया गया है।

# बंगलूरू में जालसाजी, गोरखपुर के तीन मजदूरों के खातों में आए एक करोड़ रुपये

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

फर्जी खाता (म्यूल अकाउंट) के जरिये एक महिला समेत तीन मजदूरों के खाते में जालसाजी के एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम आई है। बंगलूरू में लोगों से ठगी कर रकम खातों में भेजी गई है। बंगलूरू पुलिस ने केस दर्ज कर गोरखपुर पुलिस के जरिये तीनों खाता धारकों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि पांच हजार रुपये कमीशन का लालच देकर महिला समेत तीन लोगों का खाता खुलवाया गया था। साइबर थाने की पुलिस ने बताया कि महिला से पूछताछ के बाद पता चला है कि खाते में रुपये आने के बाद कोड बताना होता था और ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर हो जाते थे। इसके बाद एक बार में दो से पांच हजार रुपये कमीशन दिए जाते थे। महिला ने ही लालच देकर दो अन्य लोगों का खाता बैंक में खुलवाया था। तीनों में छोटा मोटा काम और मजदूरी करते हैं।

साइबर थाने की पुलिस के मुताबिक, बंगलूरू में एक बड़े कारोबारी के साथ ठगी की घटना हुई है। बंगलूरू पुलिस की जांच में गोरखपुर की महिला समेत दो अन्य के नाम सामने आए हैं। पता चला है कि महिला के खाते में 40 लाख रुपये से अधिक की रकम आई है। साथ ही दो अन्य खातों में भी 40-40 लाख रुपये आए हैं। सभी खातों को फ्रीज करने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है।

साइबर थाने की पुलिस के मुताबिक, बंगलूरू में एक बड़े कारोबारी के साथ ठगी की घटना हुई है। बंगलूरू पुलिस की जांच में गोरखपुर की महिला समेत दो अन्य के नाम सामने आए हैं। पता चला है कि महिला के खाते में 40 लाख रुपये से अधिक की रकम आई है। साथ ही दो अन्य खातों में भी 40-40 लाख रुपये आए हैं। सभी खातों को फ्रीज करने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है।

डेढ़ वर्ष पहले खोला गया था खाता पता चला है कि पिछले डेढ़ वर्ष पहले इन खातों को खोला गया था। तब से कई बार जालसाजी की रकम का टर्नओवर हुआ है। जालसाजों का पूरा नेटवर्क है और रकम आने के चंद दिन बाद ऑनलाइन ट्रांसफर किया जाता है। इसके लिए खाता धारक पांच हजार रुपये पाकर कोड बता देते थे। फिर जालसाज रकम को अपने खाते में ले लेते थे। जांच में पता चला है कि महिला पैडलेगंज के पास रहती है। उसका एक रिश्तेदार वहीं पर ठेला लगाता है। मामले में एसपी क्राइम सुधीर जायसवाल ने बताया कि नोटिस आने के बाद जांच की जा रही है।

## अनियंत्रित होकर खेत में गिरी बाइक, युवक घायल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

बोदरवार-अहिरौली बाजार मार्ग पर सोमवार को देर शाम एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खेत में जा गिरी। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर खेत में ही रात भर पड़ा रहा। मंगलवार को सुबह राहगीरों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को इलाज के लिए कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बाइक चालक हेल्मेट नहीं लगाया था। गोरखपुर के गुलहरिया थाना क्षेत्र के बगला गांव निवासी सत्या प्रसाद (35) सोमवार को अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के घोघरा निवासी देवानंद के घर से अपने ससुराल आया था। वहां से सत्या बोदरवार की तरफ जा रहा था। मझना नाला पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खेत में गिर गई। वही रातभर घायल अवस्था में पड़ा रहा। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# रेलवे में फर्जीवाड़ा: रेल अफसर का लगाया फर्जी लेटर हेड दलाल ने लिखा- 'प्लीज अलॉट', ऐसे आया पकड़ में

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

विजिलेंस ने ट्रेन में चेकिंग कर और यात्री से पूछताछ की तो मामला सामने आ गया। विजिलेंस ने एक दलाल को पकड़ा है, जिससे पूछताछ चल रही है। जल्द ही बड़ा खुलासा हो सकता है।

गर्मी की छुट्टियां होने और सहालग के चलते ट्रेनों में इन दिनों जबरदस्त भीड़ है।

ट्रेनों में कंफर्म सीट पाने के लिए दलालों ने अब एचओ (हेड ऑफिस) कोटे में सेंधमारी कर ली है। रेल अफसरों के फर्जी लेटरहेड पर सीट कंफर्म करा रहे हैं। गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस में बीते दिनों एक मामला पकड़ा गया है। दलाल ने बकायदा फर्जी पैड पर अफसर बनकर प्लीज अलॉट लिखकर अलग से मार्किंग भी कर दी थी।

लेकिन, अधिकारी का हस्ताक्षर पहचानने वाले अलॉट अफसर ने टिकट कंफर्म करके तत्काल विजिलेंस को सूचना दे दी। विजिलेंस ने ट्रेन में चेकिंग कर और यात्री से पूछताछ की तो मामला सामने आ गया। विजिलेंस ने एक दलाल को पकड़ा है, जिससे पूछताछ चल रही है। जल्द ही बड़ा खुलासा हो सकता है।

गर्मी की छुट्टियां होने और सहालग के चलते ट्रेनों में इन दिनों जबरदस्त भीड़ है। इसका फायदा उठाते हुए दलाल टिकट कंफर्म कराने के नाम पर मनमाना वसूल रहे हैं। एचओ कोटा से फर्जी पैड पर टिकट कंफर्म कराने का मामला पहले भी पकड़ा गया था, लेकिन अब तक तक सांसदों के पैड का ही इस्तेमाल किया गया था। पहली बार रेल अधिकारी के फर्जी पैड का इस्तेमाल पकड़ा गया है।

जानकारी के मुताबिक, पांच दिन पहले एक वाणिज्य अधिकारी की नजर ऐसे ही पैड पर पड़ी। कोटा अलॉट करते समय उन्हें जब पैड पर संदेह हुआ तो उन्होंने गिरोह को पकड़वाने के लिए विजिलेंस को सूचना दे दी। उन्होंने कोटा अलॉट कराकर पूरी जानकारी विजिलेंस विभाग को दी। विजिलेंस की टीम ट्रेन में पहुंची और यात्री से पूछताछ की।

यात्री से पूछताछ के बाद टीम ने एक दलाल को पकड़ लिया है, अभी उससे पूछताछ चल रही है। विजिलेंस को शक है कि इस मामले में विभागीय लोग भी मिले हुए हैं। फिलहाल, पूरे मामले की जांच विजिलेंस के अधिकारी कर रहे हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि जिन विभागों से लेटर हेड आ रहा है, वहां संपर्क करके हकीकत के बारे में पता किया जा रहा है।

रेलवे के वाणिज्य विभाग में अब कोटा अलॉट करने वाले अफसर लेटर हेड की क्रॉस चेकिंग करवा रहे हैं। वहीं, रेल अधिकारी भी विभाग में रजिस्टर बनवा लिए हैं, ताकि जिसका टिकट कंफर्म होने के लिए भेज रहे हैं, उसकी डिटेल उनके पास मौजूद रहे। यही नहीं, पिछले कुछ दिनों में आए लेटर हेड की भी निगरानी की जा रही है। एचओ कोटा में आने वाले आवेदनों को समय-समय पर क्रॉस चेक कराया जा रहा है। फर्जीवाड़ा में जो भी संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने एचओ कोटा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। अब अधिकारी को लिखित आवेदन के साथ अपना नाम, पद, मोबाइल नंबर आदि का ब्योरा देना है। हर अफसर को रजिस्टर मेंटेन करना है, ताकि कभी चेक किया जा सके। ट्रेवल एजेंट का आवेदन नहीं भेजना है।

## बेतियाहाता में टप्पेबाज महिलाओं ने महिला के गहने उड़ाए

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

कैंट इलाके के बेतियाहाता में ई-रिक्शा में बैठी एक महिला का युवती समेत छह टप्पेबाज महिलाओं ने गले से चेन चुरा लिया। बेतियाहाता स्थित आवास विकास की रहने वाली पीड़िता पुष्पा मिश्रा की तहरीर पर कैंट थाने में केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।जानकारी के मुताबिक, एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 20 मई को एक वैवाहिक कार्यक्रम से शामिल होकर रेलवे बस स्टेशन से बेतियाहाता स्थित अपने आवास के लिए निकली थी। इस दौरान बेतियाहाता चौराहे से पांच औरतें और एक युवती ई-रिक्शा में बैठी। थोड़ी देर बाद एक महिला ने जोर से पैर को कुचल दिया और बगल में बैठी महिला ने उनकी चुनरी को कस कर खींचा जिससे उनका गला फस गया।

# सगे भाइयों संग मिलकर खालिद चला रहा था मिलावटी पनीर का धंधा- तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने सोमवार को मोहम्मद खालिद के साथ ही पांच अन्य लोगों के खिलाफ मिलावटी पनीर बेचने के आरोप में केस दर्ज कराया था। खालिद हरियाणा के दो भाइयों के साथ ही अन्य लोगों को शामिल कर मिलावटी पनीर का धंधा चला रहा था। बीते 20 मई को उसके पनीर निर्माण स्थल पर छापा मारा गया था। इलाके में मिलावटी पनीर बेचने के तीन आरोपियों को पिपराइच पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान पिपराइच के बरईपुर निवासी मोहम्मद खालिद, हरियाणा के नूह जिले के पुनहाना थाना क्षेत्र के नई गांव निवासी दो सगे भाइयों मोहम्मद वहीद और शकील के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक, खालिद हरियाणा के दोनों भाइयों के साथ मिलकर मिलावटी पनीर का धंधा कर रहा था। तीनों आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें जेल भिजवा दिया।

पुलिस के मुताबिक, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने सोमवार को मोहम्मद खालिद के साथ ही पांच अन्य लोगों के खिलाफ मिलावटी पनीर बेचने के आरोप में केस दर्ज कराया था। खालिद हरियाणा के दो भाइयों के साथ ही अन्य लोगों को शामिल कर मिलावटी पनीर का धंधा चला रहा था। बीते 20 मई को उसके पनीर निर्माण स्थल पर छापा मारा गया था।

इस दौरान मिल्क पाउडर, पाउडर निर्मित दूध, सैकरीन, रीठा, ग्लूकोज, डिटर्जेंट, ह्वाइटनर, पाम ऑयल, गुलाब जल, सोयाबीन समेत अन्य सामान मिले थे। जांच में पता चला कि एक दिन में 32 से 35 क्विंटल पनीर बनाया जा रहा था। सभी सामग्री सील कर परीक्षण के लिए भिजवाया गया है।

## राजस्व टीम और पुलिस के सामने कब्जाधारक उलझे

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

देवरिया नकछेद गांव में मंगलवार को अतिक्रमण हटवाने गए राजस्वकर्मियों से कब्जाधारक उलझ गया। पुलिस ने मामले को शांत कराया। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव के इंद्रजीत का आरोप है कि उनकी निजी जमीन पर गांव के कुछ लोग करीब 10 साल से पुआल आदि रखकर कब्जा किए हैं। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। कब्जा हटवाने के लिए न्यायालय में अपील दायर की। इसके बाद राजस्वकर्मियों ने पैमाइश कर सीमांकन किया। इसके बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। शनिवार को सामाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई। मंगलवार को हलका कानूनगो दिग्विजय नाथ मिश्र व लेखपाल सचिन शर्मा पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर कब्जा हटवाने पहुंचे।

# 12 करोड़ खर्च..फिर भी हर घर जल नहीं पहुंचा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



हर घर जल योजना नगर में धरातल पर नहीं उतर पाया। पानी सप्लाई के नाम पर नगर पंचायत प्रशासन साल दर साल रुपये खर्च करता गया, मगर लोगों को शुद्ध पेयजल मयस्सर नहीं हो पाई।

15 साल पहले बनकर तैयार दो ओवरहेड टैंक से लोगों के घरों तक पानी की सप्लाई देने के लिए डेढ़ साल पहले पाइप बिछाई गई। एक साल से परीक्षण पूरा नहीं होने के कारण अब तक सप्लाई नहीं चालू हो पाया है, हालांकि प्रशासन लगातार कार्यों का भुगतान करता रहा।

वर्ष 2010 में करीब सात करोड़ की लागत से नगर में दो ओवर हेड टैंक तैयार किए गए। जिसके लिए 40 जलपोस्ट बनाए गए। सप्लाई शुरु होते ही लिकेज के कारण सड़क के भीतर बिछाई गई पाइपे फट गईं। दोबारा परीक्षण के नाम पर विभाग ने करीब दो करोड़ रुपये का पाइप बिछा कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया। बावजूद इसके पानी की सप्लाई शुरु नहीं हो पाई। दो साल पहले शुरु हर घर जल योजना से नगर पंचायत प्रशासन ने सड़कों की खुदाई कर फिर से पाइप लगाने का काम शुरु किया। नगर के टेढ़ा स्थान वार्ड, भरटोला वार्ड, मस्जिद वार्ड, शिवाला वार्ड, दुग्धेश्वरनाथ, पकड़ी वार्ड, पूर्वी तिवारी टोला वार्ड में घरों के सामने टोटी भी लगा दी गई। काम कराने वाले फर्म का नगर पंचायत करीब पचास लाख रुपये भुगतान भी कर चुका है। लेकिन सप्लाई के नाम पर एक बूंद पानी भी नहीं पहुंचा। खुदाई के कारण सड़कों की हालत भी खस्ताहाल हो गई है।

नगरवासी अरविंद शुक्ला ने कहा कि नगर में वर्षो से पेयजल के नाम पर भारी घोटाला हुआ है। पाइप बिछाने के नाम पर खर्च कर सिर्फ भुगतान हुआ है। नगरवासियों को खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है। सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया गया।

दुर्गेश पटेल ने कहा कि शुद्ध पेयजल के नाम पर सड़क खोद कर बिगाड़ दिया गया। पाइप बिछाने के बाद परीक्षण के अभाव में एक साल से सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। नगर के लोगों को 15 साल से शुद्ध पेयजल का इंतजार है।

# प्राचार्य ने आरोपों को नकारा, बोले- ज्वाइनिंग के बाद से ही उत्पीड़न

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

संत विनोबा पीजी कॉलेज के प्राचार्य ने अपने ऊपर लगे विभिन्न आरोपों को नकार दिया है। कहा कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार की पहल करने पर कुछ शिक्षक उनके खिलाफ लामंबद हुए हैं। गोरखपुर से रोजाना यहां आने वाले कुछ शिक्षकों के लेट होने पर पूछने से एवं विश्वविद्यालयी परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सहभागिता नहीं करने पर वह ऐसे आरोप लगा रहे हैं। प्राचार्य प्रो.अर्जुन मिश्र ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि 20 मई को सुबह 8ः25 बजे विश्वविद्यालयी परीक्षा के दौरान निरीक्षण करने के दौरान कॉलेज के दो शिक्षकों ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए हमला करने की नियत से मेरे हाथ से रजिस्टर छीन लिया। कुछ शिक्षकों के बचाव करने पर स्थिति शांत हुई। यह घटना पूर्व सुनियोजित थी। एक महिला शिक्षक जिनकी कमरे में ड्यूटी थी।

वह ड्यूटी छोड़कर महिला छात्रावास में जाकर एक शिक्षक को बुलाने चली गईं। इस पूरी घटना का वीडियो साक्ष्य भी उनके पास उपलब्ध है। कार्यभार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद से ही कुछ चिन्हित शिक्षक अप्रत्यक्ष रूप से मुझे धमकाते रहे हैं। एक शिक्षक की नाराजगी इसलिए है कि उन्हें उड़ाका दल में शामिल नहीं किया गया। समाजशास्त्र विभाग के एक शिक्षक समय से नहीं आते तो उन्हें कई बार नोटिस दी चुकी है। उनके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने की बात सरासर गलत है। वह एनएसएस के समन्वयक हैं, लेकिन आज तक कितने कार्यक्रम कराए, इसकी कोई रिपोर्ट नहीं दिए। ऐसे में कॉलेज में दोनों एनएसएस की इकाई समाप्त हो गई। शिक्षक संघ की आड़ में प्राचार्य पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। जब किसी को ड्यूटी करने के लिये कहा जाए, हस्ताक्षर करने की सुविधा न दी जाय, पढ़ाने के लिए दबाव दिया जाए तो परेशान करना एवं हर प्रशासनिक कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया जाता है। इसका सीधा प्रभाव महाविद्यालय की प्रतिष्ठा पर पड़ रहा है।

## निगम के बेड़े में जुड़ेंगी मिनी बसें

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

डिपो स्तर पर जल्द ही मिनी बसों की सुविधा यात्रियों को मिलेगा। ये बसें 40 से 42 सीटर होंगी। इन्हें लोकल के साथ ही लंबी दूरी वाले मार्गों पर चलाने की योजना हैं।

देवरिया डिपो को 10 बसें मिलने की बात कही जा रही है। अधिकतर लोकल रूट पर 52 सीटर बसें चलती हैं। इनमें अनुबंधित बसों की संख्या अधिक है। अब परिवहन निगम की बसें भी लोकल रुटों पर संचालित की जाएंगी।

देवरिया डिपो के क्षेत्रीय प्रबंध कपिलदेव प्रसाद ने बताया कि परिवहन निगम मुख्यालय की ओर से मिनी बसें चलवाने का निर्णय लिया गया है। गोरखपुर परिक्षेत्र की ओर से कुल 70 बसों की मांग की गई है, इसमें 10 बसें देवरिया डिपो को मिलने की संभावना है।

# खोराबार पुलिस ने तीन पशु तस्करों को दबोचा- 6 माह पहले आए गाड़ी छोड़कर भागे थे

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



खोराबार थाना प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने बताया कि 22 दिसंबर 2024 को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दो पिकअप से आए पशु तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग गए थे। दोनों पिकअप में नौ गोवंश मिले थे। तीनों पशु तस्करों पर खोराबार थाने में केस दर्ज किया गया था। पुलिस इनकी तलाश में थी। पांच माह बाद मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों को मंगलवार सुबह क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

खोराबार इलाके में मंगलवार को तीन पशु तस्करों को पुलिस ने दबोच लिया। तीनों की पहचान बेलीपार क्षेत्र के क्योन्हारा टोला निवासी इब्राहिम के बेटे सूरज उर्फ राज, आंबेडकरनगर के टांडा कोतवाली थाना क्षेत्र के मुहल्लामनहरान निवासी मोहम्मद जुनैद और बेलीपार क्षेत्र क्योन्हारा टोला के मुकेश के रूप में हुई। तीनों से पूछताछ कर पुलिस ने जेल भिजवा दिया।

खोराबार थाना प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने बताया कि 22 दिसंबर 2024 को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दो पिकअप से आए पशु तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग गए थे। दोनों पिकअप में नौ गोवंश मिले थे। तीनों पशु तस्करों पर खोराबार थाने में केस दर्ज किया गया था। पुलिस इनकी तलाश में थी। पांच माह बाद मुखबिर की सूचना पर तीनों आरोपियों को मंगलवार सुबह क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक सूरज पर पशु तस्करी से संबंधित सात केस खोराबार, गुलरिहा, चिलुआताल, बेलीपार और चौरीचौरा थाने में पहले से दर्ज हैं। इसी तरह मुकेश पर खोराबार, गीडा और बेलीपार थाने में पशु क्रूरता और आबकारी एक्ट में चार केस दर्ज हैं।

मोहम्मद जुनैद पर आंबेडकर नगर के टांडा कोतवाली और खोराबार थाने में पशु क्रूरता का केस दर्ज किया गया है। तीनों आरोपी काफी समय से पशु तस्करी के धंधे में लिप्त हैं। इनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां पुलिस ने जुटाई हैं। इसके आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है।

# प्रभारी मंत्री ने बैठक कर जनपद के राजस्व विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की परखी हकीकत

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद के राजस्व, विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारीगण सरकार के मंशानुरूप कार्य करें। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक वंचित एवं पात्र व्यक्ति को उपलब्ध कराएं। प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड के संदर्भों की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन विभागों की प्रगति एवं रैंकिंग खराब है, उसमें सुधार लाएं। योजनओं के संचालन हेतु गंभीरता एवं तत्परता से कार्य करें। उन्होंने विद्युत विभाग को शहर, तहसील व ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब ट्रांसफार्मरो को निर्धारित समय अवधि में बदलने, उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों को सुधार कार्य में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी को इस कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत के अनुपस्थित होने पर एक दिन का वेतन रोकने तथा कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थियों के आवेदनों की त्रुटियों को दूर कराकर योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। विगत वर्षों में आपदा/बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के संबंधित कृषकों को चिन्हित कर अनिवार्य रूप से उनकी फसलों का फसल बीमा कराने के निर्देश दिए। डीजल इंजन से सिंचाई करने वाले कृषकों को चिन्हित एवं प्रेरित कर प्रधानमंत्री कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पंप लगाए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि 108 एवं 102 एम्बुलेंसों की नियमित जांच कर उसमें उपलब्ध उपकरणों की उपलब्धता, क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए तथा जरूरतमंदों को शासन की मंशानुरूप त्वरित गति से एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाए। आयुष्मान योजना से प्रत्येक पात्र व्यक्ति/परिवार को आच्छादित किया जाए। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों का सर्वे कराकर सभी का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए।

बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा संबंधित कार्यदाई संस्था पर एफआईआर करने एवं ब्लैक लिस्ट कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक कार्मिकों को लगाकर मुख्यमंत्री के अपेक्षा के अनुसार जनपद में फैमिली आई डी के प्राप्त लक्ष्य को अति शीघ्र शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत एवं राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत मद में प्राप्त धनराशि का समय से सदुपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी ग्राम पंचायत में उक्त मदो में प्राप्त धनराशि समर्पित न हो तथा डीपीआरओ को स्थिति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास एवं व्यक्तिगत शौचालय से कोई पात्र वंचित न रहे। ग्राम पंचायतों में बनाए गए आर.आर.सी. सेंटर का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध समय में पूरा करने के निर्देश दिए, ऐसा न करने वाली कार्यदाई संस्थानों पर पेनाल्टी लगाने व विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों एवं कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को बैठक में योजनाओं की पूरी जानकारी एवं तैयारी के साथ आने तथा किसी भी सवाल का समुचित जवाब देने के निर्देश दिए। इस दौरान माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा कानून व्यवस्था एवं कर करेत्तर कार्यों की भी समीक्षा की गई उन्होंने सभी विभागों को जनपद हेतु निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति के निर्देश दिए।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने जनसुनवाई कर निस्तारण का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं महिला उत्पीड़न के मामलों में महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य हेतु सदस्य, राज्य महिला आयोग जनक नंदिनी द्वारा जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विकास खंड सभागार उतरौला में महिला जनसुनवाई की गई एवं संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कुल 11 प्रकरणों की सुनवाई की गई। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल कार्यवाही करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारणकिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।इसके उपरांत सदस्या द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया एवं मरीजों से वार्ता की गई तथा उन्होंने अस्पताल में बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था एवं मरीज के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उतरौला, जिला कारागार, वन स्टॉप केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र रजयी हनीडीह में आयोजित गोदभराई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड अधिकारी उतरौला, खण्ड शिक्षाधिकारी उतरौला, नायब तहसीलदार उतरौला, ज्योतिश्री क्षेत्राधिकारी नगर बलरामपुर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संयुक्त जिला चिकित्सालय, प्रदीप कुमार द्विवेदी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, अनिल द्विवेदी मण्डल सलाहकार बाल संरक्षण देवीपाटन मण्डल गोण्डा, गोल्डी चर्तुदेवी सेन्टर मैनेजर, ममता सिंह यादव प्रभारी चौकी वन स्टॉप सेन्टर, कविता पाल साइको सोशल काउन्सलर वन स्टॉप सेन्टर, बलरामपुर तथा सुनील कुमार वर्मा आंकड़ा विश्लेषक, आउटरीच कार्यकर्ता, राजेश कुमार, आउटरीच कार्यकर्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई, बलरामपुर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू का सेवन करते हुए पकड़े जाने पर हुआ जुर्माना




जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शैवाल के निर्देश के क्रम में नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष सिंह के नेतृत्व में जनपद के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा तंबाकू एवं धूम्रपान निषेध कार्यक्रम के तहत संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तंबाकू सेवन करने वाले लोगों के प्रति अभियान चलाया गया जिसमें कोटपा अधिनियम 2003 का उल्लंघन करते हुए धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन करते हुए पाए जाने पर 9 लोगों के विरुद्ध जुर्माना किया गया एवं तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम के द्वारा लोगों को धूम्रपान एवं तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया।

# अभिभावक–शिक्षक बैठक में छात्र–छात्राओं के प्रगति पर चर्चा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में बुधवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित किया गया । बैठक में अभिभावक विद्यार्थियों की प्रगति से अवगत हुए।

जानकारी के अनुसार 28 मई, 2025 को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी के नेतृत्व में उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में कक्षा-9 से 12 तक के कक्षा अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों की कापियां अभिभावकों को दिखायी गयी, जिसमें उन्हें अपने-अपनें बच्चों की शैक्षणिक स्थिति का स्पष्ट आकलन हो सके। शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थियों की प्रगति, कमजोरियों, व्यवहार और कक्षा में प्रदर्शन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अभिभावकों नें बढ-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बच्चों की पढ़ाई के बारे में शिक्षकों से विस्तारपूर्वक बातचीत की।

कई अभिभावक ने शिक्षकों से सुझाव भी लिए कि वे अपने बच्चों की में कैसे सुधार ला सकते है। इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई में सहयोग मिलेगा, बल्कि विद्यालय और घर के बीच समन्वय भी और अधिक मजबूत होगा। साथ में यह भी कहा कि इस प्रकार की बैठकों से न केवल बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार



आता है, बल्कि शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य कर सकते है। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रभावशाली बनाने के लिए विद्यालय, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक इन चारों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विद्यालयों में समय-समय पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाता है। इस बैठक का उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं उनकी कमजोरियों व सुधार क्षेत्रों पर चर्चा करना था। बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई को लेकर विस्तार से बातचीत की और शिक्षकों द्वारा दिये गये सुझावों को सराहा। विद्यालय द्वारा इस प्रकार की पारदर्शिता और संवाद को बढ़ावा देने की पहल की सभी अभिभावकों ने सराहना की और नियमित रूप से इस प्रकार की बैठकें आयोजित करने की मांग की। शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की स्थिति की जानकारी देते हुए अभिभावकों को सहयोगात्मक सुझाव भी प्रदान किये जिससे बच्चों की शिक्षा और बेहतर हो सके। अंत में प्रबन्ध निदेशक नें बताया कि अभिभावक-शिक्षक बैठक से विद्यालय के छात्र-छात्राओं-शिक्षक-अभिभावक के बीच सहयोग और संवाद को और अधिक सशक्त बनाने में मदद करता है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव सहित कक्षा- 9 से 12 तक के अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन कराया गया वृक्षारोपण व बागवानी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन बुधवार को शिविर संयोजक ज्ञानेश्वर नाथ मिश्रा ने निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार 28 मई को आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।शिविर के तीसरे दिन बच्चों ने योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक मनोज यादव द्वारा सूर्य नमस्कार, वृक्षासन और श्वास अभ्यास शामिल रहे। प्राची सिंह एवं अन्य शिक्षकों द्वारा बच्चों को समूहों में बांटकर कला और क्राफ्ट की गतिविधियां कराई गईं। जिसमें चित्रकला, हस्तशिल्प और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से बच्चों के रचनात्मकता को निखारा। रजनीश मिश्रा द्वारा खेलकूद सत्र में शतरंज और कैरम जैसे इनडोर खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खूब आनंद लिया।

शैक्षिक नवाचार के तहत स्मार्ट टीवी पर वर्चुअल लैब के माध्यम से प्रैक्टिकल लर्निंग का अनुभव प्रदान किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न आयामों की जानकारी रोचक और इंटरैक्टिव तरीके से दी गई। जिससे बच्चों में डिजिटल कौशल का विकास हो रहा है। बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए सुजीत शुक्ला,आकांक्षा सिंह एवं शिवांगी श्रीवास्तव द्वारा रोजाना एक घंटे का पब्लिक स्पीकिंग सत्र आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा हेमलता सिंह द्वारा कहानी लेखन, वाचन,वृक्षारोपण और बागवानी जैसी गतिविधियों द्वारा बच्चों को प्रकृति और साहित्य से जोड़ने का प्रयास किया गया। समर कैंप का संचालन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। प्रधानाचार्य डॉ डी पी सिंह ने निरीक्षण के दौरान बच्चों को सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की रुचि के अनुरूप गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए।

## बस और ट्रक की भिड़ंत, 14 घायल, एक घंटे बाद पहुंची एम्बुलेंस

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

तीर्थयात्रियों की बस यूपी के महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र से मथुरा-वृंदावन होते हुए बद्रीनाथ की तीर्थ यात्रा पर करीब 60 यात्रियों को लेकर निकली हुई है। मंगलवार की रात तीर्थयात्री मथुरा-वृंदावन के दर्शनों के बाद लौट रहे थे कि रात 8ः00 बजे के करीब जारौठ के बस और ट्रक के बीच भिंड़त हो गई। अलीगढ़-मथुरा रोड स्थित गांव जारौठ के पास मंगलवार रात तीर्थ यात्रियों से भरी बस और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक सहित 14 लोग घायल हुए हैं। घायल तीर्थयात्री महोबा के रहने वाले हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। तीर्थयात्रियों की बस यूपी के महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र से मथुरा-वृंदावन होते हुए बद्रीनाथ की तीर्थ यात्रा पर करीब 60 यात्रियों को लेकर निकली हुई है। मंगलवार की रात तीर्थयात्री मथुरा-वृंदावन के दर्शनों के बाद लौट रहे थे कि रात 8:00 बजे के करीब जारौठ के बस और ट्रक के बीच भिंड़त हो गई।

# मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के वित्त समिति का सदस्य बने सर्वेश सिंह

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी मॉ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की स्थापना में महती भूमिका निर्वहन करने हेतु महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सर्वेश सिंह प्रबन्धक कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरदौरी श्रीदत्तगंज बलरामपुर को मॉ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण समिति वित्त समिति का सदस्य नामित किया गया है। जानकारी के अनुसार सर्वेश सिंह को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की वित्त समिति में सदस्य नामित किये जाने पर जिले में हर्ष का माहौल है। लोग उन्हें बधाइयाँ दे रहे हैं और उनके इस सम्मान को उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम मान रहे हैं। पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर विश्व विद्यालय स्थापना की मांग की जा रही थी, जिसको लेकर सर्वेश सिंह के नेतृत्व में एक जनांदोलन किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 15 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोयलरा ग्राम में विश्वविद्यालय निर्माण की आधारशिला रखी। गौरतलब है कि सर्वेश सिंह को पत्रकारिता का 24 वर्षों से अधिक का अनुभव है, जिसमें उन्होंने अपनी पत्रकारिता के माध्यम से समाज के विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने तमाम सामाजिक संगठनों में महती भूमिका निभाई है और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। सर्वेश सिंह की नियुक्ति से जिले के विकास और विश्वविद्यालय के विकास में नई दिशा मिलेगी साथ ही जिले के छात्रों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं मिलेंगी। यह मनोनयन शिक्षा जगत के लिए एक सार्थक दिशा का संकेत भी है। सर्वेश सिंह को वित्त समिति का सदस्य बनाये जाने पर सदर विधायक पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष डा धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष भाजपा रवि मिश्रा, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, संजय शर्मा, संदीप उपाध्याय व कपिल मदान सहित तमाम गणमान्यजनो ने बधाई एंव शुभकामनाएं दी हैं।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, ग्रामीण की मौत, परिवार में छाया मातम

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

ग्रामीण के बेटी की शादी अगले महीने है। वह एक दावत में बाइक से जा रहे थे। एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मारी। घायल ग्रामीण की कुछ समय बाद मौत हो गई।

बाइक सवार ग्रामीण दावत में जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से ग्रामीण घायल हो गए, बाद में उसकी मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया।

अलीगढ़ के थाना पालीमुकीमपुर अंतर्गत गांव चंदुआ गोवर्धनपुर निवासी 42 वर्षीय रघुवीर पुत्र रामफल बाइक से अपने ससुर के साढ़ू अनार सिंह के नाती के मंडप प्रतिभोज में थाना दादों क्षेत्र के गांव हारनपुर कला जा रहे थे। 27 मई देर रात गांव कंचनपुर पुलिया के पास पहुंचते ही उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से वह गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे गांव के लोगों ने घायल का सांकरा के निजी चिकित्सक में उपचार कराया।

# बैंक, डाकघर व जन सेवा केंद्रों पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के सभी थानों की पुलिस ने बुधवार को संबंधित थाना क्षेत्र के बैंकों डाकघरों जनसेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा हेतु चेकिंग अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार 28 मई को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा बैंकों डाकघरों जनसेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों की शुरक्षार्थ जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों व चौकी प्रभारियों को बैंकों, डाकघरों व वित्तीय संस्थानों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको, डाकघरों तथा वित्तीय संस्थानों के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको, डाकघरों तथा वित्तीय संस्थानों के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता कर सुरक्षा के सभी उपकरण सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म को चेक किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया। साथ ही बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

# जैनिथ के विद्यार्थियों ने समर कैंप में सीखा योगाभ्यास

जन एक्सप्रेस । खुर्जा

जैनिथ पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप में बुधवार को विद्यार्थियों ने योगाभ्यास सीखा और आर्ट व क्राफ्ट से संबंधित प्रेरणादायक गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्कूल में आयोंजित किए जा रहे कैंपों को आज की सबसे बड़ी जरूरत बताया। तहसील के निकट स्थित जैनिथ पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में आज सुबह विद्यार्थियों को योग का अभ्यास और ओइम मंत्र का उच्चारण कराया गया। इसके बाद बच्चों से आर्ट और क्राफ्ट से संबंधित प्रेरणाप्रद गतिविधियां कराई गइं। इसमें विद्यार्थियों ने क्ले से चाबी का गुच्छा, कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलों से जिराफ और फूलदान जैसे आइटम बनवाए गए। इस अवसर पर स्कूल के



डायरेक्टर राहुल राठी ने कहा कि बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों से जोड़े रखने के लिए समर कैंपों का आयोजन आज की सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि समर कैंपों के आयोजनों से विद्यााार्थियों का शरीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों का हाह्वानकिया कि वह समर कैंप की उपयोगिताओं का अधिकतम लाभ उठाएं। समर कैंप की समाप्ति पर विद्यार्थी भेल पूरी और फ्रूटी पाकर आनंदित हो गए।

## फॉर्मूला 10 के साथ ट्रैक पर रखा कदम

जन एक्सप्रेस । आगरा

पेप्सिको की इलेक्ट्रिफाइंग एनर्जी ड्रिंक स्टिंग एनर्जी ने ऑफिशियल एनर्जी ड्रिंक पार्टनर के तौर पर आधिकारिक रूप से फॉर्मूला 1 की तेजी से दौड़ती दुनिया में कदम रख दिया है। आधिकारिक घोषणा से पहले ही यह साझेदारी फैन्स के बीच चर्चा की विषय बन गई थी। इस चर्चा का आधार बनी वायरल हुई एक खास आवाज। यह आवाज ट्रैक से लेकर स्क्रीन्स तक, दुनियाभर मेंहर जगह छाई हुई है।

फॉर्मूला 1 जैसे स्पोर्ट में प्रशंसक हर छोटी से छोटी बात पर ध्यान देते हैं। इन्हीं बारीकियों के बीच स्टिंग एनर्जी ने इस स्पोर्ट के सबसे खास पहलू यानी आवाज (साउंड) के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। 23 मई, 2025 को विश्व विख्यात डीजे एवं प्रोड्यूसर आरमिन वैन बुरेन ने एक चौंकाने वाली खोज करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने साउंड ऑफ स्टिंग (स्टिंग की आवाज) पर ध्यान दिलाया, जो एफ1 इंजन की आवाज से मेल खाती है। रेस रिकॉर्डिंग से ऑडियो लेयर को आइसोलेट करते हुए आरमिन ने इसकी म्यूजिक की खास आवाज और इंजन पिच के बीच विशेष समानता का अनुभव किया। उनकी पोस्ट ने दुनियाभर में फैन्स, क्रिएटर्स और यहां तक कि एफ1 के दिग्गजों को भी आकर्षित किया। इसी के साथ चर्चा का विषय बन गई स्टिंग एनर्जी। स्टिंग एनर्जी ने फॉर्मूला 1 से पहले से किसी जुड़ाव के बिना ही फैन्स के बीच अपनी पहचान कायम कर दी। इस साउंड ऑफ स्टिंग को लेकर लोगों के उत्साह में फॉर्मूला 1 लीजेंड जेनसन बटन और 2025 एफ2 मोनैको ग्रां प्री विजेता कुश मैनी भी जुड़ गए। अपनी उत्साही प्रतिक्रियाओं के साथ उन्होंने चर्चा को और गर्म कर दिया।

# बीफार्मा की परीक्षा देने जा रहे छात्र की चाकू घोंप कर हत्या

- सिकरारा थाना अंतर्गत कुरनी गांव के समीप जौनपुर रायबरेली हाइवे पर हुई यह दुस्साहसिक वारदात
- मछलीशहर कोतवाली के जमालपुर गांव निवासी था मृतक, पड़ोसियों से चल रही है पुरानी अदावत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

सिकरारा जौनपुर रायबरेली हाइवे पर सिकरारा थाना क्षेत्र के कुरनी गांव के समीप बुधवार सुबह परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार युवक की चाकू गोदकर हत्या करने से सनसनी फैल गई।

लबे रोड पर दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। मृतक मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव का बताया जा रहा है। घटना का कारण एक लड़की से आशनाई की बात खुलकर सामने आ रही है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौके पर पहुँचे परिजनों को थाने लाकर पुलिस आरोपियों की खोजबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव के भोला यादव का दूसरे नम्बर का बेटा अनुज यादव 22 वर्ष शहर के प्रसाद इंजीनियरिंग कालेज पचहटिया में बीफार्मा अंतिम वर्ष का छात्र है।





### आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगी हैं तीन टीम

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बुधवार को बयान जारी करके मीडिया को बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी हुई हैं। क्योंकि मृतक अनुज यादव जब अपने घर से परीक्षा देने के लिए निकला था। इस दौरान मनोज यादव भी उसके पीछे-पीछे बाइक से अपनी साजिश को अंजाम देने लिये उसका पीछा कर रहा था। उन्होंने बताया कि हत्या का आरोप मनोज यादव नामक युवक पर लगा है। जो मृतक का पड़ोसी बताया जाता है। परिजनों और स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है। इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है

वुधवार को वह अपने कॉलेज में परीक्षा देने जा रहा था। सुबह सात बजे घर से परीक्षा देने बाइक से निकला था। वह जैसे ही कुरनी गांव के पंचायत भवन के समीप पहुँचा, तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार को देखकर अपनी बाइक छोड़कर सामने के मिक्सर प्लांट की तरफ भागा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार अनुज को दौड़ाकर दबोचते हुये हाइवे किनारे प्लांट के जेनरेटर की आड़ में ले गए। वहां ले जाकर उसके गले के बाई ओर कनपटी के पास चाकूघोप कर हत्या कर दी गई। सड़क पर खड़े लोग दूर से यह देखते रहे। सड़क के उस पार एक चरवाहा लाठी लेकर दौड़ाया तो हमलावर बाइक स्टार्ट कर मछलीशहर की तरफ फरार हो गए। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर सीओ सदर परमानन्द कुशवाहा, थानाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व सुजानगंज के यजुवेंद्र सिंह मयफोर्स मौके पर पहुँच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। मौके पर पहुँची मृतक की माँ व बहन को थाने लाकर मामले की तहकीकात में जुट गई।

### मृतक के हाथ में लिखा हत्यारे की गाड़ी नंबर

शहर के प्रसाद इंजीनियरिंग कालेज पचहटिया में बीफार्मा अंतिम वर्ष के छात्र अनुज यादव 22 वर्ष की चाकू घोंप कर हत्या के मामले में पुलिस भी अब जांच पड़ताल में उलझ गई हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि वारदात को अंजाम देने के बाद जाते-जाते बदमाशों ने मृतक के बाएं हाथ पर एक गाड़ी का नंबर लिख दिया है। इस नंबर में अंग्रेजी में यूपी 62, 3280 लिखा हुआ है। इस संबंध में पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि इसे लिखकर बदमाश पुलिस की जांच का दिशा भी भटकाने का प्रयास कर सकते हैं। क्योंकि इस नंबर की जांच पड़ताल में जब पुलिस ए आरटीओ कार्यालय से छानबीन करेगी। तो कई दिन लग जाएंगे। उधर मौका पाते हैं घटना के मुख्य आरोपी रफू चक्कर हो सकते हैं। फिलहाल मामला जो भी हो लेकिन पुलिस के लिए मृतक के हाथ पर लिखा गया नंबर जांच की अहम कड़ी बन गया हैं।

### हत्यारों के सुराग में जुटी पुलिस

जिले के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी भोला यादव के बेटे अनुज यादव 22 वर्ष के हत्यारे को दबोचने के लिए पुलिस टीम गहराई से जुट गई है। वैसे पुलिस की जांच में अभी तक इस पूरी घटना का कारण आशनाई बताया जा रहा है। यह लड़की मृतक के कॉलेज अथवा पास पड़ोस की है । इसकी भी जांच पुलिस ने शुरू कर दिया है। मृतक का एक लड़की से इश्कबाजी करने के दौरान मनोज यादव नामक एक युवक के साथ कई बार विवाद हो चुका है। फिलहाल मामला जो भी हो लेकिन पुलिस मृतक के मोबाइल नंबर से ही इस पूरे घटनाक्रम का सुराग खोजने में लग गई है। इसके लिए पुलिस अनुज के कुछ दोस्त से भी पूछताछ कर सकती है। जो प्रसाद इंजीनियरिंग कालेज पचहटिया में बीफार्मा अंतिम वर्ष के उसके अभिन्न मित्र हैं।

# अंतर्जनपदीय महिला चेन काटने के गिरोह का खुलासा

- पांच महिला समेत 6 गिरफ्तार, एक बोलेरो ?19 हजार नगद बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**बरसठी।** जिले की बरसठी थाना पुलिस ने बुधवार को महिलाओं के गले से सोने का चैन काटने वाली महिलाओं के एक अंतर्जनपदीय गैंग का खुलासा किया है।

पुलिस ने इस मामले में पांच महिलाओं समेत छह लोगों गिरफ्तार कर उनके पास से 19 हजार, सात सौ रुपए नकद व एक बोलेरो बरामद किया है।

ये सभी बरसठी थाना क्षेत्र के रायपुर दुर्गा देवी से महिलाओं के गले से चैन काटने की वारदात में शामिल थी।

पुलिस ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 20 मई को दुर्गा देवी मंदिर में दर्शन करने के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर चैन काटने वाली महिलाओं के गैंग ने कई महिला के गले से सोने की चैन काट लिया था। इस मामले में गहलाई गांव निवासी राकेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी में संदिग्ध महिला की पहचान करते हुए तलाश में जुट गई थी।

एक सप्ताह बाद दूसरे मंगलवार को जब दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। उस समय दुर्गा देवी मंदिर पर उक्त गिरोह से जुड़ी संदिग्ध महिला की फोटो लेकर सादे ड्रेस में कई महिला पुलिस कर्मी और थाने के उप निरीक्षक मौजूद रहे। तभी मुखबिर ने बताया कि संदिग्ध महिला अपनी गैंग के साथ बोलेरो से सवार होकर मन्दिर के पास आ गई है। फोटो से पहचान कर भीड़ में घटना को अंजाम देने के लिए खड़ी महिला को महिला सिपाही ने पकड़ कर मंदिर से बाहर ले आयी। बाहर मौजूद थाना प्रभारी राजेश यादव, उपनिरीक्षक रामभवन यादव, हरेन्द्र प्रसाद, ने महिला से पूछताछ की तो उसने अपना नाम रीता देवी ग्राम परसई,कोतवाली जनपद गाजीपुर बताया।

उसके बताने पर पुलिस ने अगल बगल से उसकी गैंग की अन्य महिलाओं तारा देवी निवासी बढ़ौना थाना फूलपुर जिला वाराणसी, मंगरा देवी निवासी मकरा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर, गीता निवासी हिरावनपुर थाना सिंधौरा जिला वाराणसी, मीरा निवासी हिरावनपुर सिंधौरा, वाराणसी, संतोष राम निवासी तुरना थाना नन्दगंज जिला गाजीपुर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 19 हजार 7 सौ नगद व एक बोलेरो रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 61 ए एस 0567 बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि सभी लोग गैंग बनाकर बोलेरो से घटना को अंजाम देते थे। लोगों का इस गिरोह पर शक न जाए इससे बचने के लिए बोलेरो गाड़ी में आगे माता रानी की चुनरी, नारियल प्रसाद और माला भी रखे रहते थे।

### नवरात्र में चलता है खास सीजन

**बरसठी।** महिलाओं के गले से सोने की चैन काटने में माहिर इस गिरोह की सरगना गाजीपुर जिले के नगर कोतवाली अंतर्गत ग्राम परसई निवासी रीता देवी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि इस धंधे में उनका परिवार और कुछ रिश्तेदार शामिल रहते हैं। पुलिस ने दावा किया कि बोलोरो गाड़ी को इन लोगों ने अवैध कमाई से ही खरीदा है। शारदीय नवरात्र, चैत्र रामनवमी के समय में इनकी कमाई का मुख्य सीजन होता है। बड़े महानगरों में पुलिस की जांच पड़ताल अधिक रहती है सीसीटीवी कैमरे लगे रहते हैं इसलिए वहां के मंदिरों में इस घटना को अंजाम देने में रिस्क रहता है। ग्रामीण इलाकों में आज भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। जिससे गिरोह को सफलता मिलती है।

### महिलाओं के गले से सोने की चेन काटने में माहिर है यह गिरोह

# प्रेम की पराकाष्ठा में द्वैत समाप्त हो जाता है- आचार्य बसंत शुक्ल



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

बुधवार को जनपद के रामपुर नद्दी स्थित ग्राम सभा में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठ दिवस पर व्यासपीठ से आचार्य बसंत शुक्ल ने कहा कि, प्रेम की पराकाष्ठा में द्वैत समाप्त हो जाता है। जब संबंध स्वार्थ पर आधारित होता है तब दूसरे उपादान की उपस्थिति आवश्यक है।सच्चे अर्थों में प्रेम-रस में डूबते हैं तो दूसरा अनुपस्थित हो जाता है ।उस समय हम ही हम होते हैं।तब मैं ही अकेला रहता हूँ और यार की महफ़िल होती है यह एकत्व बोध ही प्रेम की कसौटी है। गोपियों की भाव दशा ऐसी ही थी। यजमान राजकुमारी देवी धर्मपत्नी चंद्रभान तिवारी ने सपरिवार षष्ठ दिवस की कथा श्रवण किया। कथा में कुलगुरु अशेष शुक्ल, कमला देवी, उर्मिला तिवारी, जमुना प्रसाद तिवारी, रीता तिवारी, विजय शंकर तिवारी, ज्योति तिवारी, बीना तिवारी, प्रभा शंकर तिवारी, जूही, सिद्धि, शिवानी, शांति, विकास, ध्वनित, आरव, आरवी, ऋषा, पं. ओंकार नाथ मिश्र, अशोक मिश्र समेत श्रोतागण उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने व्यापारी पर किया चाकू से जानलेवा हमला



- बदमाशों के ख़ौफ से कचगांव बाजार में बंद हो गई दुकाने

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**जफराबाद।** जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। तिहरे हत्याकांड से इलाका थर्राया ही था कि बेखौफ बदमाशों ने कचगांव बाजार में बुधवार की सुबह एक व्यापारी को उसकी दुकान पर ही चढ़ कर चाकू और पंच से जानलेवा हमला कर दिया।

बाइक से आये आधा दर्जन बदमाशों द्वारा दुकानदार पर किये गए इस अचानक हमले से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। पास पड़ोस के लोगों ने अपनी दुकानों का शटर गिरा दिया। बाद में जब बदमाश वापस चले गए तो लोग अत्ताउल्लाह की दुकान पर पहुंचे और घटना का कारण पूछे लेकिन व्यापारी कुछ नहीं बता सका।

जानकारी के मुताबिक कचगांव नगर पंचायत के वार्ड जेठपुरा निवासी अताउल्लाह अंसारी 52 वर्ष ने बाजार स्थित शराब ठीके के बगल में जूते चप्पल और जनरल स्टोर की बड़ी दुकान खोल रखी है।

सुबह करीब 11 बजे जब वह अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। इस दौरान पांच बाइक से 11 की संख्या में आये लोग उनकी दुकान के सामने खड़े हुए। इनमें छह लोग दुकान में अन्दर घुस गये। और दुकान मालिक अताउल्लाह से पूछा कि काहें को मारे हो कहक उन पर चाकू और पंच से वार कर दिया। व्यापारी की माने तो हमलावर असलहा भी लिये थे। जाते-जाते उन लोगों ने हिदायत भी दिया कि दोबारा फिर आएंगे तो जान से मार देंगे।

खबर लगते ही जफराबाद पुलिस चौकी प्रभारी मनोज राय मौके पर पहुंचे। उन्होंने खून से लथपथ व्यापारी को अस्पताल ले जाकर उसका इलाज कराया।

बाद में पुलिस ने व्यापारी से प्रार्थना पत्र लेकर मेडिकल कराते हुए केस दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में जफराबाद के प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज राय ने बताया कि तहरीर लेकर केस दर्ज कर लिया गया है। रोड की दुकान पर लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे की फुटेज को चेक किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय माहवारी दिवस पर जन विकास संस्थान एवं स्वास्थ्य विभाग मडियाहूं के संयुक्त द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

मड़ियाहूं। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के कुंभ में अंतरराष्ट्रीय माहवारी दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार 11.00 बजे मडियाहूं क्षेत्र के कुंभ ग्राम में जन विकास संस्थान एवं स्वास्थ्य विभाग मड़ियाहू के संयुक्त टीम द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 105 महिलाओं, अभिभावकों, किशोरियों तथा बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. शालिनी और डॉ. रेहनुमा ने माहवारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया। उन्होंने माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी नैपकिन्स के सही उपयोग, संक्रमण से बचाव एवं आत्म-देखभाल के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। इस संवादात्मक सत्र में महिलाओं और किशोरियों को खुलकर बातचीत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में पीयर ज्योति, सृष्टि, शिवानी, आंचल और प्रियंका की सहभागिता भी सराहनीय रही। उन्होंने माहवारी जागरूकता में अपने अनुभव साझा किए और किशोरियों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर हिमांशी गौतम, प्रोग्राम मैनेजर जन विकास संस्थान के सीडी शिवप्रकाश और सीडी सुनिधि ने भी अपने विचार साझा किए और माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्राम प्रधान श्रीमती सरिता जायसवाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

इस दौरान सैनिटरी नैपकिन्स का वितरण भी किया गया, जिससे किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग मिल सके। साथ ही जन विकास संस्थान द्वारा उड़ान बुक का वितरण भी किया गया, जिसका उद्देश्य किशोरियों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

जन विकास संस्थान की यह पहल ग्राम स्तर पर महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम रही।

# दबंगों का अवैध कब्जा हटवाकर निर्माण पूरा कराने की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती सदर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गौरा की कार्यवाहक ग्राम प्रधान सुमन यादव ने बुधवार को जिलाधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों को पत्र देकर आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण पूरा कराये जाने की मांग किया है।

पत्र में कार्यवाहक ग्राम प्रधान सुमन यादव ने कहा है कि ग्राम पंचायत गौरा में सरकारी निधि से आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण किया जाना है। इसके लिये हल्का लेखपाल ने गाटा संख्या 97/0.570 हेक्टेयर बंजर भूमि पैमाइश करके 100 वर्ग मीटर जमीन ग्राम पंचायत के सुर्पुद कर दिया। बंजर जमीन पर गौरा गांव के शिवचन्दर यादव, शिवशंकर यादव, रामचन्दर यादव आदि ने कब्जा कर रखा है। जब कार्यवाहक ग्राम प्रधान सुमन यादव निर्माण प्रक्रिया शुरू कराना चाहती है तो उक्त लोग भद्दी-



भद्दी गालियां देते हुये मार पीट पर आमादा हो जाते हैं। समर्थक दिनेश कुमार यादव और महिलाओं ने कार्यवाहक ग्राम प्रधान सुमन यादव और उनके समर्थको को गालिया देकर अपमानित करते हुये धमकी दी जाती है। कार्यवाहक ग्राम प्रधान ने मांग किया है कि पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जेदारों क विरूद्ध कार्रवाई कराते हुये आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण शुरू कराया जाय।

# बीएस नंबर से चलेगा पशुतस्करों का पता, हर पिकअप वाहन पर पड़ेगा कोड

- पुलिस का नया कदम अपराधियों में दहशत फैलाने को लेकर, सीसीटीवी से पहचान होगी आसान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले में लगातार बढ़ती पशु तस्करी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने एक सख्त और रणनीतिक कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अब हर पिकअप वाहन पर एक विशिष्ट बीएस

नंबर कोड बड़े अक्षरों में अंकित किया जा रहा है। इस पहल से न सिर्फ पशुतस्करों की पहचान आसान होगी, बल्कि सड़क हादसे के बाद




फरार होने वाले वाहनों की धरपकड़ भी तेज हो सकेगी। बरसठी थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि इस अभियान का मकसद साफ है – पशुतस्करी में संलिप्त वाहनों की पहचान कर उन्हें कानून के शिकंजे में लाना। चोरी की गई गाय, भैंस, बकरी व अन्य पशुओं को ये अपराधी रात के अंधेरे में गांवों और सड़कों से उठाकर ले जाते हैं। विरोध करने पर ये लोग पत्थरबाजी, हमला या फायरिंग कर भाग निकलते हैं।

हाल ही में चंदवक थाना क्षेत्र में घटी एक दर्दनाक घटना ने इस अभियान की नींव रखी। पशुतस्करी के संदेह में एक पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास कर रहे पुलिस जवान दुर्गेश सिंह को तस्करों ने रौंद डाला, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने पूरे महकमे को झकझोर दिया और पुलिस ने अब अपराधियों की गर्दन तक पहुंचने के लिए रणनीति बदल दी है। अब हर पिकअप वाहन पर अंकित कोड की मदद से सीसीटीवी फुटेज से गाड़ी की लोकेशन व पहचान की जा सकेगी। इससे संबंधित थाने को तुरंत अलर्ट कर उस वाहन को रोका जा सकता है। पुलिस का मानना है कि इस व्यवस्था से अपराधियों में पुलिस का डर बना रहेगा और पशु तस्करी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

# घटिया निर्माण कार्य पर भड़के ग्रामीण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

बरसठी। कमीशन खोरी के चक्कर में ठेकेदार अब निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पूरी तरह से भूल चुके हैं। उन्हें न तो योगी सरकार की कार्यवाही का डर है। और न ही जिला प्रशासन का।

जी हां बरसठी विकास खण्ड के कान्हबंशीपुर गांव में बने पंचायत भवन के निर्माण में घटिया सामान व दो नम्बर ईंट का प्रयोग करते हुये ग्रामीणों ने देखा तो उनका पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। इस भ्रष्टाचार के खिलाफ भड़के ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ सख्त नाराजगी दिखाते हुए पंचायत भवन को प्लास्टर करने से रोक दिया।

आरोप है कि ग्राम प्रधान भवन में लगाये गये घटिया ईंट व सामग्री को छिपाने के लिए प्लास्टर कराना चाहते है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी से भी की है।



गांव के अनितकान्त दुबे, धर्मेंद्र सहित दर्जन भर ग्रामीणों गांव में बने पंचायत भवन में घटिया सामग्री, व दो नम्बर का ईंट लगाए जाने का जमकर विरोध किया, और भवन प्लास्टर कराने से रोक दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि भवन में लगायी गयी दो नम्बर ईंट व सफेद बालू, घटिया किस्म का सीमेंट को छिपाने के लिए प्लास्टर करा रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि इस बात की शिकायत कुछ दिन पहले मुख्य विकास अधिकारी से की है। जिसकी जानकारी लगते ही प्रधान व सचिव भवन को जल्दबाजी में प्लास्टर कराना चाहते है। जिससे भवन में उपयोग खराब सामान को छिपाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि खराब गुणवत्ता से बने पंचायत भवन से बड़ा हादसा हो सकता है। इसके साथ गांव में बनायी गयी पक्की नाली में भी घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी जाँच कराये जाने की मांग की है।

# करंट से युवक की मौत, दर्जनों घरों के उपकरण जले

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के विजयगिरी पोखरा स्थित पांडेय बस्ती में बुधवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया।

हाई टेंशन करंट अचानक लोगों के घरों में दौड़ गया। जिससे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। दर्जनों घरों के इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिक उपकरण जलकर नष्ट हो गए। इस हादसे के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

क्योंकि मृतक घर का इकलौता कमाऊ बेटा था। उसी के भरोसे पूरे परिवार की गृहस्थी चल रही थी। गांव निवासी अनिल पांडेय का पुत्र सूरज पांडेय उम्र लगभग 28 वर्ष अपने घर में स्टेबलाइजर से धुआं निकलता देख मेन स्विच बंद करने गया। जैसे ही उसने स्विच को छूआ, तेज वोल्टेज ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और वह करंट से झुलस गया। परिवार के लोग जब तक कुछ समझते हैं मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन सूरज को लेकर तत्काल पड़ोसी जनपद भदोही के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पीछे पत्नी रुचि और दो वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ है। बेटे की असामयिक मृत्यु से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

इस हादसे से पूरे गांव में दहशत और आक्रोश दोनों का माहौल है। ग्रामीणों की मांग है कि विद्युत विभाग इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे और पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाए।

# गांव में विश्वविद्यालय ने लगाया तीन दिवसीय योग शिविर

- ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का मिला संदेश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा करंजकला ब्लॉक के डालहनपुर गांव के बहुउद्देशीय पंचायत भवन में तीन दिवसीय योग शिविर की शुरुआत बुधवार को हुई। शिविर में विश्वविद्यालय के योग विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को विभिन्न योगासन,

प्राणायाम और ध्यान की विधियों से परिचित कराया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देश पर इस शिविर का आयोजन किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में योग प्रचार - प्रसार के अंतर्गत तीन दिवसीय नवचेतना एवं




बाल चेतना शिविर में ग्रामीणों को योगासन, भस्त्रिका प्राणायाम एवं रामध्यान कराया गया।

मुख्य योग प्रशिक्षक जय सिंह एवं बेंगलुरु से आए हुए सह योग प्रशिक्षक विनय द्वारा शिविर के पहले दिन ग्रामीणों को योग कराया गया।

योग प्रशिक्षक जय सिंह ने कहा कि योग सिर्फ हमारे शरीर को ही नहीं बल्कि हमारे मन को भी शांति प्रदान करता है।

योग को अपने दैनिक दिनचर्या में जोड़कर हम प्रसन्नचित रह सकते हैं। शिविर के प्रथम दिवस ग्रामीणों ने चढ़-बढ़ कर प्रतिभाग किया और डालहनपुर के प्रधान कपिल देव सिंह, विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर राजकुमार सोनी, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ इंद्रेश कुमार, समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जान चली गई इश्क बाजी नहीं छुटी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज बाजार के पास बुधवार को दिनदहाड़े हुई अनुज हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने बेहद ही तत्परता के साथ चंद घंटे में कर दिया। इश्कबाजी में हुई इस हत्या का मुख्य आरोपी खुद उस लड़की का पिता निकला, जिसकी बेटी को मृतक अनुज यादव हर दिन छेड़ता था।

पुलिस के समक्ष पिता मनोज यादव ने खुद अपने इकबालिया जुर्म को कबूलते हुए कहा कि हमने अनुज को कई बार समझाया था। उसके परिवार वालों से शिकायतें की थी कि मेरी बेटी पढ़ने लिखने वाली टॉपर स्टूडेंट है। मेरा और मेरे परिवार की इज्जत को नीलम मत करना, नहीं तो तुमको छोड़ेंगे नहीं। अनुज हत्याकांड में पुलिस के हत्थे चढ़े मुख्य आरोपी मनोज यादव की इस शिकायत और उसकी पीड़ा को शायद मृतका के परिवार वाले अगर बहुत पहले ही गंभीरता से लिए होते तो शायद आज यह जघन्य हत्या न होती।

# प्रधानमंत्री आवास के नाम पर धन उगाही का आरोप

- नगर पंचायत गौराबादशाहपुर का हाल, ईओ और नगर पंचायत के कर्मचारी कररहे धनउगाही

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जनपद के नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को लेकर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। आवास की जांच व स्वीकृति के नाम पर लाभार्थियों से खुलेआम धन उगाही की जा रही है। इस धन उगाही का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के ईओ



और नगर पंचायत की टीम सभी वार्डों में जाकर आवास का सत्यापन कर रही है। नगर पंचायत के वार्ड पांच के निवासियों ने ईओ पर आरोप लगाया है कि आवास की जांच व स्वीकृति के नाम पर सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। नहीं देने पर आवास काट देने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में मोहल्ले वाले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत भी किया है। शिकायत करने वालों में बमैला मोहल्ले के रामआसरे सोनकर, चंदा देवी, विद्या देवी, मीना आदि शामिल हैं। मोहल्ले वालों ने जिलाधिकारी से इसकी जांचकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बड्डूपुर क्षेत्र में असलहाधारी बदमाशों ने मचाया ताण्डव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



बड्डूपुर। कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र में असलहाधारी बदमाशों ने पुलिस खुली चुनौती देते हुए एक गांव के चार घरों में जमकर तांडव मचाया। बदमाषों ने दो लाख नगदी सहित चार घरों से 8 लाख से अधिक के जेवरात व फूल के बर्तन सहित घर का सामान उठा लें गए पीड़ितों की तहरीर पुलिस जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार, बीती मंगलवार की रात्रि को अज्ञात असलहाधारी बदमाषों ने ग्राम कीरातपुर में धावा बोला। बदमाष सबसे पहले इसी गांव के निवासी नन्द किषोर मिश्रा पुत्र कृष्णा नन्द के घर को अपना निषाना बनाया। दरवाजे की कुण्डी तोड़कर बदमाषों ने छत के रास्ते से घर के अन्दर प्रवेष किया और अलमारी और बख्शो का ताला तोड़ करके लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद और लगभग दो लाख रुपये के जेवरात सहित लगभग 6 लाख रुपये के कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद बदमाषों ने गांव के ही लाल बहादुर मिश्रा के घर पर धावा बोला। बदमाष छत के रास्ते घर में घुसकर कमरे में रखे अलमारियों का ताला तोड़ करके लगभग 2 लाख रुपये के जेवरात और बर्तन और मोबाइल फोन तक उठा ले गये। इसके बाद बदमाषों ने गांव के ही रहने वाले करुणेश कुमार पुत्र रामशरण मिश्रा के घर पर धावा बोला। बदमाषों ने इस घर से सोने चांदी के जेवरात, कीमती बर्तन और छःहजार रुपये नकद उठा ले गये। असलहाधारी बदमाष यहीं पर नही रुके उन्होने गांव के रहने वाले रामप्रकाश मिश्रा पुत्र बिहारी लाल मिश्रा घर के बाहर सो रहे थे बदमाषों ने असलहे के दम पर गृहस्वामी को जगाया और घर का ताला खुलवा करके घर में रखा 50 लीटर मेंथा ऑयल, कीमती जेवरात व अन्य सामान उठा ले गये। बदमाषों ने गृहस्वामी को धमकी दी कि अगर शोर मचाने की कोषिष की तो गोली मार देंगे। बदमाषों के खौफ के कारण गृहस्वामी चुपचाप बैठा रहा। जब बदमाष वहां से चले गये उसके बाद गृहस्वामी ने शोर मचाया और बदमाषों के आने की जानकारी दी। पीड़ितों की सूचना पर बड्डूपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरु कर दी। बड्डूपुर पुलिस ने गांव के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लगी हुई है। तथा जिले से डॉग स्क्वायर को बुलाया गया है। बड्डूपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए हर बिंदुओं पर जांच की जा रही है जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## गर्मी बढ़ते ही शुरु हो गयी विद्युत कटौती

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**असन्द्रा।** गर्मी का पारा चढ़ते ही डिमांड बढ़ने से बिजली की कटौती शुरू हो गई है। दिन में 6 घंटे से ज्यादा रोस्टिंग के बाद रात में भी पावर कट हो रहा है। विद्युत उपकेंद्र देवीगंज से 6 फीडरों हाजीपुर सुबेहा कोठी सिद्धौर देवीगंज और मचपुरा के माध्यम से पूरे क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति होती है। पारा 40 डिग्री के ऊपर पहुंचने से बिजली की डिमांड बढ़ गई है। लोड बढ़ने पर बिजली की कटौती शुरू हो गई है। बीते मंगलवार को दिन में 6 घंटे की रोस्टिंग पूरी होने के बाद शाम 7 बजे से फिर से कटौती की जाने लगी।

रात करीब 11.30 बजे तक बारी बारी से सभी फीडर खोले और बंद किए जाते रहे। बुधवार को दोपहर में मात्र डेढ़ घंटे के लिए बिजली दी गई। ऐसे में उमसभरी गर्मी से उपभोक्ता काफी परेशान रहे।

उपभोक्ता उमेश कुमार रमेश कुमार बृजकिशोर चंद्रशेखर हनुमान जगदीश और कमल चंद का कहना है कि गर्मी का पारा चढ़ते ही दिन रात बिजली की कटौती की जा रही है।

# खुले मैदान में न हो कुर्बानी: कार्तिकेय सिंह

- कोतवाली बड्डूपुर के प्रांगण में उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**बड्डूपुर।** आगामी होने वाली ईदुल अजहा के त्यौहार को देखते हुए कोतवाली बड्डूपुर के प्रांगण में उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी ने बताया कि खुले मैदान में कोई भी कुर्बानी नहीं की जाएगी अगर आपके पास कुर्बानी करने के लिए खुला मैदान है तो कुर्बानी करने के समय पन्नी लेकर चारों चारों तरफ ढक ले तब उसके अंदर कुर्बानी करें और कुर्बानी करते वक्त कोई भी व्यक्ति उसका वीडियो नहीं बनाएगा अगर कुर्बानी का वीडियो वायरल हो गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई। इस अवसर पर अजेंद्र प्रताप सिंह, अनिल पांडेय, प्रदुम प्रकाश सिंह, अरविंद कुमार, रमाकांत सिंह उप निरीक्षक, राशिद अंसारी, अबुल हसन वारसी, मोहम्मद लतीफ, कुर्बान अली, सिराजुद्दीन मोहम्मद शब्बीर, नियाजुउद्दीन, मोहम्मद आजाद, अवधेश कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, परशुराम वर्मा, कमलेश कुमार वर्मा, अवधेश कुमार रोजगार सेवक, राम लखन वर्मा, निखिल वर्मा, सहित बहुत से लोग उपस्थित थे।



### प्रतिबंधित पषु की न करें कुर्बानी- संतोष कुमार

बदोसराय कोतवाली में बुधवार को बकरीद के मौके पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निरीक्षक संतोष कुमार ने कहा कि ईद-उल-अजहा बलिदान और त्याग का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न करें, जिससे शांति भंग न हो। निरीक्षक ने कुर्बानी को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले से ही गड्ढा खुदवा लें, ताकि कुर्बानी का खून नालियों में न जाए। इसके लिए ग्राम प्रधानों से सहयोग मांगा गया। मुस्लिम समाज से अपील की गई कि कुर्बानी किए गए मांस को किसी बर्तन या थैले में ढंककर ले जाएं, जिससे किसी को परेशानी न हो।बैठक में मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी बात कही गई। इस अवसर पर किंतूर ग्राम प्रधान अकरम अंसारी, मेलारायगंज ग्राम प्रधान मजीद हाशमी, मोहम्मद शोएब, उप निरीक्षक सुधांशु, रोहित कुमार, आशीष सिंह, रवि कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी और गांव के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गुप्तेश्वर महादेवा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन, हुआ भण्डारा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



**टिकैतनगर।** सरयू नदी के पावन तट पर स्थित 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के प्राचीन और दिव्य स्थल गुप्तेष्वर महादेव मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन बुधवार को अत्यंत भव्यता, धार्मिक उल्लास और वैदिक परंपराओं के साथ हुआ। यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का अद्वितीय उदाहरण बना, जिसमें हजारों महोत्सव के अंतिम दिन वेदी पूजन, शिखर पूजन, न्याय वेदी पूजन, महा रुद्राक्ष अभिषेक और प्रतिष्ठा अनुष्ठान जैसे अत्यंत गूढ़ और महत्त्वपूर्ण वैदिक कर्मकांड विधिपूर्वक संपन्न हुए। समस्त वातावरण मंत्रोच्चार, धूप-दीप, और रुद्राभिषेक की दिव्यता से गुंजायमान रहा। विशेष रूप से रुद्राक्ष से किया गया महाभिषेक श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत अलौकिक और आध्यात्मिक अनुभव बना। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने आचार्यों के सान्निध्य में भगवान गुप्तेश्वर महादेव का विधिपूर्वक रुद्राभिषेक किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर हवन में आहुति अर्पित की और सभी के लिए शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने महाप्रसाद वितरण में स्वयं भाग लेते हुए भक्तों को प्रसाद प्रदान किया, जो उनकी विनम्रता और जनसंपर्क भावना का परिचायक रहा। गुप्तेष्वर महादेव मंदिर, न केवल एक प्राचीन शिवधाम है, बल्कि अब यह तीव्र गति से एक उभरते हुए तीर्थ क्षेत्र के रूप में पहचान बना रहा है। इस धाम की विशेषता इसकी शांतिपूर्ण वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक ऊर्जा है, जो हर भक्त को अंदर तक छू जाती है। यह मंदिर 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का एक प्रमुख पड़ाव है, और वर्षों से साधकों, तपस्वियों और श्रद्धालुओं का आकर्षण बना हुआ है। राज्य मंत्री ने भी अपने संबोधन में गुप्तेष्वर धाम की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे पावन स्थलों का विकास समाज में श्रद्धा, एकता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करता है। गुप्तेष्वर धाम एक विशिष्ट आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्र के रूप में उभर रहा है। यह न केवल बाराबंकी, बल्कि समूचे उत्तर भारत के धार्मिक मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान बना रहा है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य आचार्य डॉ. महीधर शुक्ल महाराज ने गहन प्रवचन में 'शिवत्व' की व्याख्या करते हुए कहा, शिव केवल पूजनीय देवता नहीं, बल्कि एक चेतना हैं दू जीवन जीने की कला हैं। जब हमारे भीतर श्रद्धा होती है और हमारे कर्म संयमित होते हैं, तब ही शिवत्व प्रकट होता है। उन्होंने युवाओं को धर्म, संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ने की अपील की, ताकि उनके जीवन में संतुलन और समाज में संस्कार का विकास हो। पुरुषोत्तम तिवारी, संत कुमार उपाध्याय, आदेश जैन, राकेश शुक्ला, शिवकुमार दीक्षित, लाल जी पांडेय, अशोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकारी जमीनों पर पूंजीपतियों का कब्जा, गरीब जनता अतिक्रमण का शिकार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



गंगाघाट जनपद उन्नाव के शुक्लागंज राजधानी मार्ग पर धोबी पुलिया से लेकर मरहाला चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ पी डब्लू डी और ग्राम समाज और नगर पालिका की जमीनों पर पूंजीपतियों ने कब्जा कर रखा है और वर्षों से व्यापार कर लाखों कमा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ अतिक्रमण के नाम पर गरीब जनता की झोपड़पट्टियां उजाड़ दी जाती हैं। मरहाला चौराहा पर बने हुए विशाल भवन गेस्ट हाउस सूर्या गैलेक्सी जिसका कुछ भाग अवैध रूप से कई वर्षों से पूर्णता निर्मित है जिसकी कई बार शिकायतों को लेकर पूर्व में रही जिलाधिकारी द्वारा राजस्व की टीम गठित कर जांच के आदेश दिए गए थे इसके बाद राजस्व की टीम ने पहुंचकर मौके पर चूंना डालकर नगर पालिका परिषद गंगाघाट के कर्मचारियों के समक्ष चौहदी नापी थी जिसके जांच को जिलाधिकारी के आदेश पर दिनांक 25.07.2019 को टीम गठित कर ग्राम मजरा पीपर खेड़ा एहतमाली परगना हाड़हा की गाटा संख्या 4 के सीमाएं संबंधी आख्या पेश की जिसमें गाटा संख्या चार में सीमांकन में पाया गया कि गाटा संख्या 4 के उत्तर पश्चिम में स्थाई कब्जे के रूप में तीन मंजिला मकान रकवा 142.50 वर्ग मीटर तथा इस मकान के बगल में एक नींव भरा हुआ प्लांट रकवा 126 मी पाया गया। गाटा संख्या 4 के दक्षिण की ओर बढ़ने पर एक अस्थाई सीमेंट के पत्थरों वाली बाउंड्री रकवा 796 वर्ग मीटर व उसके आगे दक्षिण की ओर 288 वर्ग मीटर इंटरलॉकिंग रास्ता है रास्ते के बाद 640 वर्ग मीटर सूर्य गैलेक्सी लान में सम्मिलित है इसी से लगा हुआ गाटा संख्या 3 का आशिक भाग रास्ते में 72 वर्ग मीटर व सूर्य गैलेक्सी लाइन में 120 वर्ग मीटर सम्मिलित है इस प्रकार गाटा संख्या चार का सीमांकन कई कर्मचारियों के समक्ष सर्वेटीम द्वारा उप जिलाअधिकारी व जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया था जिसकी रिपोर्ट 03/08/2019 को प्रस्तुत की गई थी।

इसके पश्चात कार्यवाही शून्य करने के लिए गेस्ट हाउस मालिक द्वारा साठ गांठ कर मामले को दबा दिया गया और भवन अवैध जमीन पर कब्जा हटाने से गेस्ट हाउस मालिक मुक्त हो गया, जिसके बाद आए हुए अधिकारियों व सर्व विभाग द्वारा मामले को संज्ञान में नहीं लिया और साठ गांठ लगातार करने का सिलसिला चलता रहा। लगभग 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो पाई सत्ता की आड़ में सरकारी जमीनों पर कब्जा करने का सिलसिला गंगाघाट में यूं ही जारी रहा समय-समय पर सोशल मीडिया पर फोटो डालने हेतु अतिक्रमण के नाम पर नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा गरीब सब्जी वालों और झोपड़पट्टी वालों को हटाया जाने लगा जिससे फोटो देखकर जनता को विश्वास रहे की बुलडोजर चला है। मगर जनता यह देखकर तब निराशा हुई जब वह गरीब लोगों पर ही चलाया जा रहा है अमीर लोगों से जुगाड़ कर नगर पालिका गंगाघाट की मिली भगत से नहीं उठाई जाती जनता की आवाज और पूंजी पत्तियों पर नहीं होती। कोई भी कार्यवाही आखिर जिला अधिकारी के आदेश के बाद सर्वे के दौरान नापी गई जमीन पर अवैध कब्जे को क्यों नहीं खाली करवाया गया?

### तालाब में मिली विवाहिता की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिद्धौर।** नगर पंचायत सिद्धौर क्षेत्र के पश्चिम कटरा में विवाहिता का शव बुधवार सुबह घर से करीब सात सौ मीटर दूर स्थित तालाब के किनारे पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतका के परिजनों के मुताबिक करीब 4 महीने से वह मानसिक रूप से परेशान थी। उसकी रखवाली होती थी। असंद्रा थाने से संबंद्ध सिद्धौर चौकी क्षेत्र के नगर पंचायत सिद्धौर के पश्चिम कटरा निवासी निशा यादव 24 वर्ष पुत्री छोटेलाल यादव मानसिक रूप से परेशान थी। सोमवार को वह परिवार के साथ सोई हुई थी। मध्यरात्रि के उपरांत उसके बिस्तर पर न मिलने पर परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। मगर पुत्री के नहीं मिलने पर उन्होंने सुबह का इंतजार किया। बुधवार सुबह फिर से खोज शुरू किया। घर से करीब 700 मीटर दूर स्थित तालाब के पानी में उसका शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज राम प्रकाश मिश्र ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना के बाद से मोहल्ले में सन्नाटा पसरा है।

# मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी, उन्नाव के प्रतिनिधि न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपा गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला के नेतृत्व मुख्यमंत्री लखनऊ को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी उन्नाव, के प्रतिनिधि न्यायिक मजिस्ट्रेट रामदेव निषाद को सौंपा।

ज्ञापन में अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं की स्थिति बेहद चिंताजनक एवं उपेक्षापूर्ण है। अधिवक्ता समाज अपने को असुरक्षित एवं उपेक्षित महसूस कर रहा है। आये दिन अधिवक्ताओं पर हमले होने के साथ-साथ अप्रिय घटनायें हो रही है। अधिवक्ता संरक्षण कानून जो बहुप्रतिक्षित है जिसे तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है। अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व आकस्मिक व स्वाभाविक मृत्यु बीमा धनराशि कम से कम बीस लाख रूपये के साथ-साथ बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन कम से कम दस हजार रूपये तथा वकालत पेशे में आने वाले नए व युवा अधिवक्ताओं को प्रतिमाह पांच हजार रूपये मानदेय दिया जाना भी अत्यन्त आवश्यक है। अधिवक्ता प्रायः एक जिले से दूसरे जिले में वकालत करने जाते है कभी-कभी उन्हें माननीय उच्च न्यायालय भी जाना पड़ता है टोल टैक्स माफ किया जाना भी अति आवश्यक है। अधिवक्ताओं के कार्यालय, लाइब्रेरी व आवास के लिए ब्याज मुक्त ऋण के साथ-साथ मुख्यालय से तहसील स्तर तक सरकारी धन से चैम्बर का निर्माण कराया जाना नितान्त आवश्यक है। मुख्यमंत्री से आश्य वक्त किया कि उन्नाव के अधिवक्तागण आपसे यह मांग करते है कि अधिवक्ताओं की उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल हस्तक्षेप करें। ज्ञापन देने वालो में नि0 महामंत्री, अरविन्द दीक्षित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धरमंगल सिंह अधिवक्ताओं में राजेन्द्र बाजपेई, ऋतुराज सिंह, रामनरेश यादव, रमेश बाबू द्विवेदी, रजनीश चन्देल, रामवती, भारतेन्दु शुक्ला, राजेश यादव बलाई, रमेश श्रीवास्तव, पंकज कुशवाहा, अवनीश तिवारी, संजीव सिंह चैहान, नीलम साहू, कुसुम मिश्रा सदस्य कार्यकारिणी, शिवांगी शुक्ला सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने जनपद की मुख्य समस्याओं के निराकरण हेतु उच्च अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



बुधवार को मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/ जनपद के प्रभारी मंत्री श्री धर्मपाल सिंह जी द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान विकास भवन सभागार में जामिंग की समस्या, स्वच्छ पेयजल, राशन वितरण, स्वच्छता, अपराध नियंत्रण, जल जीवन मिशन, कृषि विभाग की योजनाओं, नगर क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, सड़क निर्माण/ मरम्मत, पेंशन/ विवाह अनुदान, विद्युत आपूर्ति, संक्रामक रोग नियंत्रण, गौ संरक्षण, गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पेयजल आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उक्त बिन्दुओ की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी गण अग्रिम तीन माह की कार्ययोजना तैयार कर ले। शहर में जाम की समस्या का निराकरण करे तथा सुरक्षा के दृष्टिगत चैक व चैराहों पर सीसीटीवी की व्यवस्था कराएं। ग्रामीण व शहरी दोनो क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध रहे। सभी तालाब ट्यूबवेल से भरवा दिये जाए ताकि जंगली पशु-पक्षियों को पानी पीने का टोटा न रहे। जनपद में जल शक्ति मिशन का काम बहुत खराब है, इसमें प्रगति लायी जाए। बैठे हुए कार्य चलने लगे और चलने वाले कार्य दौड़ने लगे, विकास के इस फॉर्मूले को अपनाया जाए। स्थानीय नदियों, झीलों व तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण करे। राशन वितरण प्रणाली को सुधारे तथा वर्तमान में निलम्बित 24 दुकानों को जल्द से जल्द आवंटित करे। गरीबों का राशन गरीबों को मिले, बीच में किसी भी प्रकार की गड़बड़ न हो। प्रत्येक गॉव में आवश्यकतानुसार सफाई कर्मियों की नियुक्ति करे तथा नियमित सफाई कराएं ताकि बरसात में बीमारियां न फैले। प्रत्येक गॉव में ग्राम सभा की खुली बैठक कर कृषि विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराया जाए। कूड़े करकट से कम्पोस्ट खाद, ईधन एवं ऊर्जा बनाने का कार्य करे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दे। गर्मी के दृष्टिगत तहसील स्तर पर आग रोकने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए। शहर में बरसात के दौरान कोई भी नाली ओवरफ्लो नही होनी चाहिए, इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दे। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समाज कल्याण की पेंशन का लाभ मिले। विद्युत आपूर्ति रोस्टर के मुताबिक सुनिश्चित करायी जाए ताकि विद्युत उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कटिया प्रथा पर रोक लगायी जाए। संक्रामक रोग नियंत्रण हेतु आवश्यक तैयारी करे। मच्छर रोकने के लिए नियमित फॉगिंग करायी जाए। अस्पतालो में कोरोना, सर्पदंश, कुत्ता के काटने से बचाव हेतु पर्यास वैक्सीन उपलब्ध रहे। गौ संरक्षण हेतु प्रत्येक गौशाला में हरा चारा, भूसा, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। जनहित को प्राथमिकता दे। नागरिक सुविधाए सभी नागरिकों तक पहॅुचायी जाए। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा को बेहतर बनाया जाए। पॉच वर्ष के प्रत्येक बच्चे का दाखिला स्कूल में अवश्य कराया जाए। बच्चों को नकल से मुक्त कराकर योग्य व पारंगत बनाए। जनपद में सड़को की व्यवस्था ठीक-ठाक रहे। उन्होने कहा कि त्रि-शताब्दी वर्ष पर लोकमाता रानी अहिल्याबाई का जीवन चरित्र आमजन तक पहॅुचाया जाए। उनके द्वारा तीन सौ वर्ष पहले जन कल्याणार्थ कई ऐसे काम किये गये है जो आज भी अनुकरणीय है। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मंत्री जी द्वारा 17 बिन्दुओं की समीक्षा में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक के दौरान विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक मोहान बृजेश रावत, मा0 विधायक सफीपुर श्री बम्बालाल दिवाकर, विधायक भगवंत नगर आशुतोष शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौंड, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोडा, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

### मामूली विवाद में दबंगो ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर।** नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर के सामने गाली गलौज कर रहे लोगों का विरोध करना एक वृद्ध महिला को काफी महंगा पड़ गया। दबंगों ने उसके पुत्र की लाठी-डन्डों से पीटकर हत्या कर दी। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद करते हुए पांच लोगो के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना नगर क्षेत्र के मोहल्ला नालापार दक्षिणी (2)की निवासिनी तहरून्निशा पत्नी बुनियाद अली अपने एकलौते पुत्र निजामुद्दीन (40) वर्ष के साथ रहती थी। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला का आरोप है कि सोमवार की शाम मोहल्ले के मनोज यादव अपना भूंसा घर में रख रहे थे। इस बीच भूसा उड़कर पड़ोसी लियाकत के घर की ओर जा रहा था जिसको लेकर लियाकत गन्दी-गन्दी गालियां देने लगा। जिसका विरोध उसके पुत्र निजामुद्दीन ने भी किया जिस पर दोनो के बीच काफी वाद विवाद होने लगा। इस दौरान सुनीयोजित तरीके से मंगलवार की देर रात करीब 9 बजे घर के बाहर मौजूद उसके पुत्र निजामुद्दीन को लियाकत अली व चार अज्ञात लोगों ने लाठी डन्डों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया।


# चीनी मिल बनाने के नाम पर ठगे गये किसान, एसडीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सूरतगंज।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में चीनी मिल के नाम पर किसानों से ली गई जमीन का मामला सामने आया है। बसंतापुर और फिरोजपुर, एंडौरा, बभनावा सहित अन्य गांवों के करीब तीन दर्जन किसानों ने फतेहपुर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। एक क्षेत्र के सीधे-साधे किसानों का आरोप है कि उनसे क्षेत्र के विकास का वादा कर कम दामों में जमीन खरीदी गई थी, यह जमीन बजाज ग्रुप की नई शुगर मिल दी प्रतापपुर शुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा बसंतापुर चीनी मिल के लिए खरीदकर अकृषक श्रेणी में दर्ज कराई गई थी। परंतु अबतक न तो चीनी मिल लगी और न ही किसानों का विकास हुआ। जिसको लेकर आक्रोशित किसान उमाकांत गोस्वामी, रामू गिरी, परसराम, रामकरन, छोटकी, रामसमुझ, हरिनाम, रमेश, सुनील, मोहित, रामजी, उमेश, शिवनाथ, किशोरी, बलराज, शियाराम, निजामुद्दीन, मगन सिंह आदि लोगों ने फतेहपुर एसडीएम से सामूहिक रूप से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित किसानों के मुताबिक जिन लोगों ने जमीन खरीदी थी, वे करीब 300 बीघा जमीन पर अवैध तरीके से खेती कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने करीब पचास बीघा सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। इस वजह से क्षेत्र के किसानो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों का कहना है कि शासन को मंशा के खिलाफ इस भूमि पर कृषि नहीं की जा सकती। किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि अवैध रूप से की जा रही खेती को रोका जाए और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में कोई विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस संदर्भ में फतेहपुर एसडीएम कार्तिकेय सिंह का कहना था कि किसानों की षिकायत मिली है उसको गम्भीरता से लिया गया है तहसीलदार को इस पूरे मामले की जांच पड़ताल के निर्देष दिए गये हैं जांच रिपोर्ट आने के बाद ही विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# सोशल मीडिया पर हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध पोस्ट करने पर मारपीट करने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



शुक्लागंज उन्नाव कोतवाली गंगा घाट में पिछली 25-5-205को को दो पक्षों में हुई मार पीट जिसमें कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने दोनों पक्षों से 17लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और जांच कर रही है मामला श्री नगर पोनी रोड का है जहां पर लगभग चालीस वर्षों से विनित सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं पिछली कुछ घटनाओं को देखे तो विनित सिंह चर्चा में जब आया जब इसके विरुद्ध कोतवाली में रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज हुई और पुलिस ने इसको जेल भेजा विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो जिस व्यक्ति ने विनित सिंह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था वो हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता का साथी था।जेल से आने के बाद से विनित सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ अन्य प्लेटफार्म के माध्यम से अंशू गुप्ता के विरुद्ध अपनी मुहिम जारी रखीं जिसमें विनित सिंह अंशू गुप्ता के सिंडीकेट द्वारा किये जा रहे भूमि घोटाले से लेकर जमीनों के कब्जे के उद्देश्य से लोगो के विरुद्ध छेड़छाड़ बलात्कार जैसे गंभीर मुकदमें लिखा कर दबाव में लेकर लोगों से अपनी अनैतिक मंशाओं की पूर्ति का आरोप अंशू गुप्ता पर लगा कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करता हैं। 25-5-2025को विनित सिंह व विनित सिंह की पत्नी मोनिका सिंह, शैलेन्द्र, अभिषेक के विरुद्ध पड़ोस में रहने वाले वीरेन्द्र अवस्थी ने रंगदारी मांगने व छेड़छाड़ का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। वहीं विनित सिंह ने वीरेंद्र अवस्थी, विजय अवस्थी, संजय अवस्थी विनय अवस्थी, तन्नू अवस्थी, रमेश अवस्थी, सौरभ मिश्रा, राजन मिश्रा, दिनेश मिश्रा अखिलेश दीक्षित, छोटू दीक्षित, राजेश गुप्ता, शुभम् मिश्रा पर अचानक लोहे व लकड़ी के डंडों को लेकर गाली गलौज कर मोनिका सिंह पर हमला करने व अंशू गुप्ता के विरुद्ध सोशल मीडिया पर लिखना पढ़ना बंद करने का दबाव बनाने के लिये मार पीट करने का आरोप लगाया है।

# पाकिस्तान से सटे राज्यों में आज मॉक ड्रिल

## जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल, इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के दिन देशभर में हुई थी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्?तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है।




### मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट एक्सरसाइज क्या है?

मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।

### सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का मकसद

- एयररेड वॉर्निंग सिस्टम के दौरान अलर्टनेस चेक करना।
- इंडियन एयरफोर्स के साथ हॉटलाइन और रेडियो कम्युनिकेशन जोड़ना।
- मेन और सहयोगी कंट्रोल रूम की वर्किंग सही हो, यह सुनिश्चित करना।
- हमले की स्थिति में आम लोगों, छात्रों को अपनी रक्षा करना सिखाना।
- हमले की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने का प्लान और उसका एक्जीक्यूशन चेक करना।
- ब्लैक आउट के दौरान उठाए जाने वाले सभी कदमों का रिव्यू करना।
- ब्लैक आउट की स्थिति में क्या करना है, यह बताना।
- महत्वपूर्ण संस्थानों और बड़े प्लांट्स को कैसे छिपाना है, यह बताना।
- सिविल डिफेंस सिस्टम एक्टिवेट करना, इमरजेंसी में आम नागरिकों की मदद करने वाली टीम, फायरफाइटर्स, रेस्क्यू ऑपरेशन का मैनेजमेंट।

### मॉक ड्रिल में 5 बातों पर जोर दिया जाएगा

- हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जाएगा।
- हमले के समय नागरिकों को खुद की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग देना।
- मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैक आउट किया जाएगा।
- महत्वपूर्ण कारखानों और ठिकानों को हमले के वक्त छिपाना।
- लोगों से जगह खाली कराना और उन्हें सेफ प्लेस तक पहुंचाने की ट्रेनिंग।

### क्या है ऑपरेशन सिंदूर?

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी। हालांकि, इसके बाद से पाकिस्तान लगातार उकसावे वाले बयान दे रहा है।




### 7 मई को देश के 244 शहरों में 12 मिनट ब्लैकआउट किया गया था

देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 शहरों में 7 मई को 12 मिनट की ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई थी। गृह मंत्रालय ने इन शहरों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया था। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग थे। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए थे। देश के कुल 259 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को इनके इंपोर्टेंस या सेंसिटिविटी के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी 1 में वे डिस्ट्रिक्ट हैं जो सबसे ज्यादा सेंसिटिव हैं। ऐसे कुल 13 डिस्ट्रिक्?ट हैं। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में नरौरा न्यूक्लियर प्लांट होने की वजह से इसे कैटेगरी 1 डिस्ट्रिक्ट में रखा गया है। इसी तरह कैटेगरी 2 में 201 जबकि कैटेगरी 3 में 45 डिस्ट्रिक्ट हैं।

# हमें आतंकवाद के खिलाफ अपनी रक्षा का अधिकार, इसे कई देशों ने माना: जयशंकर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने मजबूत, ठोस और संतुलित जवाब देते हुए आतंक के अड्डों और लॉन्चपैड्स को तबाह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दुनिया के कई देशों ने मान्यता दी है। जयशंकर ने यह बात नई दिल्ली स्थित इटली के दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम इटली के राष्ट्रीय दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था।

### इटली का समर्थन और पहलगाम हमला

विदेश मंत्री ने कहा, %हम इटली के समर्थन और सहानुभूति के लिए आभारी हैं, जो उन्होंने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद दिखाई। उस हमले में 26 लोगों की जान गई थी। जयशंकर ने बताया कि भारत ने उस हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों के जरिए तबाह कर दिया। उन्होंने कहा, भारत को अपने नागरिकों की रक्षा करने का अधिकार है, और यह अधिकार दुनिया के कई देशों द्वारा भी स्वीकार किया गया है। हमें विश्वास है कि दुनिया अब आतंकवाद और सीमा पार आतंकवाद के प्रति बिल्कुल भी सहनशील नहीं रहेगी।

### इटली से व्यापार और प्रवासी भारतीय

जयशंकर ने बताया कि भारत-इटली के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग भी एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने पिछले साल नवंबर में ज्वाइंट स्ट्रैटेजिक एक्शन प्लान 2025-29 अपनाया है, जिससे रिश्ते और मजबूत होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इटली में रहने वाला भारतीय प्रवासी समुदाय यूरोप में सबसे बड़ा है और उन्हें वहां विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सराहा जाता है।

### समुद्री हितों पर भी साझेदारी

भारतीय विदेश मंत्री ने कहा, भारत और इटली दोनों प्रायद्वीपीय देश हैं और समुद्री क्षेत्रों में दोनों की समान रुचि है। हम समुद्री मार्गों की आजादी और सुरक्षित नौवहन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह उम्मीद जताई कि इटली की इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी से दोनों देशों के बीच सहयोग और भी मजबूत होगा।

### भारत-इटली संबंधों में मजबूती

जयशंकर ने कहा कि भारत और इटली के रिश्ते स्पष्ट रूप से एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच जी-20 और जी-7 जैसे मंचों पर हुई मुलाकातों से यह रिश्ता और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर कई वैश्विक मंचों पर भी साथ काम कर रहे हैं, जैसे

- इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप
- इकोनॉमिक कॉरिडोर
- ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस
- इंडो-पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव
- इंटरनेशनल सोलर अलायंस
- डिजास्टर रेसिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर कोलिशन

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के मद्देनज़र प्रमुख सचिव ने किया कैलाश मानसरोवर भवन का निरीक्षण

- कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किसी भी रूप में ना हो कोई समस्या: मुकेश मेश्राम

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



कैलाश मानसरोवर यात्रा के मद्देनज़र प्रमुख सचिव पर्यटन, सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ मुकेश मेश्राम महोदय ने कैलाश मानसरोवर भवन, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगामी कैलाश मानसरोवर यात्रा दिनांक 11 जून 2025 से 26 अगस्त 2025 तक के मद्देनज़र प्रमुख सचिव द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होने कैलाश मानसरोवर यात्रियों के आवागमन, खान-पान, विश्राम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैलाश मानसरोवर भवन एवं प्रांगण में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सौन्दर्यकरण की विशेष व्यवस्था की जाएं। उन्होने निर्देशित किया कि भवन में कमरों, शौचालयों को साफ व स्वच्छ रखना सुनिश्चित किया जाएं, साथ ही सभी इलैक्ट्रोनिक उपकरण एसी, पंखा, कूलर, लाईट की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें साथ ही शुद्ध पेयजल व विद्युत की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएं। राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराये जा रहे उक्त कार्यों के सम्बंध में प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्णक शीघ्र सम्पन्न करायें जाएं। भवन प्रांगण में हरित सौन्दर्यकरण के साथ-साथ अन्य सौन्दर्यकरण के कार्य करवायें जाएं। कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़ें इस ओर विशेष ध्यान दिया जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा, एडीएम सिटी विकास कश्यप, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, कैलाश मानसरोवर भवन मैनेजर दिनेश गर्ग सहित पर्यटन निगम के अधिकारी व अन्य अधिकारी ओर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कैलाश मानसरोवर के बहुरेंगे दिन

कैलाश मानसरोवर सैकड़ों करोड़ की लागत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की महत्पूर्ण परियोजनाओं में एक थी। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता और कर्मचारियों की लापरवाही से यह भवन केवल सामाजिक संस्थाओं और भाजपा के कार्यक्रमों के केंद्र बनकर रह गया है। सामुदायिक केंद्रों की मांग लगातार बढ़ी है। लेकिन इस बहुद्देशीय भवन का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। अंदरखाने इसको निजी क्षेत्र में देने के प्रयास हुए लेकिन अधिकारियों की जनपद से रुखसती के बाद योजनाएं ठंडे बस्ते में चली गई । लेकिन प्रमुख सचिव के दौरे और मानसरोवर यात्रा के मद्देनजर फंड आवंटन के बाद उसके आंतरिक रख रखाव में विकास योजनाओं की पूर्ति होगी।

## केंद्र सरकार ने किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, उप चुनाव आयुक्त नियुक्त किए गए भानू प्रकाश एटूरू

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल के तहत विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में 41 अधिकारियों की संयुक्त सचिव स्तर पर नियुक्ति और पुनर्नियुक्ति की हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, भानू प्रकाश एटूरू (2003 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी) को भारत निर्वाचन आयोग में उप चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। पी अनबलगन और संजय कुमार अग्रवाल, दोनों वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इसी बैच की अधिकारी मनीषा चंद्रा और मीरा मोहंती को रक्षा उत्पादन विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। इशिता गांगुली त्रिपाठी को रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव और अतिरिक्त वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। तमिलनाडु कैडर के 2004 बैच के आईएएस अधिकारी अंशुल मिश्रा को एम्स, दिल्ली में अतिरिक्त निदेशक बनाया गया है।

## नगर निगम गाजियाबाद द्वारा हाउस टैक्स की वृद्धि के खिलाफ जनता का फूटा आक्रोश, पार्षद का किया घेराव

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों के गले का फांस अब हाउस टैक्स का मुद्दा बनता जा रहा है। जनता का गुस्सा अब अपने अपने पार्षदों के खिलाफ फूटना शुरू हो गया है। इसी क्रम में सेक्टर 1 वैशाली स्थित नील नील पदम कुंज सोसाइटी में नगर निगम द्वारा बढ़े हुए हाउस हाउस टैक्स के विरोध में क्षेत्र निवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। वर्तमान पार्षद पति और पूर्व पार्षद मनोज गोयल का जनता ने घेराव कर लोगों ने बढ़े हाउस टैक्स का विरोध किया। पार्षद प्रतिनिधि द्वारा जल्दी समाधान निकालने के लिए जनता को आश्वस्त किया । इस अवसर पर वहां के अध्यक्ष अंशुल काचरू दीपक गौड निशांत मेहरा लोकेश राठोर रेखा गुप्ता जेपी सरकार पंकज अखिल अहलावत, वीरेंद्र सारस्वत ,लता शर्मा ,शशांक उपाध्याय, मुनीश रावत, सुधीर जैन ,विवेक शर्मा ,अरुण श्रीवास्तव ,सुशील कड़ू, उषा कॉल , मंजू कुलश्रेष्ठ नारंग , राजकुमार अग्रवाल, अनुज गर्ग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति पेड़ काटने का मामला

## डीडीए अदालत की अवमानना का दोषी, रिज क्षेत्र में वृक्षारोपण का सुप्रीम निर्देश



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने रिज क्षेत्र में सड़क चौड़ी करने के लिए बिना अनुमति पेड़ काटे जाने के मामले में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया। साथ ही, उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि, कोर्ट ने माना कि इसके पीछे कोई दुर्भावना नहीं थी। लेकिन पर्यावरण को पहुंची क्षति की भरपाई के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण का निर्देश दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह फैसला उस अवमानना याचिका पर सुनाया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पेड़ काटने पर पाबंदी के बावजूद दिल्ली के एलजी और आईएएस अधिकारी सुभाषीश पांडा ने क्रमशः डीडीए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के तौर पर इन आदेशों का जानबूझकर पालन नहीं किया। शीर्ष कोर्ट ने 21 जनवरी को अपना आदेश सुरक्षित रखते हुए कहा था कि उसे याचिकाओं में कथित अवमानना की गंभीरता को देखना होगा। कोर्ट ने पेड़ों की कटाई के लिए डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा को अवमानना नोटिस जारी किया था और उपराज्यपाल एवं डीडीए अध्यक्ष वीके सक्सेना को निर्देश दिया था कि फरवरी 2024 में रिज क्षेत्र में लगभग 1,100 पेड़ों को कथित तौर पर अवैध रूप से गिराने के लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत करते हुए व्यक्तिगत हलफनामा दायर करें। कोर्ट ने इस मामले में सुभाशीष पांडा के खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद कर दी। साथ ही डीडीए अध्यक्ष को भी छूट प्रदान की।

### डीडीए अधिकारियों पर लगा जुर्माना

पीठ ने डीडीए अधिकारियों पर जुर्माना लगाता हुए कहा कि मामला गलत प्रशासनिक निर्णय की श्रेणी में आता है, क्योंकि 1996 के एक फैसले के तहत पेड़ों की कटाई से पहले आवश्यक मंजूरी लेना जरूरी था। इन पेड़ों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल तक जाने वाली सड़क को चौड़ा करने के लिए काटा गया था। कटाई कथित तौर पर पिछले साल 16 फरवरी को शुरू हुई थी। इससे पहले दायर एक आवेदन किया गया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 4 मार्च 2024 को डीडीए को 1,051 पेड़ों को काटने की अनुमति देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि संबंधित आवेदन बहुत अस्पष्ट है। शीर्ष अदालत ने डीडीए को रिज क्षेत्र में रहने वाले उन धनी व्यक्तियों पर एकमुश्त शुल्क लगाने को भी कहा, जिन्हें सड़क चौड़ीकरण से लाभ मिला है। कोर्ट ने व्यापक वृक्षारोपण योजना की निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन भी किया और निर्देश दिया कि वह मार्ग के दोनों ओर वृक्षों का घना आवरण सुनिश्चित करे।

### भविष्य में न दोहराई जाए ऐसी चूक

शीर्ष कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अब वनरोपण, सड़क निर्माण, पेड़ों की कटाई या संभावित पारिस्थितिक प्रभाव वाली किसी भी गतिविधि से संबंधित प्रत्येक अधिसूचना या आदेश में इस कोर्ट के समक्ष संबंधित कार्यवाही लंबित होने का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए। यह निर्देश इसलिए दिया जाता है ताकि भविष्य में इस जानकारी के अभाव में ऐसी कोई चूक न दोहराई जाए।

# केंद्र ने इंटर-सेविस संगठन अधिनियम के तहत नियमों को किया अधिसूचित, 2023 में सदन से पास हुआ था बिल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने इंटर-सेविस संगठन अधिनियम (आईएसओ एक्ट) के तहत नए नियमों को अधिसूचित किया है, जिससे सेना के विभिन्न अंगों में एकजुटता और कमांड की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम सेना के संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उठाया गया है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी गजट अधिसूचना 27 मई को जारी की गई थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये नियम इंटर-सेविस संगठन के कमांड, नियंत्रण और अनुशासन को बेहतर बनाने में मदद करेंगे, जिससे सेना के कई अंगों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। इन नियमों के अधिसूचना के बाद, इंटर-सेविस संगठन (कमांड, कंट्रोलऔर डिसिप्लिन) अधिनियम 2023 अब पूर्ण रूप से लागू हो गया है। इससे आईएसओ के प्रमुखों को अधिक अधिकार मिलेंगे, जिससे वे जल्दी से अनुशासनात्मक मामलों का निपटारा कर सकेंगे और प्रक्रियाओं में किसी तरह की दोहराव से बच सकेंगे।

### किस-किस को क्या अधिकार मिलेगा?

वहीं रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया कि इस अधिनियम से कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को यह अधिकार मिलेगा कि वे अपने तहत कार्यरत सेवा कर्मियों पर कमांड और नियंत्रण स्थापित करें, जिससे इन संगठनों में अनुशासन और प्रशासन प्रभावी तरीके से बनाए रखा जा सके। यह बिना किसी भी सेवा की विशेष शर्तों को बदले हुए होगा। इन नए नियमों का उद्देश्य अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में मदद करना है। ये नियम आईएसओ के संचालन के लिए अनुशासन, प्रशासनिक नियंत्रण और ऑपरेशनल सामंजस्य के लिए एक मजबूत ढांचा स्थापित करेंगे।

### 2023 के मानसून सत्र में पास हुआ था बिल

यह बिल 2023 के मानसून सत्र में दोनों सदनों की तरफ से पास किया गया था और राष्ट्रपति की सहमति 15 अगस्त 2023 को प्राप्त हुई थी। यह अधिनियम 10 मई 2024 से प्रभावी हो गया है।

## अमेरिका को परमाणु वार्ता के लिए और समय चाहिए ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा, ईरान पर हमले बंद करें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से ईरान पर हमले रोकने को कहा है, ताकि अमेरिका को ईरान के साथ नए परमाणु समझौते के लिए और समय मिल सके। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा कि मैंने नेतन्याहू से कहा है कि अभी ईरान पर हमले करना अनुचित होगा, क्योंकि हम समाधान के बहुत करीब हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता पर अभी भी कोई निर्णय नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता चल रही है और यह एक अच्छा संकेत है। अमेरिका और ईरान के बीच यूरेनियम संवर्धन पर बातचीत हो रही है और साथ ही इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को कैसे सीमित किया जाए, जिसके बदले में अमेरिका ईरान पर लगाए गए कुछ आर्थिक प्रतिबंधों को कम करने पर विचार करेगा।

## मेघालय में लापता इंदौर के जोड़े की तलाश तेज, पुलिस ने खोजबीन में तैनात किए ड्रोन और स्निफर डॉग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मेघालय पुलिस ने पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा इलाके में लापता हुए इंदौर के दंपति की तलाश के लिए बुधवार को ड्रोन और स्निफर डॉग (खास खोजी कुत्ते) की मदद ली है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन इस जोड़े की खोज में लगातार लगे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, इंदौर के राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम 22 मई को मेघालय के मावलाखियात गांव पहुंचे थे। वहां से उन्होंने एक स्कूटर किराए पर लिया और प्रसिद्ध लिविंग रूट ब्रिज देखने के लिए सोहरा थाना क्षेत्र के नोंग्रियाट गांव की ओर रवाना हुए। दोनों एक रात के लिए एक होमस्टे (स्थानीय आवास) में रुके और अगले दिन वापस मावलाखियात लौटने के लिए निकले। लेकिन 24 मई को उनका स्कूटर शिलांग से सोहरा जाने वाले रास्ते में एक कैफे के पास लावारिस हालत में मिला। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने खोजबीन शुरू की। पुलिस ने कहा कि अब तक दंपति की पुख्ता लोकेशन की पुष्टि नहीं हो पाई है और उनका फोन भी लगातार बंद है।

### अब तक क्या हुआ?

एक वरिष्ठ गृह विभाग अधिकारी ने बताया, आज ड्रोन और विशेष प्रशिक्षित खोजी कुत्तों की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने बताया कि तीन अलग-अलग टीमों को नोंग्रियाट, मावसाहेव और वैसाडोंग इलाकों में सुबह 9 बजे से सूर्यास्त तक तैनात किया गया। इन टीमों ने उन रास्तों पर खोज की जहां से दंपति गुजरे थे। इसके अलावा अब तलाशी अभियान को शिलांग-सोहरा रोड के पास की खाइयों और घाटियों तक बढ़ाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)